kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-23 ❒ शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



हमें शिवाजी के जीवन चरित्र एवं कुशल शासन प्रबंधन से हमें सीखना चाहिए और आत्मसात करना चाहिए, हमें अपने राष्ट्रीय कार्यों को कुशलता पूर्वक करना चाहिए। शिवाजी ने मुगलों को नष्ट किया लेकिन आज भी समाज में कुछ लोग अन्य प्रकार से भारत को तोड़ने का कार्य कर रहे है।

अपर्णा यादव

आईआईटी खड़गपुर में हंबोल्ट फ़ेलोज की हुई बैठक 11

राजगीर भ्रमण पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू पर्यटन विकास का किया अवलोकन 12

## डेटा स्वायत्त, नियम पारदर्शी और

# पारदर्शी और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो एआई : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई एम्पैक्ट शिखरवार्ता में गुरुवार को वैश्विक नेताओं के समक्ष एआई के नैतिक उपयोग को लकेर तीन सुझाव दिए। इसमें डेटा स्वायत्तता, पारदर्शी नियम और मानवीय मूल्य शामिल रहे।

विश्व नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के दौरान पूर्ण सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने शुरुआती वक्तव्य में विश्वास जताया कि यह सम्मेलन वैश्विक एआई इकोसिस्टम के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर इस 'डिसरप्शन' को मानवता के सबसे बड़े अवसर के रूप में बदल देना है। नैतिक उपयोग के समुझों पर उन्होंने कहा कि डाटा के मालिकाना हक को सम्मान मिलना चाहिए। एआई ट्रेनिंग के लिए एक डाटा फ्रेमवर्क बनाना चाहिए। डाटा सुरक्षित संतुलित विश्वसनीय होना चाहिए। इसलिए ग्लोबल ट्रस्टेड डाटा फ्रेमवर्क जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एआई प्लेटफार्म अपने सेफ्टी रूल्स बहुत क्लियर और ट्रांसपेरेंट रखें। हमें ब्लैक बॉक्स के बदले ग्लास बॉक्स अप्रोच चाहिए। जहां सेफ्टी रूल्स देखें और वेरीफाई किए जा सके तब अकाउंटेबिलिटी भी क्लियर होगी और बिजनेस में एथिकल बिहेवियर को भी बूस्ट मिलेगा। एआई रिसर्च में पेपर क्लिप प्रॉब्लम का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई को क्लियर ह्यूमन वैल्यूस और गाइडेंस की जरूरत है। टेक्नोलॉजी पावरफुल है लेकिन डायरेक्शन हमेशा मानव ही तय करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में नैतिक व्यवहार का दायरा बहुत बड़ा है। ऐसे में एआई के लिए हमें एथिकल बिहेवियर और नॉर्म्स का दायरा भी असीमित बनाना होगा। एआई कंपनियों के सामने बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लाभ के साथ-साथ उद्देश्य पर भी ध्यान केनद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए टेक्नोलॉजी पावर का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। 'पावर नहीं एंपावर करना।' एआई की दिशा भी ऐसी होनी चाहिए जैसे पूरी मानवता का कल्याण हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है और भगवान बुद्ध ने कहा था 'राइट एक्शन कम्स फ्रॉम राइट अंडरस्टैंडिंग'। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि हम साथ मिलकर ऐसा रोड मैप बनाएं जिससे एआई का सही प्रभाव दिखे। यह तभी आता है जब हम सही समय पर सही नियत से सही निर्णय लेते हैं। वैश्विक महामारी कोविड का उदाहरण ● शेष पेज 11 पर



### मोदी बोले

❒ एआई प्लेटफार्म अपने सेफ्टी रूल्स बहुत क्लियर और ट्रांसपेरेंट रखें। हमें ब्लैक बॉक्स के बदले ग्लास बॉक्स अप्रोच चाहिए।

❒ भारत के लिए टेक्नोलॉजी पावर का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। 'पावर नहीं एंपावर करना।' एआई की दिशा भी ऐसी होनी चाहिए जैसे पूरी मानवता का कल्याण हो।

### प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य पारदर्शिता, जवाबदेही और मानव-हित पर आधारित होना चाहिए। एआई कुछ देशों या कंपनियों का साधन नहीं बने, बल्कि यह ‎ल्लसर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायङ्क का माध्यम बने। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन पेश करते हुए कहा कि अवसरों के साथ जोखिम भी हैं, इसलिए इसे मानव-केंद्रित और जिम्मेदार तरीके से विकसित करना जरूरी है। इस मौके पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, वैश्विक तकनीकी कंपनियों के प्रमुख और उद्योग जगत के दिग्गज मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान 'नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं' की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य एआई को समावेशी, बहुभाषी और वैश्विक विकास का साधन बनाना है। प्रधानमंत्री ने डीप फ़ेक जैसी चुनौतियों का जिक्र किया और कहा कि जैसे खाने की चीजों पर लेबल लगता है कि उसमें क्या है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी लेबलिंग जरूरी है ताकि लोग सच-झूठ पहचान सकें। इसकी स्पीड और स्केल इतनी बड़ी है कि इसके अच्छे और बुरे दोनों प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सावधानी बरतनी होगी। ● शेष पेज 11 पर

## नाम, लोगो का दुरुपयोग करने वाले एनजीओ पर सख्ती, मानवाधिकार आयोग का राज्यों को नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया है जो आयोग के नाम, लोगो और पदनामों का दुरुपयोग करके जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इस मामले को लेकर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सख्त कार्रवाई तथा दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि कई एनजीओ खुद को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद जैसे नामों से पंजीकृत करवा रहे हैं, जो सुनने में आधिकारिक वैधानिक निकाय जैसा लगता है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ये संगठन अध्यक्ष जैसे पदनामों का उपयोग कर जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं। इन भ्रामक नामों के कारण लोग इन्हें आयोग का हिस्सा या उससे मान्यता प्राप्त समझ लेते हैं। इससे न केवल जनता का विश्वास कम हो रहा है बल्कि धन के गबन और जनादेश के दुरुपयोग की भी आशंका है। आयोग के अनुसार हाल ही में एक मामला सामने आया है जहां ''राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद'' नाम का एक एनजीओ दिल्ली में पंजीकृत पाया गया जबकि वह कर्नाटक में सक्रिय है। इसके प्रचार सामग्री में नीति आयोग और विभिन्न मंत्रालयों से संबद्ध होने के बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को इस एनजीओ के पंजीकरण और गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इन मामलों के मद्देनजर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और डीजीपी को नोटिस जारी करके निर्देश दिया है कि आयोग के नाम या लोगो का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की तत्काल पहचान की जाए। नियमों का उल्लंघन कर प्राप्त किए गए ऐसे पंजीकरण को तुरंत ● शेष पेज 11 पर

## अमित शाह तीन दिवसीय असम प्रवास पर आज रात पहुंचेंगे सिलचर

एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार रात असम के कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर पहुंचेंगे। वह असम का तीन दिवसीय दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब आने वाले कुछ दिनों में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शाह 20 फरवरी को भारत-बांग्लादेश सीमा के साथ बीएसएफ के नौतनपुर सीमा चौकी का दौरा करने से पहले जिला मुख्यालय शहर सिलचर में रात बिताएंगे, इस दौरान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस अग्रिम पोस्ट दौरे के दौरान चुनाव से पहले सीमा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नतुनपुर में, अमित शाह वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम (वीवीपी) लॉन्च करेंगे, जो कि सीमा क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आजीविका सुधारने के लिए एक केंद्रीय पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगार के अवसर पैदा करके और कनेक्टिविटी को अपग्रेड करके दूरदराज़ के गांवों से पलायन को रोकना है। उसी दिन शाम के समय शाह बराक घाटी में एक भाजपा रैली को संबोधित ● शेष पेज 11 पर



### संघ प्रमुख भागवत से मिले यूपी के दोनों उपमुख्यमंत्री

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने गुरूवार को अलग-अलग समय पर यहां निरालानगर में स्थित सरस्वती कुंज पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ?सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत से शिष्टाचार भेंट की। सरसंघचालक ने यहां संघ के प्रचारकों के साथ बैठक भी की। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बुधवार को सरसंघचालक डॉ. भागवत से भेंट की थी।

दरअसल, सरसंघचालक लखनऊ में तीन दिन से प्रवास पर हैं और आज उनके प्रवास का तीसरा व अंतिम दिन है। सरसंघचालक 17 फरवरी को निरालानगर के माधव सभागार में आयोजित कुटुम्ब मिलन के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद 18 फरवरी को उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में सरसंघचालक ने शोधार्थियों के साथ संवाद किया। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी, वैश्विक नेताओं और दुनिया के शीर्ष सीईओ का सामूहिक यादगार चित्र

नई दिल्ली, 19 फ़रवरी (हि.स.)। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में जुटे वैश्विक नेताओं और शीर्ष सीईओ के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने एक यादगार सामूहिक चित्र लिया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल प्रमुख विश्व नेता थेः फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एचएच शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ, हेलेनिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओरपो और एस्टोनिया के राष्ट्रपति एलार कारिस। इसके साथ ही गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सीईओ सैमुअल हैरिस ऑल्टमैन, एंथ्रोपिक के सीईओ और सह-संस्थापक डारियो अमोदेई और अन्य भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत की। विभिन्न देशों के पवेलियन का दौरा किया और एआई के जन-केंद्रित शासन पर जोर दिया।

### समुद्री शक्ति और नीली अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा एआई

नई दिल्ली । पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने यहां के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में समुद्री भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण चर्चा का नेतृत्व किया। हमारे भविष्य के महासागरों के लिए एआईः डेटा, मॉडल और शासन'' विषयक इस उच्चस्तरीय चर्चा सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भारत के समुद्री शासन और नीली अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि एआई का उपयोग केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इनमें समुद्री शासन और आपदा प्रबंधन, नीली अर्थव्यवस्था, डेटा-आधारित निर्णय शामिल है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक डॉ. एम. मोहपात्रा ने कहा कि महासागर अवलोकन और प्रारंभिक चेतावनी

## रामकृष्ण परमहंस को स्वामी कहने पर ममता को आपत्ति

एजेंसी

कोलकाता। चुनाव सर पर हों तो हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जाती है। गुरूवार को स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आदरपूर्वक नमन किया। ठीक वैसे ही जैसे वर्षों से करते आ रहे हैं। पर इस वर्ष उनके नाम के साथ सम्मान पूर्वक स्वामी जोड़ने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ल्लसांस्कृतिक असंवेदनशीलताङ्क है। ममता बनर्जी का कहना है कि युगावतार श्रीरामकृष्ण परमहंसदेव की जन्मतिथि जैसे पावन अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा उनके नाम के साथ ल्लस्वामीङ्क उपसर्ग जोड़ना अनुचित है। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि श्रीरामकृष्ण परमहंस को व्यापक रूप से ल्लठाकुरङ्क के रूप में पूजा और सम्मान दिया जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ ईश्वर है। उनके महाप्रयाण के बाद उनके संन्यासी शिष्यों ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की और भारतीय परंपरा के अनुसार उन्हीं शिष्यों को ल्लस्वामीङ्क कहा गया। ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया कि रामकृष्ण परंपरा की पवित्र त्रयी – ठाकुरऽमांऽस्वामीजी– के रूप में जानी जाती है। इसमें ठाकुर हैं श्रीरामकृष्ण परमहंसदेव, मां हैं मां शारदा और स्वामीजी हैं स्वामी विवेकानंद। उन्होंने कहा कि ल्लस्वामीङ्क उपसर्ग गुरु के लिए नहीं, बल्कि रामकृष्ण संप्रदाय के संन्यासी शिष्यों के लिए प्रयुक्त होता है। उल्लेखनीय है कि रामकृष्ण परमहंसदेव की जन्म जयंती पर आज प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए ट्वीट किया था- स्वामी रामकृष्ण ● शेष पेज 11 पर



### दो दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंची प्रियंका गांधी, मां कामाख्या का लिया आशीर्वाद

गुवाहाटी। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में दो दिवीसय दौरे पर पहुंचीं। उनका मकसद आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को तेज करना है। बोरझार में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद, प्रियंका गांधी पूजा करने के लिए सीधे कामाख्या मंदिर के लिए रवाना हो गयीं। हवाई अड्डे पर असम प्रदेश कांग्रेस पार्टी (एपीसीसी) के अध्यक्ष एवं सांसद गौरव गोगोई समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। मंदिर जाने के बाद, वह स्क्रीनिंग से जुड़ी कई बैठक की अध्यक्षता करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के लिए रवाना हुईं। प्रियंका गांधी असम में एक ऐसी स्क्रीनिंग प्रक्रिया की निगरानी कर रही हैं जिसे पार्टी नेताओं ने 'अपूर्व और संरचित' बताया है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह पहली बार है जब कांग्रेस राज्य में इतनी व्यापक और परामर्शात्मक उम्मीदवार चयन प्रक्रिया कर रही है। ● शेष पेज 11 पर

## पीएम मोदी के मानव-केंद्रित एआई विजन पर आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव-केंद्रित, जिम्मेदार और पारदर्शी एआई विजन को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इस दृष्टि को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ल्लव.इ.ग.इ.ठुङ्क की भावना पर आधारित एआई का विचार न केवल तकनीकी प्रगति, बल्कि नैतिक, समावेशी और जवाबदेह नवाचार का मार्ग प्रशस्त करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में देश की पहली एआई सिटी लखनऊ में विकसित की जा रही है, जो विश्वस्तरीय नवाचार और प्रौद्योगिकी अनुसंधान का केंद्र बनेगी। साथ ही उन्नाव में देश के पहले एआई-समर्थित बहुविषयक विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार मानव संसाधन विकसित करना है। उन्होंने बताया कि 'एआई प्रज्ञा' पहल के माध्यम से दस लाख से अधिक युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल से लैस किया जा रहा है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप सक्षम बन सकें।

अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश में एआई आधारित समाधान एक मिलियन से अधिक कृषक परिवारों की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा और स्मार्ट गवर्नेंस में तकनीक आधारित पारदर्शिता को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे प्रशासन अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और जन-केंद्रित बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश, भारत के सुरक्षित, संप्रभु और स्केलेबल एआई भविष्य के निर्माण में मजबूत और रणनीतिक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का लक्ष्य केवल तकनीकी ● शेष पेज 11 पर



❒ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत मानव-केंद्रित, जिम्मेदार और पारदर्शी एआई विजन का सीएम योगी ने किया स्वागत

❒ सीएम योगी बोले- प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर यूपी में उठाए गए एआई सिटी, एआई-समर्थित विश्वविद्यालय और 'एआई प्रज्ञा' जैसे बड़े कदम

## रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में किया बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मिलन का औपचारिक उद्घाटन

# वैश्विक समुदाय समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए आपस में हाथ मिलाए : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरा

नई दिल्ली । विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा?।? उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें।? समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में ते?जी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। ?रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है?, जो ?इन इलाकों में पैर पसार रही हैं। ?राजनाथ सिंह ने ?जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा रहा है, जिससे मानवीय और आपदा राहत ऑपरेशन ज्यादा बार-बार और मुश्किल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नेवी, चाहे कितनी भी काबिल क्यों न हो, अकेले इन चुनौतियों का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने एक सुरक्षित और? ज्यादा सुरक्षित भविष्य पक्का करने के लिए ?नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में नौ आसियान सदस्य देशों के नौसेना प्रमुखों और? नौसेना प्रतिनिधिमंडल? के साथ बातचीत की। बैठक में भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए ● शेष पेज 11 पर





## कृषि मंत्रालय के सभी कार्यक्रमों की शुरुआत अब पौधरोपण के साथ की जाएगीः शिवराज

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय के सारे कार्यक्रम अब से पौधरोपण के साथ शुरू किए जाएंगे। कृषि विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में पहले पेड़ लगाए जाएंगे और विद्यार्थियों से संकल्प दिलवाया जाएगा कि वे जीवनभर अपने जन्मदिन पर पौधा लगाएंगे। केवीके, एग्रीकल्चर कॉलेज और रिसर्च से जुड़े किसी भी आयोजन में पेड़ लगाना शुरुआती अनिवार्य कदम होगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज गुरुवार को ल्लएक पौधा प्रति दिनङ्क संकल्प के पांच वर्ष पूर्ण होने पर पूसा स्थित एपी शिंदे हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा और पर्यावरणविद् डॉ. अनिल जोशी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, साधना सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अमरकंटक में 19 फरवरी 2021 के दिन नर्मदा तट पर ल्लरूद्राक्षङ्क और ल्लसालङ्क के पौधे रोपकर नर्मदा सेवा यात्रा के समापन पर मध्य प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए, जिसने नदी, जंगल और जलवायु संरक्षण को जनआंदोलन में बदल दिया। इसी क्रम में ल्लअंकुर अभियानङ्क शुरू किया गया, जिसमें नागरिकों को पौधा लगाकर उसकी फोटो/सेल्फी पोर्टल पर अपलोड करने और उसकी रक्षा का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के माध्यम से लगभग 1 करोड़ पौधे लगाए गए। उन्होंने सुझाव दिया कि एक राष्ट्रीय मंच बनाया जाए, जिसका नाम ल्लसंभावनाङ्क या ल्लअंकुरङ्क हो सकता है, जहां नागरिक जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों की वर्षगांठ, किसी प्रियजन की जयंती या पुण्यतिथि पर पौधा लगाने या लगवाने के लिए पंजीकरण कर सकें। महानगरों में रहने वाले लोग तय राशि (जैसे 100ऽ150 रुपये) देकर अपने नाम से पेड़ लगवा सकें, और बदले में उन्हें उस पेड़ की फोटो और स्थान की जानकारी भेजी जाए। उन्होंने कहा कि देश में दानदाताओं की कोई कमी नहीं, कमी केवल काम करने वाले हाथों और व्यवस्थित मंच की है। यदि यह व्यवस्था खड़ी हो जाए तो ल्लएक पौधा प्रति दिनङ्क जैसे संकल्प एक महाअभियान में ● शेष पेज 11 पर

# अनुज्ञा शुल्क जमा न करने वाली विज्ञापन एजेंसियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

❒ नगर निगम ने एजेंसियों से 62 लाख से अधिक की वसूली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। शहर में बिना अनुज्ञा शुल्क जमा किए विज्ञापन पट लगाए जाने के विरुद्ध नगर निगम द्वारा गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेशानुसार की गई।

अभियान का संचालन प्रभारी अधिकारी (प्रचार) विनीत सिंह के निर्देशन में तथा कर अधीक्षक (प्रचार) ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान निरीक्षक एवं सुपरवाइजर भी मौके पर उपस्थित रहे। नगर निगम की टीम ने विभिन्न प्रमुख स्थलों पर बिना अनुमति और अनुज्ञा शुल्क जमा किए लगाए गए विज्ञापन पटों को हटाने की कार्रवाई की। सर्वप्रथम हजरतगंज क्षेत्र में दर्पण एडवरटाइजिंग द्वारा लगाए गए अवैध विज्ञापन पटों को हटाया गया। इसके बाद सप्रू मार्ग पर बेस्ट साल्व कंपनी के विज्ञापनों को हटाया गया। इसी क्रम में रिंग रोड स्थित टेढ़ी पुलिया क्षेत्र से सेठ एडवरटाइजिंग के अवैध होर्डिंग्स को हटाया गया।अभियान आगे बढ़ाते हुए रिंग रोड खुर्रम नगर क्षेत्र में समीर एडवरटाइजिंग एवं रिजल्ट एडवरटाइजिंग द्वारा प्रदर्शित विज्ञापनों को भी हटाया गया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध अनुमति और शुल्क जमा किए किसी भी प्रकार के विज्ञापन पट लगाना नियमों का उल्लंघन है और इसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान के दौरान नगर निगम ने केवल अवैध विज्ञापन हटाने तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रखी, बल्कि संबंधित एजेंसियों से बकाया अनुज्ञा शुल्क की वसूली भी की।

अनुज्ञा शुल्क न जमा करने वाली विभिन्न एजेंसियों से कुल 62,93,254 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी एजेंसी द्वारा बिना अनुमति विज्ञापन पट लगाए जाते पाए गए, तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने सभी विज्ञापन एजेंसियों से अपील की है कि वे नियमानुसार अनुज्ञा शुल्क जमा कर ही विज्ञापन प्रदर्शित करें, जिससे शहर की सौंदर्यता और राजस्व व्यवस्था दोनों सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

# राजधानी को मिला नया चिकित्सकीय प्रशिक्षण केंद्र संयुक्त चिकित्सालय में डीएनबी की पढ़ाई शुरू

❒ विशेषज्ञ चिकित्सकों के प्रशिक्षण का मार्ग हुआ प्रशस्त ◦ डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से हुआ शैक्षणिक समझौताराज प्रताप सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब,लखनऊ। राजधानी के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि बख्शी का तालाब में स्थित राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में अब मेडिसिन विषय में डीएनबी (राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो गया है। जनरल मेडिसिन में तीन सीटें आवंटित की गई हैं।

इस उपलब्धि से अस्पताल को शिक्षण संस्थान के रूप में नई पहचान मिलेगी और क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार डीएनबी पाठ्यक्रम की स्वीकृति मिलना संस्थान की अधोसंरचना, चिकित्सकीय सेवाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता की पुष्टि है। अब यहां प्रशिक्षु चिकित्सकों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में और अधिक मजबूती आएगी।जिन विभागों का संचालन वर्तमान में चिकित्सालय में नहीं हो रहा है, उनका प्रशिक्षण डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कराया जाएगा। इस संबंध में दोनों संस्थानों के बीच औपचारिक समझौता (एमओयू) संपन्न हो चुका है। इससे प्रशिक्षुओं को समग्र और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल सकेगा। डीएनबी पाठ्यक्रम शुरू होने से मरीजों को भी सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ने से परामर्श, जांच और उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा। गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को अन्य बड़े संस्थानों की ओर रुख करने की आवश्यकता कम पड़ेगी।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि पाठ्यक्रम संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं, आधुनिक उपकरण और अनुभवी फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने इसे संस्थान के इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय शिक्षा प्रदान करना है।स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में यह कदम क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक साबित होगा।

## किराये के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में किराये के कमरे में रह रहे एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट से घटनास्थल का निरीक्षण कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम लगभग छह बजे सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित मामा पैराडाइज के पीछे, यशोदा अस्पताल के पास एक हॉस्टल में युवक ने कमरे के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है।मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे को सील करते हुए फील्ड यूनिट की मदद से साक्ष्य संकलित किए। मृतक की पहचान सीतापुर जनपद के दातार भुरकुंडी निवासी अमरेश कुमार वर्मा (25) पुत्र नरेंद्र कुमार के रूप में हुई। वह बीकेटी क्षेत्र में रहकर निजी नौकरी कर रहा था।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, पुलिस अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## पैमाइश बवाल में प्रधान पर बीएनएस 151 की कार्रवाई

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिगोई ग्राम पंचायत में सरकारी तालाब की पैमाइश के दौरान हुए बवाल के बाद पुलिस कार्रवाई ने क्षेत्र की सियासत और ग्राम प्रधानों में हलचल बढ़ा दी है। घटना के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान आदर्श कुमार सिंह उर्फ लवकुश को हिरासत में ले लिया था तथा गुरुवार को उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 151 के तहत शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया। प्रधान को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलते ही थाने पर दर्जनों ग्राम प्रधानों का जमावड़ा लग गया। देर शाम तक प्रधान और उनके समर्थक थाने परिसर में मौजूद रहे। प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए नाराजगी जताई। उल्लेखनीय है कि आदर्श सिंह लवकुश बीकेटी प्रधान संघ के अध्यक्ष भी हैं, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।ज्ञात हो कि बुधवार को राजस्व टीम गाटा संख्या 308 स्थित सरकारी तालाब की पैमाइश के लिए गांव पहुंची थी। इसी दौरान कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि फायरिंग, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हुए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और घायलों को अस्पताल भेजा।प्रधान संघ का कहना है कि जब दोनों पक्षों में मारपीट हुई और दोनों ओर से लोग घायल हुए, तो फिर केवल प्रधान पर ही कार्रवाई क्यों की गई? संघ ने निष्पक्ष जांच और विपक्षी पक्ष पर भी समान कार्रवाई की मांग की है।वहीं पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कार्रवाई की गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना महत्व : डॉ नीरज सिंह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा वरिष्ठ डॉ नेता नीरज सिंह ने भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में सहभागिता की।



बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने के लिए नीरज सिंह गोमतीनगर स्थित छोटी जुगौली बुद्ध मन्दिर पर मतदाता कैम्प शिविर में उपस्थित रहें।भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस पूर्व संध्या पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना महत्व है। भाजपा का लक्ष्य है कि सभी के पहचान पत्र समय रहते बन जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी मतदाता को चुनाव के समय परेशानी का सामना न करना पड़े। पात्र नागरिकों के ज्यादा से ज्यादा फार्म भरवाए गए ताकि वे अपनी लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने मताधिकार के लिए पंजीकरण कराया गया।

## शिवाजी के जीवन चरित्र को आत्मसात करना चाहिए : अपर्णा यादव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ के संस्कृत विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् और प्रो शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर गुरुवार को वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर अपर्णा यादव ने कहा कि हमें शिवाजी के जीवन चरित्र एवं कुशल शासन प्रबंधन से हमें सीखना चाहिए और आत्मसात करना चाहिए, हमें अपने राष्ट्रीय कार्यों को कुशलता पूर्वक करना चाहिए। शिवाजी ने मुगलों को नष्ट किया लेकिन आज भी समाज में कुछ लोग अन्य प्रकार से भारत को तोड़ने का कार्य कर रहे है। इनसे हमें वैचारिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से लड़ना होगा तभी हमारी जय होगी और हम विश्व गुरु बन पायेगें।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम का अभियान

❒ नगर निगम ने वसूले16,600 रुपये जुर्माना वसूला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम द्वारा विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, गंदगी फैलाने तथा बिना लाइसेंस तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और नियमों के अनुरूप व्यवस्थित बनाना रहा।जोन-03 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री मनोज यादव के नेतृत्व में छुईयापुरवा चौराहा से चार नम्बर चौराहा तक व्यापक अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान अस्थायी अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ पॉलीथीन के उपयोग पर रोक, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा तम्बाकू विक्रेताओं को लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूक किया गया।कार्रवाई के दौरान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कुल 10 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 7,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 10 चालानों के जरिए 9,000 रुपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त बाजार क्षेत्र में बिना लाइसेंस तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा 3 दुकानों के विरुद्ध 600 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया।इस प्रकार कुल 23 चालानों के माध्यम से 16,600 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार गौतम, श्री पुष्कर सिंह पटेल, प्रवर्तन दल-296 के कार्मिकों तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

# ट्रैक्टर से गिरकर बुजुर्ग मजदूर की मौत, चालक पर मुकदमा दर्ज

❒ किसान पथ के अस्तल मोड़ के पास हादसा, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के ग्राम रैथा में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय मजदूर की ट्रैक्टर के पहिये के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम रैथा निवासी शिवकुमार गौतम (60) गुरुवार सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर चालक अनूप उर्फ झम्मा के साथ मजदूरी करने के लिए किसान पथ के किनारे अस्तल मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से शिवकुमार ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़े और ट्रैक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों से बातचीत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के लड़के संदीप की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर व ट्रॉली को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।ग्रामीणों के अनुसार शिवकुमार मेहनतकश व्यक्ति थे और परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करते थे। अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

## प्रेक्षागृह का मामला विधानसभा में प्रमुखता से उठा

# सार्वजनिक संपत्ति पर जनता का अधिकार सुनिश्चित हो: कैफ़ी आज़मी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में निर्मित कैफ़ी आज़मी प्रेक्षागृह से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा में नियम-51 के अंतर्गत पूरे दस्तावेज़ी तथ्यों के साथ प्रमुखता से उठाया गया।

विधायक द्वारा प्रस्तुत जनहित से जुड़े इस गंभीर विषय पर विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने संज्ञान लेते हुए इसे सदन की कार्यवाही में विधिवत शामिल कराया तथा नियम-51 के अंतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। विधायक ने स्पष्ट किया कि यह विषय केवल एक भवन तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति के उपयोग, पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही तथा स्थानीय नागरिकों के अधिकार से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। विधानसभा में प्रस्तुत अभिलेखीय तथ्यों के अनुसार वर्ष 2003 से पूर्व उक्त लगभग 4500 वर्गमीटर भूमि पर नगर निगम लखनऊ का प्राथमिक विद्यालय, जिसे स्थानीय स्तर पर ‟पीला स्कूल" कहा जाता था, संचालित होता था। दिनांक 28 मई 2004 को नगर निगम की कार्यकारिणी समिति की बैठक (मद संख्या-46) में प्रस्ताव पारित कर उक्त भूमि कैफ़ी आज़मी अकादमी को हस्तांतरित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 2007 में भवन निर्माण पूर्ण हुआ तथा दिनांक 30 मार्च 2007 के अनुबंध के अनुसार परिसर का उपयोग सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए किया जाना निर्धारित किया गया। तथापि भूमि का मूल स्वामित्व नगर निगम, लखनऊ के पास ही दर्ज है। विधायक श्रीवास्तव ने सदन में प्रश्न उठाया कि जब भूमि नगर निगम की है तो स्वामित्व एवं प्रशासनिक नियंत्रण की वर्तमान स्थिति क्या है और किन प्रावधानों के अंतर्गत इसका संचालन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी पूछा कि स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों को समान रूप से उपयोग की सुविधा क्यों उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विधायक ने कहा कि यदि प्राथमिक विद्यालय यथावत संचालित रहता तो जहां क्षेत्रीय बच्चों को शिक्षा सुविधा मिलती, वहीं नगर निगम को राजस्व भी प्राप्त होता, किंतु वर्तमान में नगर निगम को इस भवन पर व्यय करना पड़ रहा है। उन्होंने संचालन व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक ने मांग की कि प्रेक्षागृह की संचालन व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए, स्थानीय पार्षद एवं क्षेत्रीय विधायक को प्रबंधन में सम्मिलित किया जाए तथा आवश्यकता होने पर प्रेक्षागृह का संचालन नगर निगम को सौंपकर इसे व्यापक जनहित में संचालित किया जाए, ताकि यह सार्वजनिक संपत्ति सभी नागरिकों के लिए समान रूप से उपलब्ध हो सके।

इस विषय को दिनांक 13 फरवरी 2026 को नियम-51 के अंतर्गत स्वीकार किया गया तथा 18 फरवरी 2026 को सदन में वक्तव्य हेतु निर्धारित किया गया। विधायक ने कहा कि ‟जनता की संपत्ति पर जनता का अधिकार सर्वोपरि है तथा सार्वजनिक संसाधनों का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता, समान अवसर और जनहित की भावना से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लखनऊ पूर्वी की जनता की यह मांग अब विधानसभा के पटल पर विधिवत दर्ज हो चुकी है तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

## पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में 25 शिकायतों की जनसुनवाई, कई मामले निस्तारित

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने गुरुवार को इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 25 शिकायतों एवं पत्रावलियों पर जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण किया। सुनवाई के दौरान कई मामलों में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए तथा कुछ प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई।लखनऊ निवासी रामआसरे सिंह के मामले में उपनिदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन पद पर चयन के बावजूद कार्यभार न दिलाए जाने की शिकायत पर आयोग ने संज्ञान लिया। निदेशक कौशल विकास मिशन की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिकारी को कार्यभार ग्रहण कराए जाने के बाद आयोग को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।आजमगढ़ निवासी सोहित यादव के मामले में उपजिलाधिकारी ने अवगत कराया कि भूमि सीमांकन कर पत्थरगड़ी कराते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। सहारनपुर के राजीव सैनी के मामले में विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास न किए जाने पर सुनवाई हुई, जिसमें पैरामाउंट हाउसिंग सोसाइटी के निदेशक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

# नगर निगम का सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान

❒ टीम ने शहर के कई क्षेत्रों से अवैध कब्जे हटाए गए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रहे यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने गुरुवार को व्यापक और बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों, नालों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना रहा।

### जोन-5 में चारबाग से नथ्था चौराहे तक कार्रवाई

नगर निगम जोन-05 क्षेत्र के अंतर्गत चारबाग के.के.सी. से नथ्था चौराहे तक अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाए गए अस्थायी अवैध ठेले, ठेलिया, खुमचे, गुमटी और काउंटर हटाए गए। कार्रवाई में कुल 08 ठेले, 03 गुमटी और 04 काउंटर हटाए गए, जबकि 01 ठेला जब्त किया गया। सभी अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

अभियान के दौरान स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। गंदगी फैलाने और पॉलीथीन के उपयोग के विरुद्ध 1300 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन-05 विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। उनके साथ कर अधीक्षक श्री सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक पियूष तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल (296) एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

### जोन-7 में नालों और सड़कों के किनारे से हटाया अतिक्रमण

जोन-7 में भी व्यापक कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में मटियारी तिराहे से शिवपुरी पावर हाउस तक, टेल्को से अप्ट्रान तक तथा अंबेडकर चौराहे से सेक्टर-11 मोड़ तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नाली, नाले और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान 2 लकड़ी की मेज, 2 तख्त, 10 कैरेट, 5 तराजू जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त 3 काउंटर, 2 ठेले, 2 ठेलिया और 3 गुमटी हटाई गईं। यह अभियान कर अधीक्षक श्री विनय मौर्या, ईटीएफ टीम और 296 टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### जोन-8 में भी चला वृहद अभियान

इसी क्रम में जोन-08 क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण, होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में बेहसा मोड़ से कानपुर रोड होते हुए किसान पथ तक अवैध रूप से लगाए गए ठेले और खोपचे हटाए गए। कार्रवाई के दौरान 04 प्लास्टिक कुर्सी, 02 प्लास्टिक स्टूल, 02 लोहे के स्टूल, 01 छतरी वाला ठेला, 01 तख्त और 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया गया। संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

# बिजली कर्मचारी बनकर पहुंचे युवक मीटर बदलकर हजारों की वसूली

❒ ग्रामीणों को हुई शंका तो कई घंटे हंगामा, 16 अज्ञात के खिलाफ तहरीर; जांच में जुटी पुलिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**बख्शी का तालाब,लखनऊ।** इटौंजा थाना क्षेत्र के लौधौली गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब करीब एक दर्जन युवक खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर गांव में पहुंच गए और घरों में लगे पुराने बिजली मीटर हटाकर नए मीटर लगाने लगे। आरोप है कि आरोपितों ने मीटर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से हजारों रुपये की वसूली भी कर ली।ग्रामीणों के अनुसार सुबह करीब 10 बजे 10-12 युवक गांव में पहुंचे और अलग-अलग घरों में जाकर पुराने मीटर उतारने लगे। जब घर मालिकों ने इसका कारण पूछा तो उन्होंने स्वयं को विभागीय कर्मचारी बताते हुए मीटर बदलने की बात कही और इसके एवज में रुपये की मांग की। कई घरों से कथित रूप से हजारों रुपये वसूल किए गए।गांव निवासी अवशेष सिंह, नितिन मिश्रा, राजकुमार, छोटू सिंह, चंद्रशेखर सहित अन्य लोगों ने बताया कि करीब 25 घरों में मीटर बदले गए। जिन घरों में मीटर बदले गए उनमें राकेश, गोलू, राजकुमार, गोविंद, लल्लन, बसंतू, अमित, गौरव, गया और शाहिद समेत अन्य शामिल हैं।ग्रामीणों को जब संदेह हुआ तो उन्होंने इटौंजा बिजली विभाग में तैनात अवर अभियंता अजय कुमार को फोन कर जानकारी ली। बताया गया कि विभाग की ओर से किसी भी टीम को मीटर बदलने के लिए नहीं भेजा गया है। यह जानकारी मिलते ही ग्रामीण भड़क उठे और आरोपितों को पकड़ लिया। इस दौरान कहासुनी के बाद मारपीट भी हुई।सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस आरोपितों को थाने ले आई। मोहित नामक युवक ने बताया कि मड़ियाव न्यू कैंपस के आलोक रंजन, रियाज अहमद, मुस्ताक अहमद, अमन मिश्रा, अमित द्विवेदी, गौतम श्रीवास्तव व अन्य लोग मीटर लगाने आए थे और घरों में मौजूद महिलाओं व पुरुषों से रुपये की वसूली कर रहे थे।ग्रामीणों ने 16 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। इटौंजा थाना के अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उपजिलाधिकारी के विरुद्ध बार एसोसिएशन का प्रस्ताव, तीन दिन न्यायिक कार्य बहिष्कार का निर्णय

❒ बैठक में बार के वरिष्ठ सदस्य एवं अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) बिसवां के विरुद्ध दिए गए प्रार्थनापत्र पर विस्तृत चर्चा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। बिसवां बार एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बार के वरिष्ठ सदस्य एवं अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) बिसवां के विरुद्ध दिए गए प्रार्थनापत्र पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में चर्चा के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी बिसवा शिखा शुक्ला द्वारा न्यायालय में नियम विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाद/अपील चन्द्र प्रकाश आदि बनाम अंशुल श्रीवास्तव आदि में उत्तरदाता के अधिवक्ता दिनेश कुमार श्रीवास्तव के अपील में अपने वादकारी की तरफ से हाजिर होने के बावजूद उनका पक्ष सुने बिना ही 28.02.2026 की निर्धारित तिथि से पूर्व आदेश पारित कर दिया गया। इसके पश्चात 17.02.2026 को संशोधित आदेश भी जारी किया गया,जिसे अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी बताया।मामले को गंभीर मानते हुए बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर 19 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि इस अवधि में उपजिलाधिकारी द्वारा न्यायिक कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया तो अधिवक्तागण 23 फरवरी 2026 से अनशन पर बैठेंगे और आगामी रणनीति तय होने तक न्यायालय का बहिष्कार जारी रहेगा।बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और सभी ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

## प्रेमी संग मिलकर महिला ने कराई पति की हत्या, गिरफ्तार

नोएडा । थाना दादरी पुलिस में अपने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या करवाने वाली महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल, मोटरसाइकिल, देशी तमंचा आदि बरामद किया है।अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय सुधीर कुमार ने गुरुवार को बताया कि दादरी के कठैहरा रोड पर के पास तीन दिन पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक का नाम गोविंद रावल निवासी ग्राम थोड़ी बछेड़ा है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने इस घटना का अनावरण करते हुए बृहस्पतिवार को पुलिस मुठभेड़ के दौरान रोहित राहुल पुत्र शैलेंद्र, नफीस पुत्र रफीक को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली नफीस के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि उनके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल, अवैध तमंचा आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि इस हत्याकांड में धर्मेंद्र रावल पुत्र सुरेंद्र रावल व प्रीति देवी पत्नी गोविंद रावल भी शामिल हैं।पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया।

# खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएम योगी से की मुलाकात

❒ विकास कार्यों के प्रस्तावों को जल्द मंजूरी का आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता, व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कल शाम 5 कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की।मुख्यमंत्री को खैराबाद नगर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इनमें अमृत सरोवर सौंदर्यीकरण,अटल पार्क, गौरी देवी मंदिर में वंदन योजना के तहत कार्य और शहर की सफाई व्यवस्था शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों और बड़ी परियोजनाओं के प्रस्तावों को शासन द्वारा प्राथमिकता से स्वीकृति दी जाएगी।मुलाकात के दौरान बेबी गुप्ता के साथ उनकी पुत्री अवंशिका भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री ने अवंशिका से बात की बच्ची ने मुख्यमंत्री जी को गुलाब का फूल भी भेंट किया। अध्यक्ष प्रतिनिधिअभिषेक गुप्ता ने बताया खैराबाद में बस अड्डा निर्माण, खैराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आधुनिकीकरण ,भुईंया ताली तीर्थ पर्यटन स्थल, खैराबाद नगर के चारो दिशाओं में चार देवियो के प्राचीन मंदिर बने है - शीतला देवी,भुईंया ताली,गौरी देवी,पूर्वी देवी मंदिरों के आवागमन हेतु सुगम रास्ता, प्रकाश ब्यवस्था व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट,अन्त्येष्टि स्थल,नगर में एक स्टेडियम के निर्माण की मांग रखी।मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने खैराबाद के विकास के लिए आश्वासन दिया।

# रोजा पुलिस के हत्थे चढ़े दो मादक पदार्थ तस्कर, 900 ग्राम अफीम बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना रौजा पुलिस टीम ने अलग- अलग स्थानों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 900 ग्राम अफीम बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखिबर की सूचना पर परी नमकीन फैक्ट्री से आगे बरनई गांव की पुलिया के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 480 ग्राम अफीम बरामद की। पकड़ा गया तस्कर थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला नौसारा का रहने वाला नीरज पुत्र रमेश है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वो यह अफीम अपने भाई जनकर से लेकर आया है। उसका भाई झारखण्ड से अफीम लाता है और दोनो भाई रास्ते में पंजाब सहित अन्य राज्यों से आने-जाने वाले ड्राइवरों को अच्छे दाम में बेच देते हैं। बताया कि इसी से वो लोग अपने घर का खर्चा चलाते हैं। इसी तरह पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर रेलवे ग्राउण्ड स्लीपर के पास एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 415 ग्राम अफीम बरामद की। पकड़ा गया अभियुक्त थाना जलालाबाद के करदौला का रहने वाला उदयवीर उर्फ बब्लू पुत्र छविनाथ है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त उदयवीर ने बताया कि उसने यह अफीम झारखण्ड से आने वाले व्यक्तियों से खरीदी थी, जिनका उसे नाम, पता नहीं मालूम है। वो अफीम हाइवे पर पंजाब के चालकों बेचता है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक शिवम अग्रवाल और सौरभ शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## नोएडा : अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

नोएडा। नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई।थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि राकेश कुमार पांडे ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता नोएडा एक्सप्रेसवे के पास से गुजर रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हैं उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए फ़ेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान बीती रात को उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना फ़ेस-दो के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात को लक्ष्मण गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेरा भाई सोनेलाल गुप्ता अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। वह रैपिडो में काम करता था। पीड़ित के अनुसार नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर 93 कट के पास है अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# डीएम ने किसानों की सुनी समस्याएं,अधिकारियों को दिये शीघ्र निस्तारण के निर्देश




❒ डीएम के समक्ष किसानों द्वारा मांग की गई कि उनको कार्बन क्रेडिट के रूप में प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में बताया जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में हुआ। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में उपस्थित किसानों द्वारा मांग की गई कि उनको कार्बन क्रेडिट के रूप में प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में बताया जाए। वहीं, उपस्थित वन विभाग के उप क्षेत्रीय अधिकारी अजय सिंह राना ने बताया कि जिन किसानों के खेत में यूकेलिप्टस व पॉपलर के पेड़ लगे हैं तथा उनका अंकित खतौनी में है। वो अपना प्रार्थना-पत्र संबंधित वन विभाग के कार्यालय में देकर अपना ऑनलाइन सर्वे व अपने बैंक खाते की डिटेल चढ़वा लें। जिसके बाद भारत सरकार द्वारा समय-समय पर कार्बन क्रेडिट की धनराशि उनके बैंक खाते में भेजी जाती रहेगी। डीएम ने निर्देशित किया कि वन विभाग अपने क्षेत्रीय अधिकारियों व कार्मिकों को कार्बन क्रेडिट के लिए किसान पंजीकरण के लक्ष्य निर्धारित कर लें, जिसका प्रत्येक माह अनुश्रवण किया जाए। बैठक में बिजली विभाग, चकरोड की मरम्मत, रोड किनारे पेड़ लगाने, पेड़ों को काटने आदि की 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि, सहकारिता, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, मनरेगा, खाद्य विपणन, नेडा आदि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# डीएम की सख्ती का असर: परिषदीय विद्यालयों में अभिभावकों से सीधा संवाद

❒ खंड विकास अधिकारियों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में डीएम ने साफ कहा कि फॉर्मर आईडी अभियान में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को बड़ा कदम उठाया। उनके निर्देश पर जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) आयोजित की गई, जिसमें बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया।

सुबह खंड विकास अधिकारियों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में डीएम ने साफ कहा कि फॉर्मर आईडी अभियान में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार केवल कागजी आंकड़ों से नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत से दिखना चाहिए।निर्देश मिलते ही अधिकारी और बीडीओ फील्ड में उतर गए। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था और पढ़ाई के स्तर की जांच की गई। पीटीएम के दौरान अभिभावकों से सीधा संवाद कर फीडबैक लिया गया और बच्चों की प्रगति पर चर्चा हुई।बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति वाले 10 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रेरणा का उदाहरण बताया गया। वहीं कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर नियमित स्कूल भेजने का संकल्प दिलाया गया।दिनभर चली इस मॉनिटरिंग से साफ संकेत मिला कि अब शिक्षा और सरकारी अभियानों की समीक्षा सीधे फील्ड में होगी। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि गुणवत्ता और नियमित उपस्थिति ही बेहतर भविष्य की कुंजी है।

# डीएम ने सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र के साथ लोहारो वाले चौराहे से विश्वकर्मा चैक तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात कार्य कराया जाए, ताकि कार्य जल्द पूर्ण हो सके और आमजन को आवागमन में होने वाली असुविधा से राहत मिल सके। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि रोड से शेष बचे अवैध अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर जल्द हटाया जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने नाला निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त ढंग से कराए जाने का निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखी जाए। ताकि आमजन का आवागमन सामान्य रूप से प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नाले का निर्माण कार्य एक ओर से लगभग पूर्णता की ओर है। होली पर्व के बाद मार्ग के दूसरी ओर नाले का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा, जिसके बाद सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

## बनगांव में एसएसबी का पशु चिकित्सा शिविर,137 पशुओं की हुई नि:शुल्क जांच



**पलिया खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसहभागिता और सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल की 39वीं वाहिनी द्वारा वाइब्रेंट गांव बनगांव में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीमा चौकी गौरीफंटा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आयोजित हुआ, जो नेपाल सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में रहने वाले पशुपालकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हुआ।कार्यक्रम का आयोजन वाहिनी के कमांडेंट श्री रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में किया गया। शिविर की अध्यक्षता कमांडेंट (पशु चिकित्सक) डॉ. शालिनी परिहार ने की। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती गांवों में पशुपालन आजीविका का प्रमुख साधन है, ऐसे में पशुओं का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है।शिविर के दौरान कुल 28 पशुपालकों के 137 पशुओं की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें गाय, भैंस, बकरी सहित अन्य दुधारू एवं पालतू पशु शामिल रहे। चिकित्सक दल द्वारा पशुओं की शारीरिक जांच, सामान्य एवं संक्रामक रोगों की पहचान, आवश्यक दवाओं का वितरण तथा टीकाकरण किया गया। साथ ही पशुपालकों को पशुओं के संतुलित आहार, साफ-सफाई, समय पर टीकाकरण और रोगों की प्रारंभिक पहचान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।डॉ. शालिनी परिहार एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि छोटे-छोटे लक्षणों की अनदेखी से गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पशुपालकों ने एसएसबी द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से उन्हें बड़ी राहत मिलती है, क्योंकि यहां पशु चिकित्सालयों की पहुंच सीमित है।उल्लेखनीय है कि एसएसबी की 39वीं वाहिनी न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रही है, बल्कि समय-समय पर चिकित्सा शिविर, स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम और अन्य सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सीमावर्ती गांवों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## चोरी की 02 मोटर साइकिल समेत एक गिरफ्तार



**शाहजहांपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सिंधौली पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की 02 मोटरसाईकिल बरामद की।बीती रात थाना सिंधौली पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को ग्राम मुडिया पमार रोड से ग्राम महाऊ महेश को जाने वाले तिराहे पर एक मोटरसाइकिल आती दिखायी दी। पुलिस टीम को देखकर मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर चालक भागने लगा। जिसको पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर बाइक सवार ने अपना नाम सोवरन पुत्र गिरिश चन्द्र निवासी ग्राम मुडिया मिश्र थाना सिंधौली बताया। पुलिस ने भागने का कारण पूछा, तो उसने बताया कि जो बाइक उसके पास है, वो बाइक उसने 14 फरवरी 2026 को घटिया घाट गंगा मेले से चोरी की है और आज इसे चोरी छिपे बेचने जा रहा था। इसलिए पकडे जाने के डर से भाग रहा था। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसने एक बाइक दिल्ली से चोरी की थी, जोकि उसने कुछ दूरी पर रोड किनारे झाड़ी में छिपा रखा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की दूसरी बाइक बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त सोवरन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना सिंधौली के उपनिरीक्षक निमेश कुमार के साथ हेड का. होशियार सिंह, कं. लोकेन्द्र कुमार और सुनील कर्दम मौजूद रहे।

## अभाविप ने अवैध कोचिंग संस्थानों को लेकर की जमकर नारेबाजी

**उरई, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मच्छर चौराहा स्थित रोड जाम करते हुए गुरुवार को शहर में संचालित हो रही अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिले में संचालित हो रही लगभग 90% कोचिंग संस्थान मानक विहीन हैं और बिना किसी रजिस्ट्रेशन के चल रहीं हैं। जिनके पास उन्हें चलाने के लिए उचित कागज तक नहीं हैं। परिषद के कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि कई सरकारी शिक्षक कोचिंग संस्थान संचालित कर रहे हैं जो नियम के विरुद्ध है और छोटे-छोटे कमरों में विद्यार्थियों को एक साथ बैठाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थियों के जान माल को भी खतरा हो सकता है।मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट एवं सी ओ सिटी के द्वारा कार्यकर्ताओं को समझा बुझा कर प्रदर्शन खत्म कराया एवं जल्दी जांच समिति बनाकर कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के प्रांत राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक चित्रांशु सिंह, उरई विभाग के विभाग संयोजक अभय दुबे, जिला संयोजक सहयोग नामदेव, नगर मंत्री अमन पांडा, सूर्यांश राजावत, ओम ठाकुर मनु तिवारी, अनुज द्विवेदी के साथ कई विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# धौरहरा ब्लॉक में मनरेगा कार्यों की पड़ताल तकनीकी बैठक में दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




धौरहरा खीरी। मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता का आकलन करने के उद्देश्य से स्टेट क्वालिटी मॉनिटर ओम प्रकाश चौबे ने विकासखंड धौरहरा का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की गई।सबसे पहले टीम ने ग्राम पंचायत सरसवा में निर्मित हाट बाजार स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री, समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था तथा संपूर्ण ढांचे का बारीकी से परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया।इसके बाद टीम ग्राम पंचायत हरदी पहुंची, जहां आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण वाटिका एवं बाल वाटिका का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य की विशेष रूप से सराहना करते हुए मॉनिटर ने इसे उत्कृष्ट और सुव्यवस्थित बताया। पोषण वाटिका में लगाए गए पौधों, स्वच्छ वातावरण और बच्चों के अनुकूल व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की गई।निरीक्षण के दौरान कार्यों से संबंधित अभिलेखों और पत्रावलियों की भी जांच की गई। तत्पश्चात विकासखंड कार्यालय में तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में टेंडर प्रक्रिया, कोटेशन, माप पुस्तिका (एमबी) में दर्ज प्रविष्टियों तथा कार्यों के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।स्टेट क्वालिटी मॉनिटर ने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रही तो क्षेत्र में विकास कार्यों का स्तर और सुदृढ़ होगा।

# डॉ. ख्याति गर्ग की पहल: यक्ष ऐप से बीट स्तर पर सख्त निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में आधुनिक तकनीक के जरिए अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने ष्यक्ष ऐपष्ट के प्रभावी संचालन पर जोर दिया है। उनके निर्देश पर पर्यवेक्षण अधिकारियों को ऐप का एक्सेस दिया जा रहा है, ताकि बीट स्तर पर की जा रही प्रविष्टियों और सूचनाओं की सीधे निगरानी की जा सके। साथ ही बीट कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराधियों के सत्यापन की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस विभाग द्वारा विकसित इस डिजिटल एप्लिकेशन के माध्यम से क्षेत्रीय गतिविधियों, हिस्ट्रीशीटरों, गैंगों और अपराध संबंधी जानकारियों का ऑनलाइन संकलन एवं अभिलेखीकरण किया जा रहा है। अब तक जनपद में 27 निरीक्षक, 237 उप-निरीक्षक, 33 कंप्यूटर ऑपरेटर, 1194 मुख्य आरक्षी/आरक्षी तथा डीसीआरबी प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे ऐप का संचालन प्रभावी रूप से हो सके।जनपद के सभी हिस्ट्रीशीटरों और पंजीकृत गैंगों की शत-प्रतिशत फीडिंग ऐप में की जा चुकी है। गैंग लीडर और सदस्यों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सभी अपराधियों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी 4540 गांवों और मोहल्लों की ऑनलाइन जियो टैगिंग भी पूरी कर ली गई है, जिससे प्रत्येक बीट क्षेत्र का डिजिटल मानचित्र तैयार हो गया है।पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया है कि ऐप में की जाने वाली सभी प्रविष्टियां समय पर और सटीक रूप से अद्यतन रखी जाएं। ऐप से प्राप्त सूचनाओं का नियमित विश्लेषण कर अपराध नियंत्रण, बीट-स्तरीय पुलिसिंग और जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने कहा कि सोमवार से रविवार तक आयुष्मान की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए उन्होंने कहा कि आशा आंगनबाड़ी एवं पंचायत सहायकों को लगाकर आयुष्मान कार्ड की प्रगति में बढ़ोतरी की जाए।

जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी की स्थिति पर विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव का डेटा एएनएम वार निकाला जाए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना पर कार्य करें तथा सीएचओ तथा एएनएम को प्रेरित करें। आभा आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डिलीवरी प्वाइंट को बढाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एनटीईपी,ई संजीवनी कोल्ड चेन, पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा की आशाओं को किट वितरण की जाए जिससे वह अपना काम समय से कर सकें आईसीडीएस की प्रगति खराब होने को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा जिन सीडीपीओ की प्रगति खराब पाई गई उनको कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। गुमसानी एवं मछरिया के पीएचसी को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि अगली बैठक में पीएचसी निर्माण एजेंसी को बुलाया जाए और उन्होंने कहा कि पीएचसी का परीक्षण लोक निर्माण विभाग से कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन आशाओं की प्रगति खराब है उनके खिलाफ कार्रवाई संज्ञान लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन एएनएम एवं सीएचओ की प्रगति खराब है उन्हें स्पष्टीकरण जारी किया जाए एवं 7 दिन बाद स्पष्टीकरण सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की एएनएम असमोली ग्राम रतुपुरा की प्रगति खराब है उसे निकालने के करवाई सुनिश्चित की जाए विकासखंड जुनावई के ग्राम गणेशपुर होलिकाबाद से आशा की प्रगति खराब होने पर आशा को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वीएचएसएनडी सत्र को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज बिश्नोई ने शत प्रतिशत टीकाकरण कराने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेंद्र सैनी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई, समस्त एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किन्नरों की आपसी रंजिश में महिला की अश्लील फोटो वायरल, मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ पीड़ित परिवार बुधवार को एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है

बदायूं। जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र में किन्नरों की आपसी रंजिश के चलते एक महिला की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार बुधवार को एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

उझानी के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मजदूरी कर अपनी पत्नी और तीन बच्चों का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार उसकी पत्नी का भाई बचपन से किन्नर था और लगभग 12 वर्ष पूर्व किन्नरों के एक समूह में शामिल हो गया था। गुरु द्वारा नाम दिए जाने के बाद वह उझानी, बिल्सी, मुजरिया और कछला क्षेत्र में बधाई मांगने का कार्य करता है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुंवरगांव क्षेत्र का एक किन्नर उसके साले से रंजिश रखता है। इसी रंजिश के चलते 15 फरवरी को उसकी पत्नी की फोटो सोशल मीडिया से लेकर अश्लील रूप में एडिट कर फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी गईं। इतना ही नहीं, एक आपत्तिजनक ऑडियो क्लिप भी प्रसारित की गई, इसमें उसके साले को जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित का कहना है कि इस कृत्य से उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा है और मानसिक उत्पीड़न की स्थिति बन गई है। उसने आरोप लगाया कि आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए उकसाने जैसी बातें भी कही जा रही हैं। बताया गया कि 16 फरवरी को मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। सीओ उझानी देवेंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमद् भागवत भव्य कलश शोभायात्रा का हुआ शुभारंभ, भक्तों ने की पूजा अर्चना

बदायूं। कस्बा सहसवान के मोहल्ला बजरिया में बांके बिहारी मंदिर पर भागवत कथा प्रारंभ होने से पहले मंदिर प्रांगण से प्रारंभ की गई कलश शोभा यात्रा मोहल्ला बजरिया से प्रारंभ होकर तहसील रोड, कचहरी, बाजार विल्सन गंज, रोडवेज बस स्टैंड, कोतवाली, नवादा होते हुए नयागंज बीच-बीच में मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। उसके बाद पठान टोला होते हुए कलश यात्रा बांके बिहारी मंदिर बजरिया में पहुंची बता दें 19 फरवरी से 26 तक आचार्य बलराम कृष्ण वृंदावन द्वारा भागवत कथा करेंगे। 26फरवरी को भंडारा होगा। इस मौके पर सर्वेश महेश्वरी, मधु महेश्वरी, साधना महेश्वरी, नीतू महेश्वरी, अधीर सक्सेना, महेश चंद्र महेश्वरी, पलकी महेश्वरी, आदर्श सक्सेना, सुभाष महेश्वरी, नितिन माहेश्वरी, धीरज सक्सेना, मुकुल महेश्वरी, उमेश महेश्वरी, कल्लू सेठ, सौरभ सक्सेना, महेश महेश्वरी सहित सैकड़ो के तादाद में भक्तगण मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, 4 नमूने जांच को भेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायू। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय सी0एल0 यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह के निर्देशन/नेतृत्व में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में गुरुवार को को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 04खाद्य पदार्थो के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

इस दौरान गोपी चैक बदायूँ स्थित पारूल रस्तोगी के प्रतिष्ठान से एक रिफाइन्ड सोयाबीन तेल का नमूना संग्रहित किया गया, शेष लभभग 74 लीटर (अनुमानित मूल्य 10,500/-) रिफाइन्ड सोयाबीन तेल सीज किया गया एवं प्रतिष्ठान में साफ-सफाई सन्तोषजनक न पाये जाने पर इम्प्रूवमेन्ट नोटिस जारी की जा रही है। अनाज मण्डी बदायूँ स्थित हर्षित साहू के प्रतिष्ठान से एक गुड़ का नमूना संग्रहित किया गया एवं प्रतिष्ठान में साफ-सफाई सन्तोषजनक न पाये जाने पर इम्प्रूवमेन्ट नोटिस जारी की जा रही है। सैफुल्लागंज सहसवान स्थित धर्मपाल के प्रतिष्ठान से एक छेना मिठाई का नमूना संग्रहित किया गया, शेष लभभग 45 कि0ग्रा0 छेना मिठाई (अनुमानित मूल्य 5000/-) जो मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न पाये जाने पर नियमानुसार नष्ट कराया गया एवं प्रतिष्ठान में साफ-सफाई सन्तोषजनक न पाये जाने पर इम्प्रूवमेन्ट नोटिस जारी की जा रही है। नथुलागंज सहसवान स्थित असरार अहमद के प्रतिष्ठान से एक लड्डू का नमूना संग्रहित किया गया। इन संग्रहित किए गए कुल 04 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगवत सिंह, प्रिया त्रिपाठी खुशीराम एवं करन सिंह मौजूद रहे।

## इंटर की नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

बदायूँ। बिसौली क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट नागरिक शस्त्र की परीक्षा नकलविहीन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा के अनुसार पंजीकृत 134 परीक्षार्थियों में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जोनल मजिस्ट्रेट वन क्षेत्राधिकारी विल्सी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और परिक्षाकेन्द्र कि व्यवस्था की प्रशंसा की। आंतरिक सचल दल में नीरज चौहान डॉ प्रमोद शर्मा प्रवीण मिश्रा ने परीक्षार्थियों की गेट पर तलाशी ली। स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रत्न लाल पशुधन प्रभारी बिसौली व महावीर प्रसाद अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक केएम इंटर कालेज इस्लाम नगर की उपस्थिति में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

# दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाइयों का जिला निरीक्षण समिति ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला निरीक्षण समिति द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण एवं स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई का निरीक्षण को अरूण कुमार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला निरीक्षरण समिति जनपद बदायूं शहर के मोहल्ला नकपुर के गली नं 01 में संचालित स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई व महिला अस्पताल में संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण में रह रहे अनाथ बच्चों के खाने पीने तथा उचित देखभाल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई से सचिव अनूप सक्सेना ने अवगत कराया कि वर्तमान में संस्था में 07 बच्चें संवासित है सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है सभी बच्चें स्वस्थ है व बच्चों की लीगल प्रक्रिया चल रही है तथा प्रबंधकध्समन्वयक, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण द्वारा बताया गया की संस्था में रह रहा एक बच्चें संवासित है जिसका स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा निर्देश दिये गये कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाये, गृहो की साफ-सफाई, पर विशेष ध्यान दिया जाये, गृह में आने जाने वाले व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी पंजिका में दर्ज की जाये, बच्चो की सुरक्षा हेतु शासनादेश मे निर्धारित मानकों से कोई समझौता न किया जाये, समस्त गृहो से सम्बंन्धित दस्तावेज सुव्यवस्थित रखे जायें जिला प्रोबेशन अधिकारी को उक्त कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट, सर्वेश दास जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रमिला गुप्ता, सदस्य बाल कल्याण समिति, सविता मालपाणी, संरक्षण अधिकारी (सांस्थानिक), प्रीती कौशल, संरक्षण अधिकारी (गैर सांस्थानिक), रवि कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## मोबाइल विक्रेता की दुकान पर जीएसटी टीम का छापा

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सहसवान कस्बे में नगर के तहसील रोड स्थित एक मोबाइल विक्रेता की दुकान पर जीएसटी विभाग की टीम ने अचानक छापा मारकर हड़कंप मचा दिया। उत्तर प्रदेश सरकार लिखी दो गाड़ियों में पहुंचे अधिकारियों ने दुकान में प्रवेश कर अभिलेखों की गहन जांच शुरू कर दी। देर शाम तक कार्रवाई जारी रहने से बाजार क्षेत्र में चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस वजह से आसपास के व्यापारी दुकानें बंद कर भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार शाम करीब सात बजे दो कारों में सवार अधिकारी सीधे दुकान पर पहुंचे। टीम के सदस्यों ने अंदर जाकर व्यापारी को अपना परिचय दिया और आवश्यक कागजातों की जांच प्रारंभ कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से आसपास के व्यापारियों और राहगीरों में कौतूहल की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हालांकि, टीम के सदस्यों ने भीड़ को वहां से हटाते हुए जांच कार्य में व्यवधान न डालने की हिदायत दी। अधिकारियों ने बिक्री से संबंधित दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, जीएसटी रिटर्न एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों का मिलान किया। देर शाम तक टीम दुकान के अंदर मौजूद रहकर कागजी कार्रवाई और पूछताछ में जुटी रही। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि उन्हें इस कार्रवाई की पूर्व सूचना नहीं थी और न ही स्थानीय पुलिस को कोई औपचारिक जानकारी दी गई है।

## मंदिर की जमीन पर कब्जे का आरोप, प्रशासन पर उठे सवाल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईसापुर नवादा के मोहल्ला गोपालगंज में मंदिर की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गाटा संख्या 40 (रकवा 0.784 हेक्टेयर) राजस्व अभिलेखों में 'श्री राम जी महाराज' के नाम दर्ज बताई जा रही है। आरोप है कि भू-माफियाओं ने राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से अभिलेखों में हेरफ़ेर कर जमीन अपने नाम दर्ज करा ली है और अब प्लॉटिंग की तैयारी चल रही है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री पोर्टल (ऋक्ष्ट्ट) पर कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को रामलीला उद्यान स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस नेताओं ने सत्याग्रह किया। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीतियां अपना रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, बेरोजगारी, महंगाई और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर कांग्रेस आंदोलन जारी रखेगी। शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर और जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर ने शांतिपूर्ण विरोध को संवैधानिक अधिकार बताया। जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने प्रदर्शन से पूर्व कार्यकर्ताओं को नोटिस देने और नजरबंद करने का आरोप लगाया।धरने में शमीम अहमद खान, मुनेंद्र कनौजिया, योगेंद्र शर्मा, रईस अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जाहिद सिद्दीकी ने किया।

## भवानीगढ़ चौराहे पर एक भीषण सड़क हादसा मौरंग से लदा ट्रेलर ट्रक अचानक अनियंत्रित

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में भवानीगढ़ चौराहे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मौरंग से लदा एक ट्रेलर ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और तेज रफ्तार में चबूतरे पर चढ़ गया। इस टक्कर से चौराहे पर लगा हाई मास्ट लाइट का खंभा टूटकर जोर से गिर पड़ा, जिससे आसपास धूल-धुंआ और अफरा-तफरी मच गई। ट्रेलर के ड्राइवर और क्लीनर बाल-बाल बच गए। वे हादसे के बाद ट्रेलर से बाहर निकल आए और मामूली चोटों के साथ सुरक्षित है। इस घटना से चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया और हाई मास्ट पूरी तरह टूटकर सड़क पर बिखर गया, जिससे यातायात में आने जाने वालों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेलर की ब्रेक फ़ेल होने या तेज रफ्तार के कारण ऐसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और जांच शुरू की। हादसे में कोई अन्य व्यक्ति घायल नहीं हुआ,शिवगढ़ क्षेत्र में सड़क हादसे अक्सर होते रहते हैं।

## एनएचएआई ने हाईवे निर्माण के लिए मजार की दो मीनारें हटाईं

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।एनएचएआई ने गुरुवार को मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र के सिरसवां दोराहा स्थित लगभग 40 वर्ष पुरानी हजरत अब्दुल रहीम चिश्ती मियां की मजार के दो मीनार और डेढ़ मीटर छज्जा गिरा दिया। इस समय यहां से गुजरने वाले मुरादाबाद काशीपुर हाईवे का निर्माण चल रहा है। जिस कारण यह कार्रवाई की गई है।मजार के आसपास के लोगों ने बताया कि इस दरगाह के लिए लगभग 40 वर्ष पूर्व अहमद हुसैन निवासी ग्राम डूंगरपुर थाना भगतपुर ने लगभग तीन बीघा जमीन दी थी। मुरादाबाद-काशीपुर के बीच एनएचएआई-734 निर्माण के लिए दरगाह की कुछ जमीन अधिग्रहण की गई थी। दरगाह कमेटी को मुआवजा मिल गया है।गुरुवार को एनएचएआई टेक्निकल प्रबंधक जयवर्धन, तहसीलदार ओम प्रकाश सिंह की टीम ने दरगाह के पश्चिम दिशा की दो मीनार एवं डेढ़ मीटर छज्जा गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान डिलारी, भगतपुर, भोजपुर, ठाकुरद्वारा थाने का पुलिस बल मौजूद रही। इस मौके पर सज्जादागद्दीनशीन मोहम्मद शरीफ मियां एवं 50-60 लोग मौजूद थे।पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि एनएचएआई की टीम ने कार्रवाई की है। सुरक्षा के लिहाज से फोर्स उपलब्ध कराई गई थी।

## भदोही में चाचा ने मासूम बालिका को कुएँ में फेंका, मौत

**भदोही,कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के दानुपुर पश्चिम पट्टी गांव सोनघड़ी में गुरुवार को एक दिल दहलाने वाली घटना हो गई। रिश्ते में चाचा लगने वाले युवक ने बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही मासूम को कुएँ में फेंक दिया। आरोप है कि चचेरे चाचा रंजीत उर्फ नन्हे ने तीन वर्षीय मासूम आंचल पुत्री राजू बिंद को कुएँ में फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुँची। ग्रामीणों की मदद से बच्ची को कुएँ से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सुरियावां मनीष कुमार द्विवेदी मौके पर पहुँचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। अधिकारियों के अनुसार तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एम्स रायबरेली में कॉक्लियर इम्प्लांट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। एम्स, रायबरेली के ईएनटी (कान, नाक एवं गला) विभाग द्वारा मूक एवं बधिर बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट संबंधी एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंभीर श्रवण हानि से पीड़ित बच्चों में समय रहते पहचान और उपचार के महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि जिन बच्चों को सामान्य हियरिंग एड से लाभ नहीं मिलता, उनके लिए कॉक्लियर इम्प्लांट एक प्रभावी विकल्प हो सकता है। यह एक विशेष शल्य प्रक्रिया है, जिसमें आंतरिक कान के क्षतिग्रस्त भाग को बाईपास कर श्रवण तंत्रिका को सीधे उत्तेजित किया जाता है, जिससे बच्चे ध्वनि को पहचानने लगते हैं और उनकी वाणी एवं भाषा विकास में सुधार होता है।विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नन्या सोनी ने अपने संबोधन में कहा, ''श्रवण हानि की शीघ्र पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते उपचार किया जाए तो बच्चे सामान्य विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। संस्थान के कार्यकारी निदेशक. डॉ. अमिता जैन के मार्गदर्शन में एम्स रायबरेली का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। कॉक्लियर इम्प्लांट जैसी उच्च स्तरीय सेवाओं के माध्यम से हम दिव्यांग बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''कार्यक्रम में अभिभावकों को सर्जरी की प्रक्रिया, पूर्व एवं पश्चात जांच, मैपिंग तथा स्पीच थेरेपी की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सफल कॉक्लियर इम्प्लांट से लाभान्वित बच्चों के उदाहरण साझा किए गए, जिससे उपस्थित परिवारों में आशा और विश्वास का संचार हुआ।ईएनटी विभाग द्वारा इस प्रकार की पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और श्रवण बाधित बच्चों को बेहतर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रतिस्पर्धा' द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज महाविद्यालय में 'प्रतिस्पर्धा' द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ माँ वागीश्वरी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों का बैच अलंकरण, शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार सक्सेना ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया तथा समारोह के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। छात्रा वर्ग की लंबी कूद में इरम कुरैशी प्रथम, हर्षी सैनी द्वितीय और रिहाना तृतीय रहीं। पुरुष वर्ग की लंबी कूद में अतुल यादव ने स्वर्ण पदक जीता, सुमित द्वितीय और राघवेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में राहुल प्रथम, मो. नबी द्वितीय और रोनित तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ में माधव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ध्रुव शर्मा द्वितीय और जोगेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रो. शिवराज कुमार, डॉ. प्रशांत कोहली, डॉ. मनवीर सिंह, डॉ. एस. के. सक्सेना, डॉ. एस. के. सिंह, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. विक्रांत उपाध्याय, रवि भूषण पाठक, डॉ. जीवन कुमार, क्रीड़ा अधिकारी श्री प्रिंस विशाल दीक्षित, डॉ. एम. एम. फ़रशौरी, डॉ. जी. आर. भारती, डॉ. मधु शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. सत्यम मिश्र, डॉ शैलेंद्र एवं डॉ अर्चना ने संयुक्त रूप से किया।

# होली पर मुरादाबाद से होकर गुजरेंगी चार स्पेशल ट्रेन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मुरादाबाद । 12 स्पेशल ट्रेनों की घोषणा के बाद रेलवे ने होली पर चार और स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है, जो मुरादाबाद होकर गुजरेंगी। यह ट्रेनें गुजरात से पूर्वांचल और उत्तराखंड के लिए चलेंगी।

यात्री जनरल टिकट लेकर भी इनमें सफर कर सकेंगे। मंडल में मुरादाबाद, बरेली, ऋषिकेश आदि स्टेशनों पर इन ट्रेनों का ठहराव होगा।उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि ट्रेन 04829-04830 जोधपुर-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस जोधपुर से पांच से 26 मार्च तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को चलेगी। वापसी में गोरखपुर से 27 मार्च तक हर शुक्रवार को चलेगी। रास्ते में दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या आदि स्टेशनों पर रुकेगी। 04731-04732) श्रीगंगानगर-समस्तीपुर एक्सप्रेस एक से 29 मार्च तक श्रीगंगानगर से प्रत्येक रविवार को चलेगी। वापसी में समस्तीपुर से 31 मार्च तक हर मंगलवार को चलेगी। मुरादाबाद स्टेशन पर सुबह 4:22 मुरादाबाद से गुजरेंगी। 04729-04730 श्रीगंगानगर-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस 26 फरवरी से छह मार्च तक हर बृहस्पतिवार को श्रीगंगानगर से चलेगी। वापसी में गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। मुरादाबाद में सुबह 4:22 बजे और वापसी में 8:25 बजे रुकेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि इसी तरह (09609-09610) उदयपुर-योगनगरी ऋषिकेश स्पेशल एक्सप्रेस तीन से 31 मार्च तक हर मंगलवार को उदयपुर से चलेगी। वापसी में योगनगरी ऋषिकेश से हर बुधवार को चलेगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड हरचन्दपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा एवं उच्च/प्राथमिक विद्यालय शोरा तथा विकास खण्ड सतांव के सार्वजनिक विद्यालय जूनियर हाईस्कूल स्कूल दरीबा, प्राथमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी केंद्र दरीबा एवं प्राथमिक विद्यालय, सोईठा में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण विभाग द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है, जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। परिवार ,समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसी दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। इसी दौरान टीम द्वारा सभी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित विधवा पेंशन योजना आदि विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभाग से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, प्रधानाध्यापिका छात्र-छात्राएं, आदि उपस्थित रहें।

# प्रधानी चुनाव को लेकर दो गुटो में मारपीट व फायरिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कोतवाली क्षेत्र के चगेरिया गांव में वर्चस्व की जंग ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली बात से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान गांव में कई राउंड फायरिंग की गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हमले में एक युवक के सिर में छर्रे लगे हैं, जबकि एक बुजुर्ग लोहे के रॉड के प्रहार से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। गांव में एक ही समुदाय के दो जातियों में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। चगेरिया निवासी आर्यन दीक्षित और कमला प्रसाद दीक्षित पर दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मारपीट के दौरान हुई फायरिंग में आर्यन दीक्षित के सिर में छर्रे लगे हैं, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। वहीं, हमलावरों ने कमला प्रसाद दीक्षित के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उन्हें अधमरा कर दिया। घटना के समय गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए। फायरिंग के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें उपद्रवी बेखौफ हथियार



लहराते दिख रहे हैं। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। छर्रे लगने के कारण आर्यन की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को संभाला। गांव में फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है, लेकिन तनाव बरकरार है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। प्रभारी कोतवाल अरविंद कुमार का कहना है कि चंगेरिया गांव में मारपीट और फायरिंग की सूचना मिली है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। गांव में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस बल तैनात है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। घटना में घायल कमला प्रसाद दीक्षित के पुत्र विष्णुदेव दीक्षित की तहरीर पर पुलिस ने बलवा, जानलेवा हमला, मारपीट, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें सौरभ प्रताप सिंह उर्फ भोलू सिंह, अजय सिंह, रिंकू सिंह, शेष सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद राजपूत, बरखू, चंदन यादव निवासी ग्राम चंगेरिया सहित दस अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रभारी कोतवाल अरविंद कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट पंजीकृत कर विवेचना कराई जा रही है अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई है।

# शादी से लौटते समय भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, चार घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में जोगापुर गांव के पास देर रात एक पिकअप और अर्टिगा कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तरबगंज थाना क्षेत्र के रेतादलसिंह निवासी 21 वर्षीय अंकित कसौ धन की मौत हो गई।हादसे में चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें 23 वर्षीय नैना देवी, 40 वर्षीय किरण देवी, 18 वर्षीय अमन कसौधन और 3 वर्षीय कार्तिक शामिल हैं। पिकअप चालक महेश को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार नैना देवी के दोस्त की बलरामपुर के उतरौला में शादी थी।अंकित कसौधन, नैना देवी, किरण देवी,अमन कसौधन और कार्तिक कसौधन इसी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 1 बजे उतरौला से वापस लौटते समय जोगापुर गांव के पास मुर्गों से लदे एक पिकअप वाहन से उनकी अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई।हादसे के बाद मनकापुर कोतवाली पुलिस ने पिकअप और अर्टिगा कार को कब्जे में ले लिया है। भोलेनाथ कसौधन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनकापुर कोतवाल अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है और चार लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।उन्होंने पुष्टि की कि यह घटना देर रात 1 बजे से 1:30 बजे के बीच हुई, जब ये लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अर्टिगा कार चालक को नींद आने के कारण यह हाद सा हुआ है पुलिस शरीर के आधार पर गहनता से जांच कर रही है।

### चार बहनों के बीच अकेला था भाई

अंकित कसौधन पुत्र राम प्रकाश कसौधन अपने मात पिता का इकलौता बेटा था। राम प्रकाश लकड़ी बेचने का कार्य करते हैं मृतक युवक ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की थी। अब वह नमकीन बिस्कुट का उत्पादन क्षेत्रीय बाजार में सप्लाई करता था। गांव के ही भोलानाथ अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदारी में बुधवार को गए थे। अंकित ने अपने माता-पिता को बताया था कि भोलानाथ के साथ उनकी रिश्तेदारी में निमंत्रण में उतरौला गया हुआ था। वापस आते समय हादसे में उसकी देर रात मौत हो गई। मृतक के चार बहन हैं। मृतक की मां का नाम मंजू देवी है । बहन काजल उम्र 18 की शादी हो गई है। आंचल 16 वर्ष, आश 14 वर्ष, खुशी 8 वर्ष है। वही युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# उल्टी ने खोला छिपे फाइलेरिया का राज

## तपेसिपाह की घटना बनी जागरूकता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जरवल ब्लॉक के तपेसिपाह गांव में सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए/आईडीए) के दौरान घटी एक छोटी-सी घटना अब बड़े संदेश में बदल गई है। परिवार के सभी सदस्यों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा ली थी। कुछ ही देर बाद 17 वर्षीय बेटी और बहू को उल्टी होने लगी। परिजन घबरा उठे कि कहीं दवा का दुष्प्रभाव तो नहीं हो गया।

सूचना मिलते ही स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकीय निगरानी के साथ परिवार को पूरी जानकारी दी गई और जल्द ही वे सामान्य हो गईं। स्वास्थ्यकर्मियों ने परिवार को समझाया कि यह दवा का नुकसान नहीं, बल्कि शरीर में लंबे समय से छिपे सूक्ष्म फाइलेरिया कृमियों के नष्ट होने की सामान्य प्रतिक्रिया है। जिन लोगों में संक्रमण नहीं होता, उन्हें आमतौर पर कोई लक्षण महसूस नहीं होता। आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी ने बताया कि शुरुआत में परिवार भयभीत था, लेकिन सही जानकारी मिलने के बाद उनकी आशंका दूर हो गई। अब पूरा परिवार दवा के महत्व को समझ चुका है और दूसरों को भी जागरूक कर रहा है। फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जो वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में छिपी रह सकती है। वीबीडी नोडल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा के अनुसार यही संक्रमण आगे चलकर हाथ-पैर में सूजन या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं का कारण बनता है। इसी को देखते हुए जरवल ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 42 प्रतिशत पूरा करते हुए 1.20 लाख से अधिक लोग बचाव की दवा सेवन कर चुके हैं।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया जिले में हाथीपांव के 474 और हाइड्रोसील के 165 मरीज चिन्हित हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि फाइलेरिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है। उन्होंने दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों से दवा सेवन की अपील की और बताया कि उल्टी, हल्का बुखार या मितली जैसे लक्षण अस्थायी होते हैं और संक्रमण समाप्त होने के संकेत हैं। अधिक समस्या के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल का भी गठन किया गया है।

फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया दवा सेवन के बाद उल्टी, बुखार या कमजोरी महसूस हो तो सोमवार या गुरुवार को रात्रि 8रू30 बजे जिला ट्रामा सेंटर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण कक्ष में जांच कराएं। पुष्टि होने पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध है। फाइलेरिया लाइलाज है लेकिन लक्षण से पहले जांच, उपचार से हाथीपांव या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं से बचाव संभव है।

# छत्तीसगढ़ में हुई लूट का मीरजापुर में खुलासा मुठभेड़ में चार अंतरराज्यीय लुटेरे गिरफ्तार

मीरजापुर । एसओजी/सर्विलांस, थाना अहरौरा व अदलहाट की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए चार अंतरराज्यीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए। आरोपितों के कब्जे से 3.768 किलोग्राम आभूषण, 1,46,100 रुपये नकद, एक देशी पिस्टल, दो तमंचा व कारतूस बरामद किए गए।ब पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित मां विंध्यवासिनी सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उनके निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) मनीष मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन शिखा भारती व क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

मुखबिर की सूचना पर अहरौरा क्षेत्र में बैरियर लगाकर चेकिंग के दौरान सोनवरसा नहर के पास कार संख्या एक्र3ठ7002 से दो आरोपितों को पकड़ा गया। पूछताछ में मिली जानकारी पर लखनिया दरी जंगल के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान दो अन्य बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायलों को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया, जहां हालत सामान्य है। पूछताछ में आरोपितों ने 17 फरवरी को बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में कार सवार को टक्कर मारकर हथियारों के बल पर जेवर व नकदी लूटने की बात कबूल की। सभी के खिलाफ थाना अहरौरा में बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा

### मेगा कैंप में लाभांवित होंगे दो हजार से ज्यादा लोग : अपेक्षा सिंह

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले बृहद मेगा कैंप में दो हजार से ज्यादा लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि मेगा कैंप वेंकटाचार्य क्लब के मैदान में आयोजित होगा। जिसमें दो हजार से ज्यादा लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। लाभार्थियों की सूची और अन्य विवरण सभी विभागों से प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि एक ही जगह पर एक ही समय हजारों लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का लक्ष्य है। प्रभारी सचिव ने बताया कि मेगा कैंप के प्रचार प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालेंटियर्स को लगाया गया है।

### सपाइयों ने एसआईआर में लगाया धांधली का आरोप, डीएम से की शिकायत

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने विधान सभा क्षेत्र करनैलगंज में एसआईआर में की जा रही गड़बड़ी की शिकायत पर सुनवाई न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा अपने ही वार्ड के पीडीए वर्ग के मतदाताओं का नाम फॉर्म 7 भरकर कटवाने का षडयंत्र कर रहे हैं। प्रत्येक वार्ड से कम से कम 60 से 70 मतदाताओं का नाम काटे जाने का षडयंत्र किया जा रहा है। जिसके विरोध में दो दिन पूर्व साजिद सिद्दीकी, इरफान सभासद, आवेश राइनी के नेतृत्व में कई वार्डो के पीड़ित मतदाताओं ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज से मिलकर कार्यवाही की मांग की गई थी। मगर कोई प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण उनके नेतृत्व में शमीम अच्छन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सुरेन्द्र बहादुर पासवान उपाध्यक्ष जिला समाजवादी पार्टी, दलजीत यादव, अमरनाथ यादव महासचिव विधानसभा करनैलगंज, राधेश्याम सिंह, मोहम्मद इरफान सभासद, साजिद सिद्दीकी, अजीज पूर्व सभासद, कलीम राइनी, मोहम्मद जाबिर, मोहम्मद युनूस आदि लोगों ने जिलाधिकारी से मिलकर भाग संख्या 18, 19, 33 तथा 34 में हो रहे षडयंत्र की जांच कराने की मांग, दोषी नगर पालिका कर्मियों के नाम प्रार्थना पत्र में दिए गए है। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर अविलंब कार्यवाही की मांग की गई है तथा मंडलायुक्त से भी प्रार्थनापत्र देकर प्रकरण की जांच व एफआईआर की मांग की गई है ।

### मखाना की खेती के लिए आयोजित होगा 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों भरपूर होने तथा हड्डियों, हृदय और पाचन के लिए अत्यन्त उपयोगी होने के कारण उद्यान विभाग द्वारा कृषको को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मखाने की खेती को सम्मिलित किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि मखाना की खेती के लिए कृषकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से 09 व 10 मार्च 2026 को कृषि भवन के सभागार में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन निर्माण केन्द्र, मुजफ्फरपुर, बिहार के निदेशक राकेश सिंह द्वारा रिर्सोस पर्सन के रूप में प्रतिभाग किया जायेगा। श्री सिंह मखाना के उत्पादक, विपणनकर्ता एवं अनुभवी उद्यमी हैं।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कृषि भवन सभागार में आयोजित होने वाले 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मखाना की खेती करने वाले दरभंगा बिहार के प्रगतिशील एवं अनुभवी कृषक भी प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भी मौजूद कृषकों को उपयोगी जानकारी प्रदान करेंगे। श्री चौधरी ने जनपद के कृषकों से अपेक्षा की है कि अधिकाधिक संख्या में प्रशिक्षण में शामिल होकर औद्यानिक खेती में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### 20 व 21 फरवरी को आयोजित होगा परिवहन मेला

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि वाहन स्वमियों को बार-बार कर भुगतान की जटिल एवं समय-साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार कर एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है। यह व्यवस्था तकनीकी रूप से वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साईकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैकसी कैब संनिर्माण उपस्कर यान/विशेष प्रयोजन यान माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवा यान आदि के सम्बंध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा-4 में संशोधन करते हुए एक मुश्त कर ढांचे को लागू किया गया है।

एआरटीओ ने बताया कि एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रॉसपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से परिवहन कार्यालय परिसर में 20 एवं 21 फरवरी को परिवहन मेले का आयोजन किया गया है। परिवहन मेले में वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान करते हुए मौके पर ही आवश्यकतानुसार कर भुगतान/समायोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# चौकीदार ने चुनावी रंजिश में किसान को धारदार हथियार से उतारा था मौत के घाट

## मोहनगंज पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ ही लोहे की सरिया कुल्हाड़ी और पर्स किया बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम ने गांव पूरे घिसई मजरे लीही में ट्यूबेल पर हुई किसान की हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और आलाकत्ल एक लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी व पर्स बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे घिसई मजरे लीही निवासी जगदीश पुत्र शिव प्रसाद द्वारा थाना मोहनगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि चौदह फरवरी को समय करीब साढ़े आठ बजे आवेदक के पिता शिव प्रसाद प्रतिदिन की भांति घर से खाना खाकर बन्दरही में ट्यूबवेल व सुअर बाड़ा की रखवाली हेतु छप्पर में सो रहे थे तभी रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पिता के सिर पर गम्भीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गयी।उक्त सूचना पर पुलिस ने अभियोग दर्जकर लिया था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न माध्यमों से प्रकाश में आये एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल सवार महेश कुमार पुत्र जगरूप पासी निवासी पूरे दुर्गा दूबे मजरे लीही थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने चुनावी रंजिशवश एवं मृतक शिवप्रसाद द्वारा दी गयी धमकी के कारण शिवप्रसाद उपरोक्त की हत्या कर दी थी। हत्या के समय उपरोक्त एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल संख्या यूपी 33 बीएफ 7440 का प्रयोग किया था। मृतक के ऊपर लोहे की सरिया से वार करते समय मृतक ने उसके दाहिने हाथ की अंगुली को मुंह से काट लिया था जिससे युवक के हाथ में पकड़ा सरिया जमीन पर गिर गया था जिसके बाद मड़हे में रखी कुल्हाड़ी एवं हंसिया से सिर व चेहरे पर कई बार वार किया जिससे शिवप्रसाद की मृत्यु हो गई।उसकी लोहे की सरिया मौके पर ही छूट गयी तथा भागते समय उसकी जैकेट से पर्स वहीं गिर गया था।तदोपरान्त मोटरसाइकिल से अभियुक्त नहर की ओर आया और अपने कपड़े व जूते नहर में फेंक दिये।अभियुक्त थाने का चौकीदार है जिसकी ड्यूटी चौदह फरवरी को थाने पर थी रात्रि करीब बारह बजे वह थाने के पीछे की तरफ से निकलकर अपनी उपरोक्त मोटर साइकिल से घटना कारित करने के बाद उसी रास्ते से पुनः वापस आ गया था। पुलिस द्वारा घटना के दिन ही कुल्हाड़ी, लोहे की सरिया व पर्स बरामद किया गया था।उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पच्चीस हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है।

### पुलिस ने सोलह ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना जामो पुलिस ने सोलह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभिषेक पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम भोएं थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से सोलह ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# सीडीओ ने नवाबगंज ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों के कसे पेंच

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी के साथ नवाबगंज विकासखंड परिसर में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और कर्मचारियों के कामकाज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त रूप से ब्लॉक के कार्यों की पड़ताल की। इस दौरान सीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की प्राथमिकताओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिकारियों ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी और ई-केवाईसी के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। सीडीओ ने कहा कि फैमिली आईडी में परिवार के प्रत्येक सदस्य का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री, क्रॉप सर्वे और अन्य डिजिटल डेटा फीडिंग के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। योजनाओं का लाभ पात्रों तक समयबद्ध तरीके से पहुँच सके। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर की साफ-सफाई तो संतोषजनक पाई गई, लेकिन सरकारी दस्तावेजों और अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही सामने आई। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ परिवारों के नाम 'सर्विस रजिस्टर' में दर्ज नहीं थे। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने इन त्रुटियों को तत्काल सुधारने और सभी डेटा को अद्यतन करने के आदेश दिए। इस दौरानखंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम्य विकास विभाग से सुखदेव कुमार, एडीओ एजी रविंद्र सिंह समेत सचिव बृजेश कुमार, मोतीलाल यादव, सुनील कुमार गौतम, प्रवीण कुमार, कुलदीप राजपूत, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, अकाउंटेंट प्रवीण गौतम, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित और कनिष्ठ लिपिक राज भारती सहित समस्त ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अमेठी में सहायक अध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

## प्रतापगढ जनपद के प्राथमिक विद्यालय गौहानी में तैनात था मृतक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना क्षेत्र अमेठी के रायपुर फुलवारी मोहल्ले में बुधवार देर रात एक सरकारी शिक्षक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला रायपुर फुलवारी राम प्रकाश वर्मा पुत्र लल्लन वर्मा उम्र छियालिस वर्ष प्रतापगढ़ जनपद के प्राथमिक विद्यालय गौहानी में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे।पुलिस के मुताबिक राम प्रकाश वर्मा मूल रूप से संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बढ़ईपुर गांव के निवासी थे।उन्होंने रायपुर फुलवारी में मकान बनवा रखा था। बताया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह से वह घर में अकेले रह रहे थे जबकि परिवार के अन्य सदस्य बढ़ईपुर गांव में थे उनके तीन बच्चे हैं।परिजनों के अनुसार बुधवार को फोन करने पर उनका मोबाइल रिसीव नही हुआ। कई बार प्रयास के बाद भी संपर्क न होने पर परिजन चिंतित हो उठे और घर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा न खुलने पर पड़ोस की छत से अंदर झांककर देखा गया तो वह फंदे से लटके मिले। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षक कुल तीन भाई थे और उनका पूरा परिवार संग्रामपुर के बढईपुर मजरे मिश्रौली बड़गांव में रहता था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक 23 फरवरी को

बहराइच । प्रषासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट बहराइच ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को सायं 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है। राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक से सम्बन्धित सूचना के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करना सुनिष्चित करें।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपना नाम पप्पू (PAPPU) से बदल कर मुस्तकीम (MUSTKEEM) कर लिया हूं।मुझे अब से मुस्तकीम पुत्र गौस अली निवासी-ग्राम कम्मेरपुर,पोस्ट व थाना सादुल्लानगर बलरामपुर के नाम व पते से जाना व पहचाना जाये।

मुस्तकीम पुत्र गौस अली
निवासी-ग्राम कम्मेरपुर,
पोस्ट व थाना-
सादुल्लानगर
जनपद-बलरामपुर

# बाबा बनखंडी नाथ मंदिर जोगी नवादा पर श्री राधा कृष्ण जी का विवाह उत्सव धूमधाम से संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता


पूरनपुर।बाबा बनखंडी नाथ मंदिर जोगी नवादा पर श्री राधा कृष्ण जी का विवाह उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ कार्यक्रम में पहले प्रातः 8:00 बजे से विधि विधान से राधा कृष्ण जी का पूजन संपन्न हुआ तदुपरांत मनोकामना मंदिर दोहरा रोड से श्री राधा कृष्ण जी की भव्य बारात बाबा बनखंडी नाथ मंदिर प्रांगण पर आई बारात में बड़ी संख्या में पीले वस्त्र पहने मातृशक्ति ने बैंड बाजे व डीजे की भजनों की धुन पर जोरदार नृत्य किया बारात की भव्यता देखते ही बन रही थी आगे डीजे उसके उपरांत बरेली का हिंदू बैंड उसके बाद बड़ी संख्या में मातृशक्ति और उसके पीछे एक सिंहासन पर राधा रानी विराजमान थे रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने व्यापारियों ने बारात का फूलों की वर्षा कर प्रसाद वितरण कर स्वागत किया बारात के मंदिर प्रांगण में आने उपरांत सभी भक्तों ने पुन युगल सरकार का पूजन किया



और सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल मौजूद रही जिन्हें पंडित राजेंद्र प्रसाद मेडिकेयर हॉस्पिटल के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने स्मृति चिन्ह दिया व कीर्ति पांडे ने अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया कार्यक्रम को संपन्न कराने में वंदना शर्मा राजीव शर्मा रेनू शर्मा दीपक शंकदार प्रवेश कुमार पांडे निखिल पांडे दिनेश चंद पांडे डॉक्टर दीप शिखा शर्मा वंदना पांडे रेनू शर्मा पूजा दुबे सोनम शुक्ला विनीत मिश्रा रिचा मिश्रा हरिओम शर्मा सहित अनेक भक्तों ने सहयोग किया कार्यक्रम का सफल संचालन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार अवस्थी एडवोकेट ने किया अंत में सभी भक्तों ने पर भंडारा ग्रहण किया भंडारा कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत देर शाम तक चलता रहा बरेली में ऐसा कार्यक्रम प्रथम बार संपन्न हुआ जिसका आयोजन श्रीमती कीर्ति पांडे जी द्वारा किया गया था

# विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बाढ़ सुरक्षा के लिए तटबंध बनाने और चीनी मिल नवीनीकरण को स्वीकृति देने का आग्रह किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान लखनऊ मे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा मुख्य मुद्दा व लम्बे अरसे से बंगाली समुदाय की माँग को माँग को मजबूती से मुख्यमांत्री के समक्ष रखा पक्का तटबंध न बनने से लाखों शारदा जी के पास निवास कर रहे लोगो बाढ़ का सामना करना पड़ता है जिससे विधायक बाबूराम को काफी पीड़ा होती है वही क्षेत्र से जुड़े कई अहम जनहित मुद्दों को मुख्यमंत्री के सामने प्रमुखता से रखा बाढ़ और कटान की दृष्टि से अति संवेदनशील बताते हुए कहा कि शारदा नदी के दाएं-बाएं किनारे बसे गांव हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं जिससे उनका जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है और ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है उन्होंने बाढ़ सुरक्षा कार्यों के तहत विभिन्न स्थलों की परियोजनाओं को स्वीकृति देने और तटबंध व कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराने की मांग की विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुए जनहित में शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक धनराशि जल्द स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया वहीं विधायक बाबूराम पासवान ने मुख्यमंत्री को बताया कि 1980 दशक मे पूरनपुर दि किसान सहकारी चीनी मिल का निर्माण हुआ था जो कि मौजूदा समय जर्जर हालत मे है जिसका नवीनीकरण का मुद्दा भी उठाया उन्होंने कहा कि मिल के आधुनिकीकरण से क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा मुख्यमंत्री ने चीनी मिल के नवीनीकरण कराने का भरोसा दिलाया

## एसपी ने पुलिस लाइन में क्राइम ब्रांच एवं डायल-112 का निरीक्षण कर दिये जरूरी दिशा निर्देश

पीलीभीत।पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच एवं डायल-112 शाखा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों, लंबित प्रकरणों, संचार प्रणाली, उपकरणों तथा कार्मिकों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया क्राइम ब्रांच में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने तथा तकनीकी साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये गुरुवार को सुबह निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए एसपी ने डायल 112 में तैनात कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही तत्काल पीड़ित की मदद को पहुंचे रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी का निरीक्षण किया गया शस्त्रों की साफ- सफाई के लिए निर्देश दिया यूपी 112 में नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर जल्द पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद का प्रयास करें स्टोर, भोजनालय, बैरकों, परिवहन शाखा पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए ।

# स्टेशन चौराहा और गैस चौराहा के पार्कों का हुआ कायाकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए जा रहे 28 दिन 28 लोकार्पण अभियान के अंतर्गत शहर के दो प्रमुख स्थलों पर स्थित पार्कों का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद उनका लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने स्टेशन चौराहा स्थित नेहरू पार्क एवं गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क में फीता काटकर तथा शिलापट का अनावरण कर जनता को समर्पित किया।गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर दास पार्क में विशेष रूप से संगमरमर का फब्बारा लगाकर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। इसके साथ ही पार्क में आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था स्थापित की गई है, जिससे रात्रि के समय भी पार्क की सुंदरता और उपयोगिता बढ़ गई है। वहीं स्टेशन चौराहा



स्थित नेहरू पार्क में नई लाइटें लगाई गईं तथा पार्क की रंगाई-पुताई कर उसे व्यवस्थित और आकर्षक बनाया गया है।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर के प्रमुख स्थलों का सौंदर्यीकरण नगर की पहचान और स्वच्छ एवं सुंदर शहर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका आगे भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराती रहेगी।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नगरवासियों ने नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना,वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू,विपिन राजू फौजी,निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, राशिद हुसैन,इकबाल हजरत,अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ,इमरान अंसारी, विकास बाबू,विपिन मिश्रा,पंकज राजपूत, कमलेश वर्मा,नरेंद्र तिवारी, सुरेश कौशल,रईस अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे है।

# गन्ने के साथ सहफसली खेती के लिए किसानों को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम टाह खुर्द में ''गन्ने के साथ दलहनी फसलों की सहफसली खेती'' विषय पर एक वृहद किसान जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 150 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस. एस. ढाका ने बताया कि गन्ने के साथ उड़द और मूंग की सहफसली खेती एक टिकाऊ और लाभदायक कृषि पद्धति है जो मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाती है, किसानों की आय में वृद्धि करती है, संसाधनों का कुशल उपयोग करती है और कृषि जोखिमों को कम करती है. यह किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए एक जीत की स्थिति है. डा. ढाका ने बताया कि बसंतकालीन गन्ने की दो कतारों के बीच उपलब्ध रिक्त स्थान में मूंग प्रजातिः ऋख्र 02-3 या उड़द प्रजातिः आजाद-3 लगाकर किसान रु. 25,000 से 30,000 प्रति हेक्टेयर तक की अतिरिक्त शुद्ध आय प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने बताया कि सहफसली दलहन उगाने से उर्वरक की बचत होती है क्योंकि दलहनी फसलें अपनी जड़ों में मौजूद ग्रंथियों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं इससे मुख्य फसल में लगभग 20-25% नाइट्रोजन उर्वरक की बचत होती है। इससे बेहतर संसाधन प्रबंधन भी होता है सहफसली खेती से खरपतवारों में 40% तक की कमी देखी गई है, जिससे निराई-गुड़ाई का खर्च कम हो जाता है। सहफसली खेती में प्रकाश, पानी और पोषक तत्वों जैसे संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग होता है. गन्ने की लंबी फसल के नीचे उड़द और मूंग जैसी छोटी फसलें अच्छी तरह पनपती हैं, जिससे भूमि का अधिकतम उपयोग होता है केंद्र के वैज्ञानिक ए. एस. राठी ने बताया कि गन्ने की शुरुआती 90 दिनों की अवधि में भूमि खाली रहती है। इस दौरान मूंग और उड़द जैसी अल्पकालिक फसलें न केवल खरपतवारों को दबाती हैं, बल्कि मिट्टी की भौतिक और रासायनिक दशा में भी सुधार करती हैं। उन्होंने बताया उड़द और मूंग की फसलें गन्ने के खेत में खरपतवारों को उगने से रोकती हैं. ये फसलें भूमि को ढक लेती हैं, जिससे खरपतवारों को बढ़ने के लिए जगह नहीं मिलती. इससे खरपतवार निकालने की लागत और मेहनत दोनों कम होती हैं केंद्र के वैज्ञानिक डा. दीपक कुमार ने बताया केवल एक फसल पर निर्भर रहने के स्थान पर, सहफसली खेती किसानों के लिए जोखिम को कम करती है. यदि किसी कारणवश गन्ने की फसल को नुकसान होता है, तो उड़द और मूंग की फसल से होने वाली आय उस क्षति की भरपाई कर सकती है. उन्होंने कहा सहफसली खेती से कीटों और रोगों का प्रकोप कम होता है. विभिन्न प्रकार की फसलें एक साथ होने से कीटों का जीवन चक्र बाधित होता है और रोगों का फैलाव भी रुकता है. प्रगतिशील किसान श्री रामकुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पिछली बार इस तकनीक से उन्हें गन्ने के साथ-साथ 8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त दाल की पैदावार मिली थी इस अवसर पर ग्राम के प्रधान भगवान दास वर्मा, अन्य कृषक घनश्याम, सुन्दरलाल, धाराजीत, तिलकराम, आकाश वर्मा इत्यादि सहित लगभग 150 कृषकों ने प्रतिभाग किया इसमें गन्ने की वैज्ञानिक खेती के साथ प्याज, भिंडी, उरद व मूंग की सहफसली खेती के लिए किसानों को जागरूक किया गया हैं।

## परिषदीय विद्यालयों में किचेन गार्डे न विकसित कर जमा करें उपभोग प्रमाण पत्र : बीएसए

अमेठी। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पीएम पोषण योजना से आच्छादित नौ सौ छिहत्तर परिषदीय विद्यालयों में किचेन गार्डे न विकसित किये जाने हेतु धनराशि आवंटित की गई है लेकिन जमीनी स्तर पर यह योजना टांय टांय फुस्स हो गई है और सैकड़ों की संख्या में किचेन गार्डे न अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। बीएसए ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आवंटित धनराशि का उपभोग कर उपभोग प्रमाण पत्र फोटो सहित उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी के नाम जारी पत्र में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने की बात कहते हुये लिखा गया है कि पीएम पोषण योजना से आच्छादित नौ सौ छिहत्तर विद्यालयों में किचेन गार्डे न विकसित किये जाने हेतु दो हजार रुपये की धनराशि का आवंटन किया गया है।पीएम पोषण योजनान्तर्गत फ्लैक्सी फण्ड के अन्तर्गत विद्यालयों में किचेन गार्डे न विकसित किये जाने का निर्देश दिया गया था जिसमें पर्याप्त स्थान की उपलब्धता वाले परिषदीय,राजकीय विद्यालयों पूर्व में निर्गत दिशा निर्देशों के अनुसार किचेन गार्डे न विकसित कराये जायें और अपर्याप्त स्थान वाले परिषदीय,राजकीय विद्यालय में पौली, ग्रो बैग, मटके, बोरे, जूट के थैले, क्यारी एवं गमलों में छोटे आकार के किचेन गार्डन विकसित किया जाना है।

## मत्स्य विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर अधिकारी लखनऊ मुख्यालय से अटैच

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित मत्स्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही,शिथिलता एवं भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ने सख्त कदम उठाए हैं। निदेशालय स्तर पर कराई गई प्राथमिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर पाए जाने के बाद कार्रवाई पूर्ण होने तक जनपद गोण्डा से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों को मुख्यालय से संबद्ध (अटैच) करने के निर्देश दिए गए ।कार्र वाई के तहत मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, गोण्डा में तैनात मछुआ प्रशांत कुमार को,लखनऊ से संबद्ध किया गया है ।यह कदम गोण्डा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक माना जा रहा है। मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर कार्य कर रही है ।आम जनता को यदि किसी भी स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा परेशानी या भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है तो उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की नीति और नीयत दोनों स्पष्ट हैं—जनसेवा सर्वोपरि ।उल्ले खनीय है कि इससे पूर्व 17 फरवरी 2026 को भी पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कान पुर मंडल/जनपद में इसी तरह की कड़ी कार्र वाई करते हुए अधिकारियों को मुख्यालय से अटैच किया गया था तथा एक वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक को निलंबित किया गया था। गोण्डा में हुई ताज़ा कार्रवाई से यह संदेश गया है कि योजनाओं में अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कदम तय हैं।

## सपा नेता के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा भड़के सपाई पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा द्वारा राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पीलीभीत को सौंपा गया। ज्ञापन में जनपद में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विरुद्ध की जा रही दमनात्मक एवं अलोकतांत्रिक कार्यवाहियों पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है ।जनपद पीलीभीत में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई अत्यंत निंदनीय है। जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां को निराधार धाराओं में जेल भेजना राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित प्रतीत होता है, जो लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात है ।ज़िलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि प्रशासन विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रहा है। लोकतंत्र में असहमति को अपराध मानना संविधान के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है ।यदि इस प्रकार की कार्यवाहियों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां ''फूल बाबू'' ने कहा कि निर्दोष कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाना और जेल भेजना राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की ।समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर वैधानिक एवं संवैधानिक कदम उठाएगी ।इस दौरान सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी एडवोकेट,यूसुफ कादरी, सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, प्रदीप सोनकर,गयासुद्दीन मंसूरी,यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष शाहिद खान संजय खान ,अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,धनपति वर्मा एडवोकेट,मुक्तदिर हयात खां,रमेश राजा,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,नाबिर अली मंसूरी सहित कई सपा पदाधिकारी मौजूद रहे है।

## सपा जिला उपाध्यक्ष पर बंधक बनाकर मजदूरी कराने का आरोप, हिंदू महासभा ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है हिन्दू संगठन के अनुसार, मखदूम खां अमरिया क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे का संचालन करते हैं संगठन का आरोप है कि भट्ठे पर कार्यरत हिंदू मजदूरों को कथित रूप से बंधक बनाकर जबरन मजदूरी कराई गई विरोध करने पर उनके साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है संगठन का कहना है कि यह मामला केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक प्रकृति का है महासभा ने प्रशासन की अब तक की कार्रवाई पर असंतोष जताया है संगठन का दावा है कि मामले में केवल धारा 151 के तहत की गई कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और इससे मजदूरों में व्याप्त भय समाप्त नहीं हुआ है पत्र में आरोप लगाया गया है कि आरोपी के राजनीतिक प्रभाव के कारण प्रशासन अपेक्षित कठोरता नहीं दिखा रहा संगठन ने मांग की है कि मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोष सिद्ध होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह जनहित में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी।

## गन्ना किसानों का बकाया भुगतान न होने पर भाकियू ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददात। गन्ना किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में गन्ना किसानों की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन गुरुवार दोपहर 12 बजे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौपा। ज्ञापन में गन्ना मूल्य के बकाया भुगतान, घटतौली और अवैध वसूली जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। पूरनपुर चीनी मिल गन्ना किसानों का भुगतान गन्ना अधिनियम के अनुसार समय से नहीं कर रही हैं। इसके चलते किसान बैंक ऋण चुकाने, अगली फसल की तैयारी, गन्ने की बुवाई और बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में असमर्थ हो रहे हैं। होली पर्व नजदीक होने के कारण किसानों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। संगठन ने मांग की है कि किसानों का समस्त बकाया गन्ना मूल्य होली से पहले तत्काल दिलाया जाए। इसके साथ ही गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली और गन्ना उतारने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया गया है। किसानों का कहना है कि चीनी मिलों के गेट पर भी घटतौली हो रही है, लेकिन वर्तमान पेराई सत्र में अब तक किसी भी स्तर पर प्रभावी छापेमारी या जांच अभियान नहीं चलाया गया, जिससे दोषियों के हौसले बुलंद हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि दि किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के गेट पर भारी वाहनों का लंबा जाम लगा रहता है। गन्ना वाहनों को 72 से 80 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और मिल की रिकवरी भी प्रभावित हो रही है। भाकियू ने प्रशासन से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, घटतौली रोकने के लिए विशेष अभियान और किसानों का शोषण तत्काल बंद कराने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# लाठीचार्ज के विरोध में गांधी पार्क में कांग्रेस का सत्याग्रह

## राहुल गांधी के आगमन से पहले सुल्तानपुर में सियासी पारा हाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। 17 फरवरी को लखनऊ में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जनपद सुल्तानपुर में कांग्रेस सड़क पर उतर आई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित सुपर मार्केट के गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जोरदार सत्याग्रह आंदोलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने किया, जबकि शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की प्रमुख उपस्थिति रही। सत्याग्रह के दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल राजनीतिक रूप से गरमाया रहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज



लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध हमारा संवैधानिक अधिकार है। अगर सरकार जनता की आवाज उठाने वालों पर लाठी चलाएगी तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। सड़क से सदन तक संघर्ष होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए दमन की राजनीति कर रही है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन पर बल प्रयोग यह साबित करता है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों से भटक चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दमन का सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस व्यापक जन आंदोलन छेड़ेगी। हम गांधीवादी तरीके से संघर्ष करेंगे, लेकिन अन्याय के खिलाफ पीछे नहीं हटेंगे।इस अवसर पर नफीस फारूकी, श्याम किशोर, शंकर मिश्र, असलम अंसारी, सलाहुद्दीन हाशमी, मो अतीक, विजयपाल, अतहर नवाब, शरद श्रीवास्तव, रंजीत सिंह सलूजा, अनवर फौजी, जमींदार यादव, मोहित तिवारी, मानस तिवारी, देवेंद्र श्रीवास्तव उमाकांत त्रिपाठी,समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### राहुल गांधी आज सुल्तानपुर में, कांग्रेसियों में उत्साह

नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के कल सुल्तानपुर आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखा जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह की अध्यक्षता में विस्तृत तैयारी बैठक आयोजित की गई ।बैठक में स्वागत, न्यायालय परिसर में उपस्थिति, कार्यकर्ताओं की तैनाती और संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी एमपी-एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराएंगे ।उनके आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की सबसे मजबूत आवाज हैं। उन्होंने कहा राजनीतिक द्वेष से प्रेरित मुकदमों से सच्चाई नहीं दबेगी। सुल्तानपुर की धरती उनका ऐतिहासिक स्वागत करेगी। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राहुल गांधी का आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा लेकर आएगा। उन्होंने कहा हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष को तैयार हैं। सुल्तानपुर की जनता राहुल गांधी का भव्य स्वागत करेगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र, फिरोज अहमद, लाल पद्माकर सिंह, राहुल त्रिपाठी, हौसिला प्रसाद भीम, सुरेश चंद्र मिश्रा, वरुण मिश्र, सुब्रत सिंह, विजयपाल गौतम, ममनून आलम,सलाहुद्दीन हाशमी,हामिद राईन समेत दर्जनों नेता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# असम: चुनावी खेल में संविधान तार-तार

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा मुस्लिम विरोधी अपने बयानों के लिए अक्सर सुर्खियों में आ जाते हैं। भाजपा ने उन्हें असम में मुख्यमंत्री क्यों बनाया है और क्यों वो मोदी-शाह की आंखों के तारे बने हुए हैं, यह समझना कठिन नहीं है। हिमंता बिस्वासरमा का बस चले तो असम को वे देश का पहला हिंदू राज्य घोषित कर दें, क्योंकि बार-बार लगातार उनके बयानों में यही संदेश सामने आता है कि मुसलमानों को राज्य से बाहर किया जाए। अभी कुछ दिनों पहले हिमंता बिस्वासरमा का एक वीडियो भी काफी वायरल हुआ था, जिसमें वो मुसलमान दिख रहे लोगों पर निशाना साध रहे थे। असम की भाजपा ईकाई ने यह वीडियो जारी किया था और इसमें ऊपरी तौर पर घुसपैठियों को बाहर करने का संदेश था, लेकिन असल निशाना अल्पसंख्यक समुदाय पर ही था। और जहां तक घुसपैठियों को बाहर करने या उन पर कार्रवाई करने का सवाल है, तो यह काम भी कानून के दायरे में होना चाहिए। अगर सत्ता पर बैठा शख्स हाथ में बंदूक लेकर इंसाफ करने निकल पड़े तो फिर देश में अदालतों की जरूरत ही क्या होगी। अफसोस इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट की राय इस बारे में अलग है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमंत बिस्वासरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ताओं से गुवाहाटी हाई कोर्ट जाने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनावों से पहले ऐसे कई मामले सामने आते हैं। यह एक चलन बनता जा रहा है। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। इस बात पर कोई दो राय नहीं है कि चुनावों में विरोधी पर वार करने के लिए कई बार कानूनी लड़ाइयों का सहारा लिया जाता है। बल्कि मोदी के शासनकाल में तो जांच एजेंसियों का भी खुला इस्तेमाल होने लगा है। लेकिन असम का यह मामला कल्पना से उपजा आरोप नहीं है, बल्कि हिमंता बिस्वासरमा ने जिस तरह मुसलमान को बंदूक की नोक पर रखा है, वह बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि इसमें न केवल कानून और संवैधानिक पद की मर्यादा का मखौल उड़ाया गया है, बल्कि भारत की धर्मनिरपेक्षता के चिथड़े-चिथड़े करने की मानसिकता झलकी है। गौरतलब है कि 8 फरवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम भाजपा के एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वासरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। लेकिन कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन पॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत ने इस वीडियो को शेयर करते हुए पूछा था कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वहीं कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा था कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है। श्री बिस्वासरमा के इस वीडियो पर कांग्रेस, आरजेडी, शिवसेना समेत कई विपक्षी दलों ने आलोचना कर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन हिमंता बिस्वासरमा पर कोई फर्क नहीं पड़ा था। उनका कहना था कि जेल जाने के लिए तैयार रहूंगा, लेकिन घुसपैठियों का मुद्दा नहीं छोडूंगा। जिस तरीके से हिमंता बिस्वासरमा ने अपने बयान को सही ठहराया था, उससे सवाल उठता है कि क्या उन्हें पता था कि जब तक मोदी-शाह का हाथ उनकी पीठ पर है, उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

# विकास का संकल्प : ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

**ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।**

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है। ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ञ्ट्रिपल इंजन सरकारङ्क का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरुआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना', मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है। ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे। परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी।



यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है। मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है। महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो। यह भी सच है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास का वास्तविक आकलन कठिन हो जाता है। नई सरकार ने पूर्ववर्ती शासन की कमियों-जैसे कथित भ्रष्टाचार, अधूरी इमारतें, प्रदूषण नियंत्रण में विफलता को सुधारने का दावा किया है। किंतु जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देखना चाहती है। आने वाले वर्षों के लिए सरकार के सामने स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए-स्वच्छ वायु, स्वच्छ यमुना, सुगम यातायात, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन। राजधानी होने के नाते दिल्ली को केवल भारत का प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श शहरी मॉडल बनना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि बजट में आवंटित राशि का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग हो, परियोजनाएं समयबद्ध पूरी हों और जनभागीदारी को प्रोत्साहन मिले। ट्रिपल इंजन सरकार का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब समन्वय का लाभ जमीन पर दिखाई दे। केंद्र और राज्य के बीच टकराव की राजनीति के स्थान पर सहयोग की भावना यदि कायम रहती है, तो दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकती है। एक वर्ष में कुछ सकारात्मक संकेत अवश्य मिले हैं, परंतु अभी लंबी यात्रा शेष है। सरकार को अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के साथ-साथ कमियों का ईमानदार आत्ममंथन भी करना होगा। दिल्ली की जनता जागरूक है और अपेक्षाएं भी बड़ी हैं। वह केवल वादों से संतुष्ट नहीं होगी, उसे परिणाम चाहिए। यदि रेखा गुप्ता सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो आने वाले वर्षों में दिल्ली सचमुच एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और आधुनिक महानगर के रूप में उभर सकती है। यही समय है जब बजट की घोषणाओं को विकास की वास्तविक कहानी में बदला जाए और राजधानी को समस्याओं के प्रतीक से समाधान के मॉडल में परिवर्तित किया जाए। **– ललित गर्ग**

# न्याय बने विकास की कसौटी

सामाजिक न्याय का विश्व दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

किसी भी समाज की सच्ची प्रगति उसकी ऊंची इमारतों या तेज आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से मापी जानी चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना न्यायपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करता है। 20 फरवरी को मनाया जाने वाला सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का प्रतीक है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। इस दिवस की स्थापना इसलिए की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए देशों के बीच साझा प्रतिबद्धता को मजबूती मिल सके। वर्ष 2026 में सामाजिक न्याय का विश्व दिवस की थीम है 'समावेशन को सशक्त बनाना: सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना'। यह थीम स्पष्ट करती है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। जरूरी यह है कि विकास की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में उन लोगों की आवाज को स्थान देना है, जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बनती रहेंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा लक्ष्य बना रहेगा। यह दिवस विशेष प्रासंगिकता रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक गहरे संक्रमणकाल से गुजर रही है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक ढ़ांचों को तेजी से बदला है। इन बदलावों का लाभ जहां कुछ सीमित वर्गों तक सिमट गया है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होती जा रही है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय केवल नैतिक आदर्श नहीं, नीति और शासन की अनिवार्य प्राथमिकता बन चुका है। सामाजिक न्याय की अवधारणा अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी है। इसका मतलब यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिले बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर उपलब्ध हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच इसके मूल स्तंभ हैं। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्म स्थान या आर्थिक स्थिति से तय होने लगे, तब यह स्पष्ट संकेत होता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। इसी संदर्भ में सम्मानजनक कार्य और मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता सामने आती है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता और भरोसे की आधारशिला हैं। भारत में सामाजिक न्याय का विचार गहरे संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा है। संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है जबकि मौलिक अधिकार और राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। स्वतंत्रता के बाद से आरक्षण नीति, सामाजिक कल्याण योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश तथा कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बावजूद इसके, क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक विषमता जैसी चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि क्या हमारी नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, क्या शिक्षा और रोजगार के अवसर वास्तव में समान हैं और क्या विकास का लाभ संतुलित रूप से बंट रहा है? यह दिवस यह भी याद दिलाता है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई किसी एक देश या सरकार की नहीं बल्कि वैश्विक सहयोग और सामूहिक प्रयास की मांग करती है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे।

## सेहत मंत्र

# मिर्गी को जड़ से खत्म करती है भांग की दवा

एपिलेप्सी या मिर्गी ऐसी अवस्था है जबकि व्यक्ति को असमय झटके आते हैं या फिर कुछ समय के लिए उसकी चेतना तक चली जाती है। ऐसा मस्तिष्क में असंतुलित इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी के कारण होता है। सामान्यतः मिर्गी बचपन में होती है जो अगर लाइलाज रहे तो उसके लक्षण बार-बार सामने आने लगते हैं। मगर कुछ मौकों पर स्ट्रोक के कारण भी बुजुर्गों में मिर्गी के लक्षण व्यक्त होने लगते हैं। मिर्गी के झटके ज्यादा आते हैं या कभी-कभार, यह इस बात से तय करता है कि असामान्य इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी से मस्तिष्क का कितना हिस्सा प्रभावित है। बांबे हेंप कंपनी के सह-संस्थापक जहान पेस्टोन जामास ने शुक्रवार को कहा मिरगी जैसे क्रोनिक रोगों के इलाज में भांग से बनने वाली दवाइयां असरदार साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई अनुसंधान से पता चला है कि भांग का दुष्प्रभाव नगण्य होता है जबकि औषधीय गुणों के कारण मानसिक रोगों के अलावा कैंसर के इलाज में भी इससे निर्मित दवाइयों का उपयोग हो सकता है। बांबे हेंप कंपनी (बोहेको) वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (आईआईआईएम) की ओर से यहां आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर आईएएनएस से बातचीत में जमास ने कहा, ''भांग में टेट्रा हाइड्रो कैनाबिनोल (टीएचसी) नामक एक रसायन होता है, जिससे नशा होती है। इसके अलावा भांग में सारे औषधीय गुण ही होते हैं। उन्होंने कहा कि टीएचसी का उपयोग दर्द निवारक दवाओं में किया जाता है, जो कैंसर से पीड़ित मरीजों को दर्द से राहत दिलाने में असरदार होती है। जमास ने कहा कि दवाई बनाने के लिए भांग की खेती करने की जरूरत है, लेकिन वर्तमान नारकोटिक्स कानून में भांग की पत्ती और फूल दोनों को शामिल किए जाने से इसमें रुकावट आती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान राम को घर-घर पहुंचाने वाले तुलसीदास अपने घर में उपेक्षित

विश्व भर में भगवान राम को घरों में पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास अपने घर चित्रकूट में ही उपेक्षित है। उनका जन्म संवत 1554 में सावन मास की सप्तमी को चित्रकूट राजापुर में हुआ था। जन्म के समय रामनाम का उच्चारण करने की वजह से उनका नाम रामबोला पड़ गया था। आत्माराम दुबे और हुलसी की इस संतान का बचपन काफी अभाव में बीता लेकिन पत्नी रत्नावली के अगाध प्रेम ने जीवनधारा ही बदल दी। रामबोला बाबा नरसिंहदास के सानिध्य में आने के बाद तुलसीदास के रूप में हीरा बनकर चमके। बाबा उन्हें अयोध्या ले गए और उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया। तुलसीदास ने इसके बाद देश के विभिन्न तीर्थो में घूम कर रामचरित मानस को लिखा। उनकी हस्तलिखित रामचरित मानस का अयोध्या कांड आज भी राजापुर के मानस मंदिर में रखा है। बाबा की इस धरोहर की रक्षा उनके शिष्य वंशज मानस मंदिर के महंत रामाश्रय त्रिपाठी कर रहे हैं। उनके मुताबिक आज लोग बाबा की जन्म स्थली को लेकर विवाद करने लगे हैं लेकिन गोस्वामी तुलसीदास का जन्म राजापुर में हुआ था इसका सबसे बड़ा प्रमाण हस्तलिखित रामचरित मानस है। साथ ही उन्होंने यहां पर संकट मोचन मंदिर स्थापित किया था। जहां बाबा प्रतिदिन पूजा करने जाते थे। एक बार तुलसीदास जी हनुमान जी को ढूंढते हुए उनके पास पहुंच गए और कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करवा दें। हनुमानजी के आश्र्वासन के बाद बाबा तुलसी जब रामघाट पर लोगों को चंदन लगा रहे थे तभी बालक के रूप में भगवान राम इनके पास आए और कहने लगे कि बाबा हमें चंदन नहीं दोगे।

## पर्यटन



# एक सींग वाले गैंडे देखने हैं तो काजीरंगा नेशनल पार्क आइए

वाइल्ड लाइफ देखने वालों के लिए भारत में कई सारे नेशनल पार्क हैं जहां जाया जा सकता हैं। लेकिन कहते हैं हर जंगल के जानवरों की अपनी अलग पहचान होती हैं। भारत के सभी नेशनल पार्कों में से एक है असम का काजीरंगा नेशनल पार्क, जो 36 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक है। काजीरंगा नेशनल पार्क में आपको एक सींग वाले गैंडे देखने को मिलेंगे। यहां एक सींग वाले गैंडों की संख्या भी ज्यादा है इसलिए काजीरंगा नेशनल पार्क पूरी दुनिया में मशहूर है। ये असम का सबसे पुराना दर्शनीय स्थल है, यह असम के नौगाँव जिले में स्थित है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे के अलावा यहां हाथियों के समूह, जंगली बिल्ली, सियार, हिरण, सांभर, लंगूर, तेंदुआ एवं विभिन्न प्रकार के जानवर देख सकते हैं। अन्य पार्कों में मानस नामेटी नैशनल पार्क, ऑरेंज नेशनल पार्क भी पर्यटक देख सकते हैं। काजीरंगा यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थलों की सूची में इसका प्रमुख स्थान है। इसके अलावा यहां बाघ और अन्य जीव भी खूब पाए जाते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क, असम के बीचों-बीच नौगाँव में 430 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के अंदर बना हुआ है और इसके अंदर ही एक सींग वाले गैंडे की कई प्रजातिया हैं जैसे राइनोसेरोस, यूनीकोर्निस। 1905 में बने इस नेशनल पार्क की सुंदरता सर्दियों के मौसम में और निखर आती है क्योंकि ये हरे-भरे जंगल और यहां के जानवर साथ ही असम का मौसम इस पार्क की खूबसूरती को और बढ़ा देता है। काजीरंगा की एक खास बात ये भी है कि यहां विभिन्न प्रजातियों के बाज, चीलें और तोते भी आते हैं।

# कार्यकत्रियां शिक्षक एवं शिक्षिकाओं निपुण बच्चो का सम्मान




मसौली, बाराबंकी। ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव में 'मेरे आंगन, मेरे बच्चे कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित निपुण बच्चों की सहभागिता रही तथा हर न्याय पंचायत से पांच-पांच निपुण बच्चों एवं बालवाटिका का प्रभावी संचालन करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों शिक्षक एव शिक्षिकाओं ब्लॉक के निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पारुल शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे प्रतिभागियो से रूबरू होते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कहा कि हमारे बच्चे केवल हमारे नहीं, अपितु राष्ट्र के भविष्य हैं। उनके कोमल बचपन को सुसंस्कृत, सुसंवर्धित एवं सुसज्जित करना हम सभी का परम उत्तरदायित्व है। सम्पूर्ण बेसिक शिक्षा परिवार एक ही नाव पर सवार है, और हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं शिक्षकों का यह पावन दायित्व है कि यह नाव कभी डगमगाए नहीं, अपितु सफलता के तट तक निरंतर अग्रसर होती रहे। खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालयों में हो रहे भौतिक परिवर्तन, कायाकल्प एवं परिवर्तित शैक्षिक परिवेश में उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा के नवोदय का प्रतीक बताया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पारुल शुक्ला ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की महती एवं मातृवत भूमिका को रेखांकित किया। डायट मेंटर महेंद्र यादव ने प्रशिक्षण के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों में आये सकारात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तनों की प्रशंसा करते हुए इसे गुणवत्ता-संवर्धन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बताया । सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में प्राथमिक विद्यालय गुरेला के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा मेरा वोट मेरा अधिकार, प्राथमिक विद्यालय बरगदही के बालकों द्वारा मेरे चंदा मामा गीत, प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर,मंशापुरवा, बड़ागांव के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने उपस्थित जनसमूह के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। खंड शिक्षा अधिकारी, मसौली जैनेंद्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्य एवं महत्त्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे केवल एक आयोजन नहीं, अपितु बाल मन के सर्वांगीण विकास का सशक्त संकल्प है। वरिष्ठ आंगनबाड़ी नोडल एआरपी आदित्य वर्मा ने नई शिक्षा नीति के आलोक में पूर्व प्राथमिक शिक्षा की आधारभूत भूमिका पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। एआरपी (विज्ञान) आशीष शुक्ल ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामुदायिक सहभागिता तथा अभिभावकों की सक्रिय भूमिका को अनिवार्य बताते हुए शिक्षा को एक सामूहिक उत्तरदायित्व के रूप में परिभाषित किया। एसआरजी अवधेश कुमार पांडे ने उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों की सराहना करते हुए सभी अतिथियों को शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शित कर रहे शिक्षकों के स्टॉल का अवलोकन कराया। प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर बच्चों को आशीर्वचन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी मसौली ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं एआरपी राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजरगण एवं गणमान्य शिक्षक मौजूद रहे।

## मुश्कान, शिल्पी व रोहिनी सम्मानित, फ़ेयरवेल पार्टी

निंदूरा बाराबंकी **कैनविज टाइम्स संवाददाता**। अमरसंडा स्थित एम.डी.कॉलेज में आयोजित फ्रेशर एवं फ़ेयरवेल पार्टी का शुभारंभ प्राचार्या डॉ.अंशुल दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र–छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया तथा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समूह नृत्य, एकल गीत, नाटक एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं, जिनको सभी ने सराहा। मुश्कान, शिल्पी यादव व रोहिनी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में मिस फ्रेशर – तान्या, मिस्टर फ्रेशर अमित कुमार, मिस फ़ेयरवेल मंतशा व नितिन मिस्टर फ़ेयरवेल रूप में चयनित हुए। तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार जताया।इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. के. एल. सिंह, डायरेक्टर डॉ. पंकज सिंह सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला, धमकी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कुर्सी क्षेत्र के ग्राम गंगौली निवासी पूर्व प्रधान एवं पूर्व बीडीसी सहजराम रावत ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बताया कि वह गंगौली स्थित पानी टंकी के पास एक दुकान पर बैठा था। इसी दौरान अनवारी निवासी महमूदूल व अफसार तथा पड़री निवासी रेहान, निसार व रुमान पुत्र मास्टर एवं दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे।

पीड़ित के अनुसार, जब उन्होंने उक्त जमीन के संबंध में जानकारी होने से इनकार किया तो आरोपी आग–बबूला हो गए और जातिसूचक शब्दों के साथ गाली–गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने लात–घूंसों से मारपीट की तथा उनमें से एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। सहज राम रावत का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल थाना कुर्सी को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तब उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरी आपबीती सुनाई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## चार जालसाज सफ़ेद बिस्किट समेत धरे गए

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना पुलिस ने सफ़ेद धातु के कूटरचित बिस्किट बनाकर लोगों से ठगी करने वाले चार शातिर आरोपियों राजू सोनी पुत्र सहजराम सोनी व कपिल मिश्रा पुत्र रामचंद्र मिश्रा निवासीगण ग्राम सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला, लल्लू तिवारी पुत्र परशुराम निवासी चन्द्रसिहाली थाना मोहम्मदपुर खाला तथा मुन्ना सिंह पुत्र सर्वेश्वर सिंह निवासी ग्राम गोंडा थाना मोहम्मदपुर खाला को रीवां–सीवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो कूटरचित सफ़ेद धातु के बिस्किट बरामद हुए। पुलिस ने चारों के विरुद्ध थाना बड्डूपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सोने–चांदी की रिपेयरिंग का काम करते थे। मिलेट धातु के ऊपर चांदी की पॉलिश चढ़ाकर उसे चांदी के दाम में बेच देते थे और अवैध लाभ से अपने महंगे शौक पूरे करते थे।

## शादी का झांसा दे साल भर करता रहा दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दिए प्राथना पत्र में बताया कि गांव के ही एक युवक से बीते तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। युवती का आरोप है कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। वह जब भी शादी के लिए दबाव बनाती आरोपी निजी समस्याओं का बहाना बनाकर टालमटोल करने लगा।बड्डूपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 657 छात्र–छात्राओ ने दी परीक्षा, दस अनुपस्थित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बोर्ड परीक्षा में दूसरे दिन गुरुवार को जनपद के 57 केन्द्रो पर प्रथम पाली मे 10 वीं तथा 12 वीं के छात्र छात्राओं ने कम्प्यूटर एवं व्यवसायिक की परीक्षा दी इसमे 10 वीं के पंजीकृत 657 परिक्षार्थियो मे 647 ने प्रतिभाग किया और 10 अनुपस्थित पाये गये, इसी पाली मे इण्टर मीडिएट के पंजीकृत 777 छात्र छात्राओं मे 705 परिक्षार्थी सम्मलित हुए और 72 परिक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये दूसरी पाली मे 100 परीक्षा केन्द्र पर इण्टरमीडिएट के पंजीकृत 5272 छात्र छात्राओं मे 4939 ने नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा दी तथा 333 परिक्षार्थियो ने किन्ही कारण से परीक्षा छोड़ दी, भारी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य शुरू बोर्ड परीक्षा का दूसरा दिन भी सभी परीक्षा केन्द्रो पर शान्ति मय रहा कही से भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना प्रकाश मे नही आयी ।

## शौच गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म, लूटे जेवरात

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना क्षेत्र में बीती शाम एक 45 वर्षीय महिला घर से कुछ दूर शारदा सहायक नहर के किनारे शौच को गई थी, तभी दो बाइक सवार युवकों ने उसे दबोच लिया। महिला ने अपने को छुड़ाने का लाभ प्रयास किया। लेकिन असफल रही,जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। और मारपीट कर उसके जेवर चांदी के पायल, बिछिया,सोने के कान के टॉप्स, मंगल सूत्र और नाक की बिंदी लूट ली।जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने फतेहपुर पुलिस को लिखित तहरीर दी है। कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आशनाई से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## छत से गिरकर बालक जख्मी, गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के मोहल्ला पचघरा निवासी लल्लन कनौजिया का 4 वर्षीय पुत्र रूद्र अपने घर की छत पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह छत से नीचे गिर गया। चिकित्सकों ने बालक की हालत चिंताजनक बताई है।

## बार के पूर्व अध्यक्ष भारत सिंह,शोक की लहर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसो के पूर्व अध्यक्ष एवम राम सेवक यादव डिग्री कालेज के प्रबंधक भारत सिंह यादव का बीती देर रात डेढ़ बजे निधन हो गया। उन्हे जगनेहता स्थित शमसान घाट में परिजनों ने मुखाग्नि दी। भारत सिंह यादव बरिष्ट अधिवक्ता थे। उन्हें सरकार द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नामित किया गया था।इसी के साथ वे राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा रामसेवक यादव स्मारक डिग्री कालेज प्रबन्ध समिति के प्रबंधक का दायित्व निभा रहे थे। अपनी कर्मठता, मिलनसार व्यक्तित्व के चलते जिला बार एसोसिएशन के वे अध्यक्ष भी चुने गए थे। इधर कुछ समय से भारत सिंह यादव कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित रहे थे। जिला बार एसो अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा,वरिष्ट उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा,महामंत्री राम राज यादव,पूर्व अध्यक्ष एम के सिंह,बृजेश दीक्षित,सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन, योगेन्द्र वर्मा,एम पी सिंह,रघुराज वर्मा,अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,राकेश शर्मा,अनिल कुमार शुक्ला,अनूप कल्याणी,नंद किशोर यादव,सुशील जायसवाल,पुष्पेंद्र सिंह, वीरेन्द्र प्रताप यादव ,राहुल शर्मा,अमीनुद्दीन,हिमालय जायसवाल,सुषमा शर्मा,सतीश पाण्डेय,गौरव गुप्ता सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य,पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पत्नी से अपमानित शिक्षक रेल पटरी पर कूदा, दर्दनाक मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। गुरुवार की भोर पत्नी से हुई मामूली कहासुनी के बाद शिक्षक पति ने ऐसा कदम उठाया कि पुरा गांव थरा गया और अपने हरेभरे परिवार को शोक मे बदल दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताते चले कि गुरुवार की सुबह मसौली क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर निवासी 45 वर्षीय बी पी शुक्ला इंटर कालेज के शिक्षक श्याम सिंह ने पत्नी से मामूली कहासुनी के बाद शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना ने पूरे इलाके को गहरे शोक और सन्नाटे में डुबो दिया और मृतक अपने पीछे एक नन्ही-सी उम्मीद छोड़ गए हैं-उनकी बेटी प्रतीक्षा, जो हाईस्कूल में पढ़ती है। पिता की असमय मौत ने मासूम बेटी के सपनों और सहारे को एक झटके में छीन लिया। परिवार और परिचितों के लिए यह विश्वास करना भी मुश्किल हो रहा है कि हमेशा शांत और सरल स्वभाव के रहने वाले श्याम सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। मृतक शिक्षक श्याम सिंह बी.पी शुक्ल इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर में अंग्रेज़ी विषय के शिक्षक थे।

त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी

अमेठी,जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (संशोधन) की अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्धारित तिथियों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं अद्यतन की कार्यवाही संपादित की जायेगी।जारी कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की तैयारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा परीक्षण एवं आवश्यक अनुमोदन की प्रक्रिया सात जनवरी से सोलह मार्च तक पूर्ण की जायेगी। इक्कीस फरवरी से सोलह मार्च तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण करते हुये पूरक सूची का कंप्यूटरीकरण, मतदान केंद्रों स्थलों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कार्य किया जायेगा।इसके उपरांत सत्रह मार्च से तेरह अप्रैल तक मतदाता सूचियों का अंतिम कंप्यूटरीकरण, मतदान केंद्रों का क्रमांकन, भाग संख्या निर्धारण, संबंधित विकास खण्डों,ग्राम पंचायतों के अनुसार समायोजन तथा फोटो प्रविष्टि आदि कार्य संपन्न किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के

# आरआरसी सेंटर में बांधी जा रही बकरियां, लाखों खर्च

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकास खण्ड बनीकोडर में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ रही हैं। पंचायतो में लाखों की लागत से बने आर आर सी सेंटर बेकार पड़े हैं, कहीं उपयोग से पहले खंडहर में तब्दील हो गए हैं और कहीं पर ताले लटक रहे हैं। ब्लॉक की इब्राहिमाबाद ग्राम पंचायत के गांव सधवापुर में बने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का उपयोग बकरी पालन के लिए किया जा रहा है,जो स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर सवाल खड़े करता है।विभाग द्वारा सफाई के नाम पर लाखों खर्च किए गए,लेकिन ग्राम पंचायतों को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है।अब देखने की बात ये है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है या स्वच्छ भारत मिशन के तहत और क्या कदम उठाए जा रहे हैं यह तो जांच का विषय है।

# विधानसभा सत्र में गरजे इसौली विधायक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### सरकार के पास भारी बजट, फिर भी पकड़ाया का रहा है झुनझुना

### इसौली विधानसभा की सड़कों,विद्युत व पुल बनवाने की उठाई मांग

लखनऊ/सुल्तानपुर। विधानसभा सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के इसौली विधायक ताहिर खान सरकार पर हमलावर रहे। उन्होंने सरकार के भारी भरकम बजट पर कहा कि पिछले चार वर्षों में सरकार केवल झुनझुना पकड़ा रही है।उनकी विधानसभा की सड़कों का कार्य नहीं हो रहा है।साथ ही काफी दिनों से उन्होंने विद्युत उपकेंद्र बनाने की मांग रखी है। लेकिन उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। विधायक ने कहा कि अलीगंज से कुड़वार मार्ग जो सिंगल लेन सड़क है। उसे कई बार प्रस्ताव के बाद भी चैड़ीकरण में नहीं लिया गया। कुड़वार से नौंगवा तीर गांव होकर अयोध्या को जाने वाली सड़क पर भी चैड़ीकरण नहीं किया गया।विधानसभा क्षेत्र से निकलकर प्रभात नगर को जाने वाले देवरा मार्ग को चैड़ीकरण में नहीं लिया। अशरफ पुर में पुल बनाने की मांग काफी दिनों से उनके द्वारा की जा रही है लेकिन उसका भी संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि उनके लोकसभा के कार्यकाल के दौरान राजीव गांधी विद्युतिकरण योजना के अंतर्गत जो केबल लगाई गई थी वह अब जर्जर हो चुकी है। उसको भी नहीं बदलवाया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में कई पावर हाउस प्रस्तावित है लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हुआ।गर्मी के दिनों में ओवर लोड की समस्या से निदान के लिए बहलोलपुर गांव में 132 केवी पावर हाउस बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन उसका भी आज तक संज्ञान नहीं लिया गया। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर विधानसभा क्षेत्र में कट बनाए जानी की मांग भी उठाई। उन्होंने सरकार से मांग की हमारी विधानसभा के कई मार्ग ऐसे है जो प्रयागराज और अयोध्या को जोड़ते है उन सभी को सात मीटर करवाने के साथ ही इसौली विधानसभा का भी विकास करवाया जाए।

## कंधईपुर आयुष्मान मंदिर 6 माह बाद खुला, ग्रामीणों को मुफ्त दवाएं और जांच की सुविधा मिलेगी

सुल्तानपुर। भदैयां ब्लॉक स्थित कंधईपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर छह महीने बाद फिर से संचालित हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) बविता सिंह के मातृत्व अवकाश पर होने के कारण यह केंद्र बंद था, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। केंद्र के दोबारा खुलने से ग्रामीणों में खुशी है। अब इस केंद्र पर रोजाना लगभग 15 से 20 मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जा रही हैं। इनमें खांसी, बुखार, गैस, बीपी, शुगर और कैल्शियम जैसी बीमारियों की दवाएं शामिल हैं। केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहता है। सीएचओ बविता सिंह ने बताया कि यहां केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज के लिए कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। इस स्वास्थ्य केंद्र का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बच्चों को मिल रहा है। मंदिर के माध्यम से कुल 14 प्रकार की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है।

# नारी उत्थान, सामाजिक न्याय के नायक थे साहू जी –भुल्लन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। शहर स्थित शान्ति विहार कॉलोनी मे कमेरा स्वाभिमान महासंघ के तत्वावधान मे छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनायी गयी कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन वर्मा ने शिवा जी के चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रजवल्लित करते हुए किया।

छत्रपति साहूजी महराज जयंती अवसर पर सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि साहू जी महाराज सामाजिक न्याय, नारी उत्थान और समाज कल्याण के नायक थे जो शोषित, वंचितों के महानायक, महान समाज सुधारक, दार्शनिक आदर्श पुरुष थे जिन्होंने आरक्षण की नींव रखी और समाज में व्याप्त अनेकों बुराइयों को समाप्त किया था उन्होंने कहा कि शाहूजी महाराज ने दलित और शोषित वर्ग के दुख दर्द को बहुत करीब से समझा और उनसे निकटता बनाकर उनके मान-सम्मान को ऊपर उठाया ।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर टी एन सिंह वर्मा ने कहा कि शाहूजी महाराज गैरबराबरी की व्यवस्था को खत्म करने के लिए देश में पहली बार अपने राज्य में पिछड़ों के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू की थी। जिलाध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि शाहूजी महाराज समाजिक न्याय, नारी उत्थान, और समाज के कल्याण के नायक थे उन्होंने ज्योतिबा फुले के सिद्धांतो को मानते हुए डा0 भीम राव अम्बेडकर जैसे सामाजिक क्रांति करियो का अनुशरण किया इसीलिए उन्हे ज्योतिबा और बाबा साहब के बींच कड़ी मना गया है।

वीरेंद्र वर्मा के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम मे मीडिया प्रभारी भूकान्त वर्मा ने संगठन की एकता को बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिये।

इस मौक़े पर डॉ प्रेम प्रकाश वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, अमरेंद्र वर्मा, जय किशन वर्मा, संजय वर्मा, पूनम वर्मा, वासुदेव वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, उत्तम वर्मा, विद्या प्रसाद वर्मा, जिया लाल वर्मा, राम मनोहर वर्मा, शिशु पाल वर्मा, राम समुझ वर्मा, नन्द किशोर वर्मा, शिवनाथ वर्मा जी सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## हाई टेंशन लाइन करेंट से झुलसा ग्रामीण

फतेहपुर बाराबंकी। कोतवाली के समनाडीह गांव निवासी 65 वर्षीय राजबली पुत्र भल्लर आज सबेरे सड़क किनारे लगे पकरिया के पेड़ से पत्ते तोड़ रहा था। पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन से तेज करंट का झटका लगते ही राजबली जमीन पर गिरा। और गंभीर रूप से झुलसे राजबली को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## बार चुनाव नामांकन पत्र दाखिला शुरू,

फतेहपुर बाराबंकी। दि बार एसोसिएशन चुनाव के लिए शुरू नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर प्रेमचन्द्र पाल, हरीश मौर्य, प्रदीप कुमार निगम ने नामांकन दाखिल किये। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु राजीव नयन तिवारी,सतीश वर्मा, उपाध्यक्ष प्रथम पर सत्यदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष द्वितीय पर गणेश शंकर मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव महामंत्री पद पर अनीत रावत,अमरसिंह वर्मा, संजय सिंह नम्बरदार, मनीष श्रीवास्तव, कुबेरसिंह,राम औतार ने नामांकन दाखिल किये है। संयुक्त मंत्री प्रशासन के पद पर सुनील सिंह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर अजय सिंह, संयुक्तमंत्री पुस्तकालय पर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर रंगनाथ त्रिपाठी,कार्यकारिणी सदस्य पद पर अनुज जोशी, नियाज वारिस ने नामांकनपत्र दाखिल किये है जिनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इल्डर्स कमेटी चैयरमेन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष,महामंत्री,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर चुनाव 26 फरवरी को होगा।

## बाइक भिड़ी एक युवक की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र चौकी हथौंधा अंतर्गत गाजीपुर के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई।,जबकि दूसरी बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे पति,पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा तीनों घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक बाइक सवार करण कुमार उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र राम तीरथ निवासी गांव ढेगवा खजूरी की मौत हो गई। जबकि दूसरे बाईक सवार राम सिंह 25 वर्ष और उनकी पत्नी रीता 23 वर्ष निवासी गांव नारायनपुर बडेला दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सुचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने करण कुमार के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य को पुत्र शोक

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह के बेटे योगेन्द्र सिंह उर्फ जन्नू का गुरुवार को दुखद निधन हो गया। विदित हो पिछले कुछ महीनों से वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज अस्पताल से चल रहा था। कि अचानक रविवार गुरुवार भोर में को 4.30 बजे उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन परिवरी जन उन्हें लखनऊ अस्पताल ले गये जहां पहुंचते ही उनका निधन हो गया। उक्त घटना से पूरे क्षेत्र में दुख का माहौल है।

# अपने निराशाजनक अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

पाल्लेकेले (श्रीलंका)। अपने ग्रुप के दो महत्वपूर्ण मैच में हार से निराश ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को यहां ओमान की कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपनी निराशाजनक अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगा। सीमित ओवरों के क्रिकेट में छह वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मंगलवार को कैंडी में जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। इस मैच के रद्द हो जाने से जिम्बाब्वे को एक महत्वपूर्ण अंक मिला जिससे उसने श्रीलंका के साथ ग्रुप बी से सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने से अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी में कुछ दम दिखाया लेकिन




उसके गेंदबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उसे इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ उलटफ़ेर का शिकार होना पड़ा था। यही कारण है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टीम के स्वदेश लौटने पर उसके प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के इस निराशाजनक प्रदर्शन में कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के अलावा उसके खराब खेल और चयन को लेकर कुछ फैसलों का भी योगदान रहा। यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क की स्टार तेज गेंदबाजी तिकड़ी की अनुपस्थिति के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में प्रवेश किया था, लेकिन जिम्बाब्वे से हार के बाद चीजें तेजी से बिगड़ती चली गईं। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब स्वदेश लौटने से पहले जीत दर्ज करना चाहेगी और इसके बाद 2028 में अपने घरेलू मैदान पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आगे की रणनीति तैयार करेगी विशेषकर तब जबकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी 30 वर्ष से अधिक उम्र के हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने निराशाजनक अभियान के बावजूद इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक खेले गए तीन मैचों में से केवल एक ही मैच जीता है। उसने आयरलैंड को 67 रन से हराया था। ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका में 2024 में खेले गए विश्व कप में ओमान को 39 रन से हराया था। दोनों देशों की वर्तमान टीम में शामिल कई खिलाड़ी उसे मैच का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया 2023 में वनडे विश्व कप में खिताब जीतने के बाद से आईसीसी टूर्नामेंटों में उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए संघर्ष कर रहा है। पिछले टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में भारत और अफगानिस्तान से हार के बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। उसकी टीम पिछले साल चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल से भी आगे नहीं बढ़ पाई थी।

# गावस्कर की अभिषेक को सलाह, पारी के शुरू में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचें

एजेंसी

अहमदाबाद। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अभिषेक शर्मा मौजूदा टी20 विश्व कप में उम्मीदों के दबाव से जूझ रहे हैं और वह चाहते हैं कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज अपनी पारी की शुरुआत में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचे। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ वह शुरू में ही आउट हो गए थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा,''अभिषेक शर्मा बहुत ही अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा है। अगर उन्होंने अमेरिका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती तो बात कुछ और होती। अब बड़े छक्के लगाने वाला शीर्ष बल्लेबाज होने का दबाव उन पर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा, ''अपनी बल्लेबाजी क्षमता को देखते हुए उन्हें क्रीज पर समय बिताना होगा। उन्हें अपनी पारी की पहली ही



गेंद पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अगर बड़े शॉट खेलने का मन करे तो ठीक है। लेकिन उन्हें 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। गावस्कर ने कहा कि इस 25 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज को अपनी पारी की शुरुआत में समझदारी से क्रिकेट खेलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''एक रन लो और अपना खाता खोलो। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। वह बाद में उनकी भरपाई कर सकता है। उसे शुरुआत में समझदारी से खेलना होगा। एक-दो ओवर क्रीज पर पांव जमाने में बिताओ, फिर अपना स्वाभाविक खेल खेलो। भारत ने बुधवार को शिवम दुबे की 31 गेंदों पर खेली गई 66 रन की पारी और वरुण चक्रवर्ती के 14 रन देकर तीन विकेट की बदौलत नीदरलैंड को 17 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। गावस्कर ने दुबे की जमकर तारीफ की और कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर को अपने खेल में सिर्फ एक शॉट जोड़ने की जरूरत है, जिससे वह बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा।

# दबाव में था पर इन हालात में बल्लेबाजी करना पसंद है: दुबे

एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बाद कहा कि वह बल्लेबाजी करते हुए दबाव में थे लेकिन उन्हें इस तरह के हालात में बल्लेबाजी करना पसंद है। भारत के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) और शिवम दुबे (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी। दुबे ने इससे पहले अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव




(34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए दुबे ने भारत की 17 रन की जीत के बाद कहा, ''स्थिति थोड़ी मुश्किल थी लेकिन यह ऐसी स्थिति है जिसमें मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है। मैं लुत्फ उठा रहा था। हालांकि मुझ पर दबाव था। उन्होंने कहा, ''गेंद स्किड हो रही थी और नीची रह रही थी। एक गेंद काफी स्पिन भी हुई। मुझे पता था कि मैं बड़े शॉट खेल सकता हूं लेकिन स्थिति की मांग शुरुआत में कुछ अलग थी। मैं बाउंड्री मारने की कोशिश करता हूं और छक्के मारने में मजा आता है। मुझे पता है कि सभी गेंदबाज मुझे छकाने की कोशिश करेंगे।

# होप और जोसेफ के कमाल से वेस्टइंडीज की इटली पर आसान जीत

एजेंसी

कोलकाता। कप्तान शाई होप के आकर्षक अर्धशतक तथा तेज गेंदबाज शामार जोसेफ के चार विकेट और चार कैच की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां इटली को 42 रन से हराकर टी20 विश्व कप के ग्रुप सी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अनुकूल दिख रही पिच पर इटली के स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए लेकिन उसने होप (46 गेंद पर 75 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 30 रन की संख्या तक नहीं पहुंच पाया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 30 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने चार कैच भी लपके और इस तरह से वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक मैच में चार विकेट और चार कैच लेने




वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्टइंडीज ने इस तरह से अपना अजय अभियान जारी रखा और ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई जहां उसका सामना भारत, दक्षिण अफ्रीका और जिंबॉब्वे से होगा। इटली ने चार मैच में एक जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया। ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम इंग्लैंड है। होप की पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा रोस्टन चेज (25 गेंद पर 24), शेरफ़ेन रदरफोर्ड (15 गेंद पर नाबाद 24) और मैथ्यू फोर्डे (आठ गेंद पर नाबाद 16) ही कुछ उपयोगी योगदान दे पाये। पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी लेकिन इटली के स्पिनरों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। इटली की तरफ से बेन मनेंटी (37 रन देकर दो) और कृशान कालुगामगे (25 रन देकर दो) ने दो दो विकेट लेकर वेस्टइंडीज को अंतिम ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बनाने दिए। अगर ग्रांट स्टीवर्ट ने 19वें ओवर में 19 रन नहीं लुटाए होते तो वेस्टइंडीज की स्थिति और भी खराब हो सकती थी। इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पावर प्ले में तीन विकेट पर 37 रन बनाए। एंथनी मोस्का (19) ने अकील हुसैन की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला लेकिन मैथ्यू फोर्डे (19 रन देकर तीन विकेट) ने अपने पहले ओवर में ही जस्टिन मोस्का (02) को आउट कर दिया। एंथनी मोस्का ने हुसैन पर दो छक्के लगाए लेकिन इस स्पिनर ने इसी ओवर में उन्हें पवेलियन भेज दिया। फोर्डे ने इसके बाद सैयद नकवी (06) को आउट करके इटली को संकट में डाल दिया। जेजे स्मट्स (27 गेंद पर 24) ने क्रीज पर बने रहने को प्राथमिकता दी लेकिन कप्तान हैरी मैनेंटी (08) के आउट होने से उन पर दबाव बन गया।

# उम्मीद है कि इंग्लैंड दौरे से पहले बड़ी टीमें अभ्यास के लिए नीदरलैंड का दौरा करेंगी: डी लीड

अहमदाबाद। नीदरलैंड के ऑलराउंडर बास डी लीड इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि एसोसिएट देशों की टीम को निकट भविष्य में आईसीसी प्रतियोगिताओं से इतर टेस्ट खेलने वाले देशों के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने का मौका मिलने की संभावना कम है लेकिन वह चाहते हैं कि कोई भी टीम इंग्लैंड का दौरा करने से पहले अभ्यास मैच खेलने के लिए उनका देश का दौरा करें। एसोसिएट देशों ने बड़ी टीमों के खिलाफ अधिक मैचों के आयोजन की मांग की है और अब डी लीड भी इसमें शामिल हो गए हैं। नीदरलैंड का जून तक कोई क्रिकेट कार्यक्रम निर्धारित नहीं है। नीदरलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टिम डी लीड के बेटे बास डी लीड ने सुझाव दिया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें इंग्लैंड में होने वाले अपने महत्वपूर्ण मुकाबलों से पहले एक-दो अभ्यास मैच खेलने के लिए नीदरलैंड का दौरा कर सकती हैं।

# सुपर आठ से पहले भारत के लिए शीर्ष क्रम की अनिश्चितता और फिंगर स्पिनर के सामने संघर्ष चिंता विषय

एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने इस बात पर सहमति जताई कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों वाले शीर्ष क्रम के लिए विपक्षी टीमों का सही रणनीति बनाना और फिंगर (उंगलियों के) स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों का संघर्ष टी20 विश्व कप के सुपर आठ में भारत के सामने दो अहम मुद्दे होंगे। डोएशे ने नीदरलैंड के खिलाफ अंतिम लीग मैच में भारत की जीत के बाद पत्रकारों से कहा कि खिताब के प्रबल दावेदार ने अभी तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेला है जिसमें उसका पूरी तरह से दबदबा रहा हो। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा शामिल हैं। यह तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और डोएशे ने स्वीकार किया कि इससे विपक्षी टीमों के लिए उनके खिलाफ रणनीति बनाना आसान हो गया है। प्रतिद्वंद्वी टीमें अभिषेक शर्मा सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए पावरप्ले में ऑफ स्पिनरों का इस्तेमाल कर रही हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए हैं जबकि कुछ समय पहले तक वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने बुधवार को पावरप्ले में तीन ओवर फेंके और अभिषेक और किशन को आउट किया। डोएशे का मानना है कि भारत को उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल में बड़े सुधार की जरूरत है। घरेलू टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ मैचों में उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने कहा, ''इससे टीमों को भारत के खिलाफ रणनीति बनाने में आसानी हुई है। हमारे पास शीर्ष तीन में ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हमारे पास संजू सैमसन बेंच पर बैठे हैं और आगामी मैचों को देखते हुए अगर हम उंगलियों के स्पिनरों को देखें तो इस मामले में हमारा सामना न्यूजीलैंड से होगा। डोएशे ने कहा, ''हमारे पास कुछ ऐसे गेंदबाज हैं जो उंगलियों से स्पिन गेंदबाजी करते हैं। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पास भी अगर हम मार्करम को शामिल करें, तो इस तरह के गेंदबाज हैं। लेकिन कुल मिलाकर हमें लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और हम टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजों से काम चला लेंगे। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने दिल्ली में अपनी राउंड आर्म ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारतीय बल्लेबाजों को चकमा दिया था, जिसके बाद पाकिस्तान के उस्मान कादिर, सलमान आगा और साइम अयूब कोलंबो में भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में कामयाब रहे। डोएशे ने कहा कि जब गेंद थोड़ी रुक-रुक कर आ रही हो तो बल्लेबाजों को उंगलियों के स्पिनरों के खिलाफ खेलने का तरीका ढूंढना होगा।

# टाटा समूह–ओपनएआई साझेदारी, 100 मेगावाट एआई अवसंरचना विकसित होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा समूह और ओपनएआई ने भारत में 100 मेगावाट (एमडब्ल्यू) एआई अवसंरचना विकसित करने की योजना पर आधारित एक रणनीतिक साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसे आगे एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही उद्यम स्तर पर एआई की स्वीकार्यता में तेजी लाने, उद्योग-विशिष्ट समाधान विकसित करने और भारतीय युवाओं के लिए एआई कौशल विस्तार के संयुक्त प्रयास भी किए जाएंगे । बहुवर्षीय समझौते के तहत टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 'हाइपरवॉल्ट' इकाई एआई-सक्षम, हरित ऊर्जा आधारित अवसंरचना विकसित करेगी जिसे अगली पीढ़ी के एआई कार्यभार को समर्थन देने के लिए तैयार किया गया है। भारतीय कंपनी ने बयान में कहा, '' प्रारंभिक चरण में टीसीएस 100 मेगावाट क्षमता वाली एआई अवसंरचना विकसित करेगा, जिसे एक गीगावाट तक बढ़ाने का विकल्प होगा। यह अवसंरचना अगली पीढ़ी के एआई कार्यभार को संचालित करेगी और भारत को वैश्विक एआई केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।'' इस सहयोग के तहत टाटा समूह के कई हजार कर्मचारियों को उत्पादकता और नवाचार बढ़ाने के लिए एंटरप्राइज चैटजीपीटी तक पहुंच मिलेगी, जबकि टीसीएस सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग परिणामों को बेहतर बनाने के लिए ओपनएआई के कोडेक्स का उपयोग करेगा। कंपनियां संयुक्त रूप से उद्योग-विशिष्ट एजेंटिक एआई समाधान विकसित करने की योजना बना रही हैं, जिसमें ओपनएआई के उन्नत एआई मंचों को टीसीएस के क्षेत्रीय ज्ञान और विशेषज्ञता के साथ जोड़ा जाएगा। संयुक्त बाजार रणनीति के तहत टीसीएस भारतीय और वैश्विक उद्यमों के लिए ओपनएआई के एआई समाधानों को लागू, एकीकृत और विस्तारित करेगी जिससे संगठन-व्यापी एआई रूपांतरण को समर्थन मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई के संभावित दुरुपयोग से जुड़ी चुनौतियों के बीच भारत की भूमिका महत्वपूर्ण: एंथ्रोपिक के सीईओ

नयी दिल्ली। एंथ्रोपिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डारियो अमोदेई ने बृहस्पतिवार को कहा कि एआई मॉडल के स्वायत्त व्यवहार, लोगों तथा सरकारों के इसका दुरुपयोग करने की आशंका और आर्थिक विस्थापन की क्षमता से जुड़ी चुनौतियों के बीच भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 में अपने संबोधन में अमेरिका स्थित एआई अनुसंधान एवं सुरक्षा कंपनी के सीईओ अमोदेई ने कहा कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से 'ग्लोबल साउथ' के लिए एक मानक स्थापित किया है और 'ग्लोबल साउथ' के माध्यम से प्रौद्योगिकी एवं मानवीय लाभों के प्रसार में मदद की है। अमोदेई ने 2023 में 'ब्लेचली पार्क' में शुरू हुए वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन के बाद से इस चौथे सम्मेलन पर कहा कि पिछले कुछ वर्ष में कृत्रिम मेधा में हुई प्रगति '' बेहद आश्चर्यजनक '' रही है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की तीव्र प्रगति के साथ-साथ, एआई को व्यावसायिक रूप से अपनाने को लेकर इससे जुड़े सामाजिक एवं नैतिक प्रश्न भी तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। अमोदेई ने कहा कि एआई करीब एक दशक से तेजी से विकास कर रहा है। कुछ ही वर्ष में एआई मॉडल, अधिकतर कार्यों में मनुष्यों की संज्ञानात्मक क्षमताओं को पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा, '' अधिकतर मामलों में, हम उस स्थिति के तेजी से करीब पहुंच रहे हैं जिसे मैंने डेटा सेंटर में प्रतिभाओं का देश कहा है। एआई एजेंट का एक ऐसा समूह जो अधिकतर कार्यों में मनुष्यों से अधिक सक्षम है और अलौकिक गति से समन्वय कर सकता है। इस स्तर की क्षमता दुनिया ने पहले कभी नहीं देखी है और यह मानवता के लिए अवसर एवं चिंता दोनों लाता है। अवसरों की बात करते हुए अमोदेई ने कहा कि ऐसी प्रणालियां उन बीमारियों का इलाज करने में मदद कर सकती हैं जो हजारों वर्षों से लाइलाज रही हैं, मानव स्वास्थ्य में सुधार ला सकती हैं, 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) सहित अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकती हैं और ''सभी के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण'' कर सकती हैं। उन्होंने हालांकि एआई प्रणालियों के स्वायत्त व्यवहार, लोगों और सरकारों द्वारा उनके संभावित दुरुपयोग एवं आर्थिक विस्थापन की संभावना सहित गंभीर जोखिमों का भी उल्लेख किया। अमोदेई ने कहा, '' जोखिमों की बात करें तो, मैं एआई मॉडल के स्वायत्त व्यवहार, लोगों और सरकारों द्वारा उनके दुरुपयोग की आशंका एवं आर्थिक विस्थापन की संभावना को लेकर चिंतित हूं। इन सवालों और चुनौतियों में भारत की भूमिका अवसरों एवं जोखिमों दोनों ही दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

### श्रीलंका में नए वाहनों का पंजीकरण बढ़ा, भारत से आयात में 15 प्रतिशत उछाल

कोलंबो। श्रीलंका में जनवरी में नए वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 55,000 इकाई हो गया, जो दिसंबर में 48,000 इकाई था। इस दौरान भारत से आयात में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विश्लेषक संस्था जेबी सिक्योरिटीज ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत से आयात जनवरी में बढ़कर 30,766 इकाई हो गया जो दिसंबर में 26,631 इकाई था। जेबी सिक्योरिटीज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नए पंजीकरण में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 24,163 वाहनों के साथ सबसे अधिक रही। इसके बाद तिपहिया वाहन (3,441 इकाई), एसयूवी (2,100 इकाई) और ट्रक (237 इकाई) का स्थान रहे। कारों का पंजीकरण मासिक आधार पर घटकर जनवरी में 4,648 इकाई रह गया, जो दिसंबर में 5,007 इकाई था। तिपहिया वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 3,448 इकाई हो गया जो पिछले महीने 3,007 इकाई था। भारत की बजाज 2,852 इकाइयों के साथ बाजार में अग्रणी बनी रही। इसके बाद टीवीएस 400 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान भारत से आयात में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन अब भी सीमित रहे, जिनका पंजीकरण मात्र 29 इकाई रहा। चीन की बीवाईडी कार का पंजीकरण जनवरी में घटकर 758 इकाई रह गया, जो दिसंबर में 850 इकाई था। श्रीलंका द्वारा 2025 की शुरुआत में कार आयात प्रतिबंध हटाने के बाद बीवाईडी शीर्ष विक्रेता बन गई थी।

# बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में ईडी ने अनिल अंबानी को 26 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी को बैंक फ्रॉड से जुड़े मामले में नया समन जारी करके 26 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है, क्योंकि वे बुधवार को निर्धारित तारीख पर ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनकी पत्नी टीना अंबानी को भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तलब किया है, लेकिन उनके पेश होने के लिए नई तारीख से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत उनके अलग-अलग बयान दर्ज करने के लिए उन्हें 26 फरवरी को बुलाया है। अनिल अंबानी अगस्त, 2025 में एक बार ईडी के समक्ष पेश हुए थे। अनिल अंबानी की पत्नी और पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी




भी ईडी के दूसरी बार समन जारी किए जाने के बावजूद 17 फरवरी को जांच एजेंसी के सामने समक्ष नहीं हुई थीं। उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने के लिए 10 फरवरी को पहला समन जारी किया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुईं, जिसके बाद उन्हें नया नोटिस दिया गया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईडी ने उन्हें भी अगली तारीख दी है या नहीं। ऐसा माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक लग्जरी आवासीय संपत्ति की खरीद से जुड़े धन के लेन-देन के संबंध में पूछताछ के लिए केंदीय जांच एजेंसी ने बुलाया है।

# रिलायंस के साथ जियो एआई में 10 लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश: मुकेश अंबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने गुरुवार को ऐलान किया कि उनका समूह कृत्रिम मेधा (एआई) में सात साल के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। अंबानी ने कहा कि दुनिया एआई को लेकर दोराहे पर खड़ी है, जहां एक रास्ता दुर्लभ, महंगी एआईऔर नियंत्रित डेटा की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता सस्ती एवं सुलभ एआई सुनिश्चित करता है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट' में अपने संबोधन में मुकेश अंबानी ने कहा कि एआई का सर्वश्रेष्ठ रूप अभी आना बाकी है। उन्होंने कहा कि एआई में अपार समृद्धि का युग लाने की क्षमता है। ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट




भारत के टेक इतिहास में एक अहम पल है। एक ऐसा पल जब भारत एआई को अपने विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए ड्राइविंग फोर्स में से एक बनाने का वादा करता है और 2047 तक पूरी तरह से विकसित देश बनने का सपना है। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो, रिलायंस के साथ मिलकर इस साल से अगले सात वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कोई सट्टा निवेश नहीं है। यह मूल्य वृद्धि के लिए नहीं है। यह धैर्यपूर्ण, अनुशासित राष्ट्र निर्माण में लगाई जा रही पूंजी है। उन्होंने कहा कि एआई में सबसे बड़ी बाधा प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि 'कंप्यूटिंग' की उच्च लागत है। इसमें गीगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जियो ने भारत को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब यह इसे बुद्धिमता के युग से जोड़ेगी। मुकेश अंबानी ने कहा कि हम हर नागरिक, हर क्षेत्र एवं सामाजिक विकास के हर पहलू तक बुद्धिमता (एआई) पहुंचाएंगे। जियो यह सब उसी विश्वसनीयता, व्यापकता और बेहद किफायती कीमत के साथ करेगा, जिससे उसने संपर्क क्षेत्र (मोबाइल डेटा) में क्रांति ला दी थी। अंबानी ने कहा कि हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी इस समिट के गाइड, फिलॉसफर और लीडर हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अश्विनी वैष्णव और उनकी शानदार टीम भारत की महत्वाकांक्षा के हिसाब से इस समिट को इतने बड़े पैमाने पर ऑर्गनाइज़ करने के लिए पूरी तारीफ़ के हकदार हैं।

# आईआईटी खड़गपुर में हंबोल्ट फ़ेलोज की हुई बैठक

एजेंसी

खड़गपुर । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर संस्थान के प्लैटिनम जुबिली वर्ष के अवसर पर वर्ष 2026 के लिए संस्थान के सभी अलेक्जेंडर वॉन हंबोल्ट (एवीएच) फ़ेलोज की पहली बैठक आयोजित की गई। इस पहल को सहयोगात्मक शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने और अंतरराष्ट्रीय शोध साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बैठक में वरिष्ठ तथा युवा हंबोल्ट फ़ेलोज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक सहभागिता के विस्तार, संयुक्त शोध परियोजनाओं तथा दीर्घकालिक सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संस्थान के बोर्डरूम में आयोजित इस सत्र को संस्थान के निदेशक एवं हंबोल्ट क्लब के अध्यक्ष सुमन चक्रवर्ती ने संबोधित किया और अध्यक्षता की। बैठक के दौरान वर्ष 2026ऽ27 में चरणबद्ध रूप से लागू किए जाने वाले विभिन्न शैक्षणिक तथा




सहयोगात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इसी क्रम में हंबोल्ट क्लब के आईआईटी खड़गपुर चैप्टर की कार्यकारी समिति का पुनर्गठन प्रो. सुमन चक्रवर्ती के नेतृत्व में किया गया, जो स्वयं अलेक्ज़ेंडर वॉन हंबोल्ट फ़ेलो हैं। संस्थान में वर्तमान में लगभग 50 एवीएच फ़ेलोज सक्रिय हैं, जो आईआईटी खड़गपुर की मजबूत अंतरराष्ट्रीय शोध उपस्थिति और वैश्विक शैक्षणिक नेटवर्क में उसकी सक्रिय भूमिका को दर्शाते हैं। नवगठित कार्यकारी समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रो. सुमन चक्रवर्ती, सचिव के रूप में प्रो. किंसुक नस्कर तथा कोषाध्यक्ष के रूप में प्रो. शैलेंद्र के. वर्शनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्थान के अनुसार यह पुनर्गठन शोध सहयोग को संरचित रूप देने, युवा शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने तथा संयुक्त अकादमिक कार्यक्रमों को गति देने में सहायक होगा। उल्लेखनीय है कि अलेक्ज़ेंडर वॉन हंबोल्ट फाउंडेशन का हंबोल्ट रिसर्च फ़ेलोशिप कार्यक्रम विश्वभर के उत्कृष्ट पोस्टडॉक्टोरल और अनुभवी शोधकर्ताओं को जर्मनी में छह से 24 महीनों तक स्वतंत्र और दीर्घकालिक शोध का अवसर प्रदान करता है। सभी विषयों और राष्ट्रीयताओं के विद्वानों (जर्मनी को छोड़कर) के लिए खुली यह फ़ेलोशिप उदार मासिक आर्थिक सहायता के साथ यात्रा भत्ता, पारिवारिक सहयोग, स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी और वैकल्पिक भाषा प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। वित्तपोषित शोध प्रवास के बाद फ़ेलोज़ फाउंडेशन के प्रतिष्ठित वैश्विक पूर्व छात्र नेटवर्क का हिस्सा बनते हैं, जिससे दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सतत शैक्षणिक सहभागिता को बढ़ावा मिलता है। संस्थान का मानना है कि प्लैटिनम जुबिली वर्ष के दौरान यह पहल वैश्विक अकादमिक साझेदारी को नई गति देने और शोध उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# दिल्ली में 25 अटल कैंटीनों का शुभारंभ

## उपराज्यपाल बोले- प्रवासी मजदूरों और छात्रों को मिल रहा बड़ा सहारा

एजेंसी



नई दिल्ली । दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी में 25 नई अटल कैंटीनों की शुरुआत की। कृष्णा नगर की नर्सरी बस्ती से डिजिटल माध्यम से इन कैंटीनों का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही दिल्ली में अटल कैंटीनों की कुल संख्या बढ़कर 71 हो गई है। उद्घाटन के बाद उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने कैंटीन में बैठकर आम लोगों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि 25 नई अटल कैंटीन शुरू होने से दिल्ली में इनकी संख्या 71 हो गई है। यह योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अटल कैंटीन मेहनतकश और जरूरतमंद लोगों को 5 रुपये में सम्मानजनक व पौष्टिक भोजन देने की पहल है। योजना पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है और यह सरकार के गरीबों के कल्याण व समावेशी विकास के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता और स्वाद में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, कृष्णा नगर के विधायक डॉ. अनिल गोयल सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) द्वारा संचालित ये कैंटीनें विशेष रूप से श्रमिक वर्ग और जरूरतमंद नागरिकों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराएंगी। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण दिन है। 25 नई अटल कैंटीन शुरू होने के बाद अब राजधानी में कुल 71 अटल कैंटीन अलग-अलग जगहों पर चल रही हैं। यहां लोगों को कम कीमत पर साफ और पौष्टिक भोजन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहल पिछले साल 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर शुरू की गई थी। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लोगों, प्रवासी मजदूरों, बाहर से पढ़ने आए छात्रों, रिक्शा चालकों, सफाई कर्मचारियों, घरेलू सहायकों और मजदूरों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है।

उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार हर थाली पर 25 रुपये की सब्सिडी दे रही है ताकि जरूरतमंद लोगों को सम्मान के साथ खाना मिल सके। कैंटीनों में खाने की गुणवत्ता पर नियमित नजर रखी जाती है और साफ-सफाई व पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनकी टीम को इस पहल के लिए बधाई दी और कहा कि इस योजना को आगे भी इसी तरह सफलतापूर्वक चलाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल कैंटीन उन लोगों के लिए हैं, जो प्रतिदिन कठिन परिश्रम करते हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें सस्ती कीमत पर सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन मिले। यह योजना केवल खाना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीबों, मजदूरों, रेहड़ी-पटरी वालों, निर्माण श्रमिकों और रिक्शा चालकों के जीवन में सम्मान और सुरक्षा का एहसास भी देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के सिद्धांत पर काम कर रही है ताकि कोई भी भूखा न सोए। अटल कैंटीनों में मात्र 5 रुपये में स्वच्छ, पौष्टिक और अच्छा भोजन दिया जा रहा है, जिससे कम आय वाले लोगों को राहत मिल रही है। आने वाले समय में सरकार का लक्ष्य 100 अटल कैंटीन शुरू करने का है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि कैंटीनों में दाल, चावल, रोटी और सब्जी जैसे संतुलित भोजन परोसे जा रहे हैं। व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु रखने के लिए डिजिटल टोकन सिस्टम और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है। भोजन स्टील की थाली में दिया जाता है और बिलिंग पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड है। समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए अटल कैंटीन का कॉर्पस फंड बनाने का सुझाव भी दिया गया है ताकि समाजसेवी विशेष अवसरों पर भोजन प्रायोजित कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 फरवरी को दिल्ली सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है। जनता के विश्वास से राजधानी में बदलाव आया है और सरकार पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ काम कर रही है। पिछले एक साल में गरीबों और मजदूरों के हित में कई अहम फैसले लिए गए हैं। अटल कैंटीनों की शुरुआत भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विकसित और समावेशी दिल्ली बनाने की कोशिश का हिस्सा है। इस अवसर पर दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार 'अंत्योदय' के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर से शुरू हुई अटल कैंटीन योजना के तहत अब तक 57 दिनों में 14,58,301 लोगों ने केवल 5 रुपये में पौष्टिक भोजन किया है। पिछले 56 दिनों में 46 अटल कैंटीन चल रही थीं, जहां प्रतिदिन औसतन करीब 26 हजार लोगों ने भोजन किया। हर कैंटीन में औसतन 31 हजार से ज्यादा लोगों को भोजन दिया गया है। जल्द ही 25 और नई कैंटीन शुरू की जाएंगी, जिससे रोज करीब 50,000 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को फायदा मिलेगा।

# एआई शिखर सम्मेलन: ब्रिटेन एआई क्षेत्र में 1.6 अरब यूरो तक करेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई शिखर सम्मेलन के दौरान गुरुवार को ब्रिटेन ने अपनी पहली ऐतिहासिक एआई रणनीति की घोषणा की। इस पहल के तहत स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करने का लक्ष्य रखा गया है।

ब्रिटेन इस क्षेत्र के लिए 1.6 अरब यूरो (लगभग 16,500 करोड़ रुपये) तक का निवेश करेगा, जो 2026-2030 की अवधि के लिए देश का सबसे बड़ा एकल निवेश क्षेत्र बन गया है। हालिया 'स्पेंडिंग रिव्यू सेटलमेंट' के अनुसार ब्रिटेन की सबसे बड़ी सार्वजनिक अनुसंधान फंडर, ब्रिटेन अनुसंधान एवं नवाचार और विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग(डीएसआईटी) ने संयुक्त रूप से एआई को अगले 4 वर्षों के लिए अपना प्राथमिक निवेश क्षेत्र घोषित किया है। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य कैंसर की जांच से लेकर स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में एआई के उपयोग को बढ़ाना है, जिससे आम जनता के जीवन व सार्वजनिक सेवाओं में सुधार हो सके। नई रणनीति के तहत छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इनमें प्रौद्योगिकी विकास, एआई कौशल और हुनर, और अनुसंधान परिवर्तन शामिल हैं। इस सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के उप-प्रधानमंत्री डेविड लैमी ने कहा, ''हम संभावना को विकास में बदल रहे हैं। कैंसर का जल्द पता लगाने से लेकर सार्वजनिक सेवाओं के लंबित कार्य को कम करने तक, एआई रिसर्च एक गेम-चेंजर साबित होगी।''

एआई प्रोग्राम की सीनियर रिस्पॉन्सिबल ओनर और इंजीनियरिंग एंड फिजिकल साइंसेज रिसर्च काउंसिल की एग्जीक्यूटिव चेयर प्रोफ़ेसर शार्लेट डीन ने कहा, ''एलन ट्यूरिंग और एडा लवलेस के देश के रूप में हमारी गणित और कंप्यूटर साइंस में गहरी जड़ें हैं। यह रणनीति हमारे अनुसंधान उत्कृष्टता को राष्ट्रीय लाभ और आर्थिक विकास में बदल देगी। इस विशाल निवेश के साथ, ब्रिटेन का लक्ष्य खुद को एक 'एआई सुपरपावर' के रूप में स्थापित करना है, जहां नवाचार का लाभ केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर सीधे नागरिकों की सेहत, संपत्ति और भलाई तक पहुंचे।

इस सम्मेलन में ब्रिटेन के उप-प्रधानमंत्री डेविड लैमी अपने ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'एआई फॉर गुड' है, जो भारत और ब्रिटेन के बीच तकनीकी सहयोग के नए रास्ते खोलती है। यह रणनीति न केवल तकनीक बल्कि करियर पर भी केंद्रित है। ब्रिटेन अनुसंधान और नवाचार ने अन्य क्षेत्रों में उच्च-भुगतान वाली नौकरियों और करियर फ्रेमवर्क का वादा किया है। इनमें रिसर्च सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और एथिक्स स्पेशलिस्ट शामिल है।

# पेज एक का शेष

## पारदर्शी...

देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे दुनिया को एहसास हुआ कि एक दूसरे के साथ खड़े होने से असंभव भी संभव हो जाता है। वैक्सीन विकास से लेकर सप्लाई चेन तक डाटा साझा करने से लेकर जीवन बचाने तक सहयोग ने ही समाधान दिया। टेक्नोलॉजी कैसे मानवता की सेवा का माध्यम बन सकता है यह हमने भारत में कोविड काल में देखा है। प्रधानमंत्री ने माना कि पहले तकनीक भेदभाव का कारण बनी है और कहा कि अब एआई टेक्नोलॉजी को सबके लिए सुलभ और पहुंच में बनाना होगा। हमें ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं को भी एआई गवर्नेंस के केंद्र में रखना होगा।

प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की ग्लोबल जर्नी में एस्पिरेशनल इंडिया एआई की बड़ी भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि अपने इस दायित्व को समझते हुए ही भारत आज बड़े कदम उठा रहा है। अपने एआई मिशन के माध्यम से आज भारत में 38,000 जीपीएल मौजूद हैं। अगले 6 महीनों में हम 24,000 जीपीयूस और लगाने जा रहे हैं। हम अपने स्टार्टअप्स को बहुत ही अफोर्डे बल रेट्स पर वर्ल्ड क्लास कंप्यूटिंग पावर उपलब्ध करा रहे हैं। हमने एक एआई कोस्ट भी बनाया है। इसके माध्यम से 7500 से अधिक डाटा सेट्स और 270 एआई मॉडल्स को नेशनल रिसोर्स के रूप में शेयर किया गया है।

## प्रधानमंत्री ...

एआई को खुली छूट मिलनी चाहिए, लेकिन कमान हमारे हाथ में होनी चाहिए । विकासशील देशों के लिए एआई को लोकतांत्रिक बनाना जरूरी है। मनुष्यों को सिर्फ डेटा का स्रोत नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि एआई को सशक्तिकरण का माध्यम बनाना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं। कुछ एआई से डरते हैं, कुछ इसमें भाग्य देखते हैं। भारत गर्व से कहता है कि हमें एआई में भय नहीं, भाग्य और भविष्य दिखता है। भारत सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग तक मजबूत इकोसिस्टम बना रहा है। सुरक्षित डेटा सेंटर, मजबूत आईटी ढांचा और डायनामिक स्टार्टअप कल्चर भारत को किफायती, स्केलेबल और सुरक्षित एआई का हब बना सकता है। भारत की विविधता, युवा आबादी और लोकतंत्र इसे खास बनाते हैं। यहां सफल एआई मॉडल पूरी दुनिया में काम कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे स्कूल का सिलेबस बच्चों के लिए सुरक्षित और परिवार के मार्गदर्शन में होता है, वैसे ही एआई भी बच्चों के लिए सुरक्षित होनी चाहिए। समिट में 3 भारतीय कंपनियों ने अपने एआई मॉडल्स और ऐप्स लॉन्च किए, जो युवाओं की प्रतिभा और भारत की विविधता को दिखाते हैं। प्रदर्शनी में कृषि, सुरक्षा, दिव्यांगों की मदद, बहुभाषी समाधान जैसे क्षेत्रों में 'मेड इन इंडिया' के सॉल्यूशंस ने सबका ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई तकनीकों को शुरू में संदेह झेलना पड़ता है, लेकिन युवा एआई को कितनी तेजी से अपना रहे हैं, वो अभूतपूर्व है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत ने वो हासिल किया है जो कोई और देश नहीं कर पाया। भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए डिजिटल पहचान, यूपीआई से हर महीने करोड़ों लेनदेन, डिजिटल स्वास्थ्य प्रमाण, ये एक सभ्यता की कहानी है। एआई अब रणनीतिक क्षेत्र बन गया है। यहां प्रतिस्पर्धा बहुत तेज है। हमें एकजुट होना होगा। वरना पीछे रह जाएंगे। कोई देश या कंपनी किसी देश को सिर्फ बाजार या डेटा सोर्स नहीं समझ सकती। एआई उत्पादकता बढ़ाएगी, लेकिन सबके लिए उपलब्ध होनी चाहिए। एआई को भाषाई विविधता वाला बनाना होगा ताकि हर कोई इस्तेमाल कर सके।

मैक्रों ने कहा कि डिजिटल दुरुपयोग से बच्चों को बचाना जरूरी है। फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की प्रक्रिया चल रही है। कई यूरोपीय देश इसमें शामिल हैं। भारत और प्रधानमंत्री मोदी भी इसमें साथ आएंगे। फ्रांस और भारत मिलकर एआई को मानवता के लिए इस्तेमाल करेंगे। भाषण के अंत में उन्होंने 'जय हो' कहा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने प्रधानमंत्री मोदी आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ में पहला ऐसा एआई समिट भारत ने किया है, ये खास है। एआई का भविष्य कुछ मुट्ठी भर देशों या कुछ अरबपतियों के हाथ में नहीं छोड़ सकते। ये पूरी मानवता का मुद्दा है, सभी देशों की भागीदारी जरूरी है। गुटेरेस ने पिछले साल यूएन महासभा के दो बड़े कदमों का जिक्र किया एक, एआई पर स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल बनाना, जो अब नियुक्त हो गया है। 40 विशेषज्ञ इसमें शामिल हैं। दूसरा, यूएन के अंदर एआई गवर्नेंस पर वैश्विक संवाद शुरू करना।

उन्होंने कहा कि एआई को हर किसी तक पहुंचानी होगी। इसके लिए एक वैश्विक कोष बनाना चाहिए। इसके लिए हमारा 3 अरब डॉलर का टारगेट है। ये किसी एक टेक कंपनी के सालाना रेवेन्यू का 1 फीसदी से भी कम है। ये पैसा कौशल, डेटा, किफायती कंप्यूटिंग और समावेशी वातावरण बनाने में लगेगा। एआई से टिकाऊ विकास लक्ष्य पूरे हो सकते हैं। दवा रिसर्च तेज होगी, शिक्षा बढ़ेगी, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, जलवायु कार्रवाई बेहतर होगी। लेकिन, एआई असमानता बढ़ा सकती है। पूर्वाग्रह बढ़ा सकती है। हानि पहुंचा सकती है। डेटा सेंटरों को क्लीन एनर्जी पर चलना होगा। कामगारों में निवेश करना होगा ताकि एआई इंसानों की जगह न ले। बच्चों को अनरेगुलेटेड एआई का टेस्ट सब्जेक्ट नहीं बनने देना चाहिए। समिट का संदेश साफ है कि असली प्रभाव वाली तकनीक वो है जो जिंदगियां बेहतर बनाए और पृथ्वी की रक्षा करे।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं' की घोषणा की। ये दो मुख्य लक्ष्यों पर आधारित हैं । पहला, डेटा से रोजगार और आर्थिक बदलाव के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां बनाना। दूसरा, एआई को बहुभाषी और सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाना। ये ग्लोबल साउथ के लिए एआई को समावेशी बनाने में भारत का नेतृत्व दिखाती हैं। कई बड़ी एआई कंपनियां और भारतीय इनोवेटर्स इसमें स्वैच्छिक संकल्प ले रहे हैं। भारत का एआई गवर्नेंस विजन जिम्मेदार नवाचार के लिए मार्गदर्शक है। सात विषयगत कार्यकारी समूब के निष्कर्ष ढांचा तैयार करेंगे। आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण 'सतर्क उत्साह' का है। जोखिमों से सजग रहते हुए वैश्विक मानकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत एआई को लेकर बहुत आशावादी है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की ताकत देखी है, अब एआई अगला बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा। ये भाप इंजन, बिजली और इंटरनेट जैसा बदलाव लाएगा। एआई सिर्फ आर्टिफिशियल नहीं, डेटा से सीखने वाली असली तकनीक है। ये सभी इंडस्ट्रीज को प्रभावित करेगी।

रिलायंस के मुकेश अंबानी ने कहा कि ये समिट भारत के तकनीकी इतिहास का निर्णायक पल है। एआई विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की ताकत बनेगा। सही इस्तेमाल से दुनिया से गरीबी खत्म हो सकती है, पूरी मानवता के लिए समृद्धि ला सकता है। एआई इंसानों की तरह सीख सकती है, बोल सकती है, काम कर सकती है। उन्होंने एआई को महाभारत के अक्षय पात्र से जोड़ा। उन्होंने कहा कि दुनिया एक मोड़ पर है। एक रास्ता जहां एआई सीमित रहेगा, दूसरा जहां सबके लिए अवसर पैदा करेगा। भारत दूसरे रास्ते में विश्वास करता है। भारत के पास मजबूत आधार है। सबसे ज्यादा मोबाइल डेटा यूज, सस्ता डेटा, आधार, यूपीआई, स्टार्टअप इकोसिस्टम। जियो अब एआई परिवर्तन में बड़ी भूमिका निभाएगा।

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि भारत में एआई का काम और अपनाना दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत एआई का सबसे बड़ा बाजार बनेगा। रोजगार पर असर पड़ेगा, लेकिन नए अवसर भी आएंगे।

एलियांस इंडिय के महाप्रबंधक सर्ज रैफार्ड ने कहा कि एआई सबके लिए उपलब्ध होना चाहिए ताकि पूरी दुनिया ऊपर उठे। ये समिट उम्मीद से कहीं बड़ा है।

एन्थ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने कहा कि भारत एआई के भविष्य में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। कंपनी ने बेंगलुरु में ऑफिस खोला है और इंफोसिस जैसी कंपनियों से पार्टनरशिप की है। भारत में एआई को लेकर जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह है। निर्माण और नवाचार की भावना यहां अलग लेवल पर है। एआई के दुरुपयोग, आर्थिक प्रभाव और स्वायत्त व्यवहार जैसे मुद्दों में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## अमित ...

करेंगे, और इस क्षेत्र में पार्टी के चुनाव अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। बराक घाटी, जो तीन जिलों में फैली हुई है, दक्षिणी असम में भाजपा की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। रैली के बाद, वह त्रिपुरा के अग्रताल तक यात्रा करेंगे और उसी शाम गुवाहाटी लौट आएंगे।

शनिवार को शाह गुवाहाटी के अर्जुन भोगेश्वर बरुवा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सीआरपीएफ की वार्षिक परेड में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार यह पहली बार होगा जब यह परेड पूर्वोत्तर में आयोजित की जा रही है, जो क्षेत्र के लिए प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

वे गुवाहाटी के पास सोनापुर के कसुतोली में 10वीं असम पुलिस बटालियन के नए परिसर की नींव भी रखेंगे।

भाजपा 126 सदस्यीय विधानसभा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही है, चुनाव मार्चऽअप्रैल में होने की संभावना है। हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की एक टीम तीन दिनों तक गुवाहाटी में रहते हुए सभी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा कर लौट चुका है। माना जा रहा है कि राज्य में विधानसभा चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है।

## संघ प्रमुख ...

वहीं 18 फरवरी की शाम को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को डॉ. भागवत ने संबोधित किया था।

## रामकृष्ण...

परमहंस जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने अध्यात्म और साधना को जिस प्रकार जीवनशक्ति के रूप में स्थापित किया, वह हर युग में मानवता का कल्याण करता रहेगा। उनके सुविचार और संदेश सदैव प्रेरणापुंज बने रहेंगे।'' विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल का कहना है कि श्रीरामकृष्ण परमहंस जी केवल बंगाल के संत नहीं थे। वे एक आध्यात्मिक विभूति थे। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक महान संत को क्षेत्रीय सीमाओं में बांधना चाहती हैं। उन्हें समझना होगा कि सनातन संस्कृति में स्वामी शब्द का सर्वाधिक महत्व है और वह किसी महान संत के साथ पूरी श्रद्धा के साथ ही जोड़ा जाता है। हम सब रामकृष्ण परमहंस जी को स्वामी भी कह सकते हैं, ठाकुरजी के नाम से भी संबोधित कर सकते हैं। इसमें किसी का सम्मान नहीं घटता। हर विषय पर राजनीति करना उन्हें शोभा नहीं देता।

## दो दिवसीय...

असम कांग्रेस के नेताओं ने संकेत दिए हैं कि प्रियंका आने वाले महीनों में कई बार राज्य के दौरे पर आएंगी ताकि प्रगति की समीक्षा कर सकें, जमीन से प्राप्त फीडबैक का आकलन कर सकें और राज्य इकाई और केंद्रीय नेतृत्व के बीच निकट समन्वय सुनिश्चित कर सकें। पार्टी की कोशिश है कि स्क्रीनिंग प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, इस संकेत के साथ कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची केंद्रीय नेतृत्व के साथ परामर्श के बाद फरवरी के अंत तक जारी की जा सकती है। राज्य नेताओं ने कहा कि चुनाव की दौड़ तेज होने के साथ संगठनात्मक तैयारियों और उम्मीदवारों की पहचान के मामले में कांग्रेस अन्य पार्टियों से आगे है।

## पीएम...

उन्नति नहीं, बल्कि ऐसी एआई व्यवस्था विकसित करना है जो मानवता के हित में कार्य करे और समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाए।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ख्रझगइठु विजन पेश करते हुए एआई को मानव केंद्रित और जिम्मेदार बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एआई भविष्य तय करेगी, लेकिन उसका उपयोग नैतिक, समावेशी और लोकतांत्रिक होना जरूरी है, ताकि तकनीक डर नहीं बल्कि अवसर बने। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी परिप्रेक्ष्य में पीएम मोदी के विजन का स्वागत करते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उत्तर प्रदेश में एआई को लेकर किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों का उल्लेख किया।

## वैश्विक ...

आपसी और समग्र तरक्की के विजन ?पर ?जोर दिया गया।? उन्होंने कहा कि यह एक्सरसाइज 1995 में चार विदेशी नेवी के साथ शुरू हुई थी, जो अब 74 देशों के साथ होने वाले अपने अब तक के सबसे बड़े एडिशन तक पहुंच गई है। उन्होंने इंडो-पैसिफिक ?साझेदारों के बीच भरोसा और ऑपरेशनल जानकारी बढ़ाने में ?चीफ्स का कॉन्क्लेव और इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू के महत्व पर ?जोर दिया। चर्चा में ?मिलन के चल रहे ?बंदरगाह चरण पर भी बात हुई, जिसमें एंटी-सबमरीन वारफ़ेयर, एयर डिफेंस और सर्च-एंड-रेस्क्यू ऑपरेशन जैसे मुश्किल समुद्री ड्रिल पर फोकस किया गया।? नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने ?बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'मिलन'? की तुलना एक मैरीटाइम महाकुंभ से की, जिसमें दुनिया भर के मैरीटाइम प्रोफ़ेशनल्स एक साथ आते हैं। उन्होंने इस बात पर ?जोर दिया कि भारत जैसा मैरीटाइम देश साफ तौर पर मानता है कि आज की मैरीटाइम चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई?, जिन्हें ?सहयोग और? साझेदारी से ?सुलझाया जा सकता है। ?एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि ?मिलन के दौरान नौसेनाएं मुश्किल समुद्री युद्धाभ्यास, ड्रिल और एक्सरसाइज, प्रोफ़ेशनल बातचीत और अच्छी बातचीत में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि आपसी समझ, भरोसा और इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने के साथ-साथ ये बातचीत एक-दूसरे के अनुभव और ?विशेषज्ञता से सीखने में भी मदद करेंगी।

## कृषि मंत्रालय...

रूपांतरित हो सकते हैं।

साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि पौधरोपण धर्म, संस्कृति और धरती- तीनों की रक्षा का सच्चा यज्ञ है। पेड़ केवल हरियाली नहीं बल्कि धर्म, संस्कृति और धरतीऽ तीनों की रक्षा का माध्यम हैं। पेड़ हमारे शास्त्रीय प्रतीकों, देववृक्षों और मातृभूमि की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। जब कोई व्यक्ति या परिवार जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, गृहप्रवेश या अन्य शुभ अवसरों पर पौधा लगाता है, तो वह केवल पेड़ नहीं, बल्कि पीढ़ियों के लिए पुण्य व संरक्षण का बीज भी बोता है। उन्होंने भावपूर्ण अपील की कि दिखावटी खर्च, आतिशबाजी और क्षणिक उत्सवों की बजाय लोग अपने शुभ अवसरों पर पौधारोपण को ख्रसच्चा यज्ञङ्क मानें और हर पौधे की रक्षा को वैसा ही धर्म समझें जैसा हम मंदिर में दिए व्रतों का पालन करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने ऐतिहासिक बोर नामघर में टेका माथा

तिनसुकिया (असम)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन गुरुवार को असम के तिनसुकिया जिला के बारेकुरी पहुंचे। यहां उन्होंने ऐतिहासिक बोर नामघर में माथा टेका और बाद में मटक साम्राज्य के शासक स्वर्गदेव सर्बानंद सिंह के स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बारेकुरी के बोर नामघर में नितिन नबीन ने आशीर्वाद लिया और स्थानीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। नामघर के गायन-बयान ग्रुप ने उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया, जिनके भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम के प्रदर्शनों ने इस मौके को आध्यात्मिक उत्साह से भर दिया। महिला श्रद्धालुओं ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को औपचारिक रूप से आशीर्वाद दिया। इसके बाद नितिन नवीन स्वर्गदेव सर्बानंद सिंह के मैदाम (स्मारक) पर श्रद्धांजलि देने के लिए तिनसुकिया के गुइजान गए। इस दौरे ने असम की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत, खासकर मटक साम्राज्य की विरासत के साथ पार्टी के जुड़ाव को एकाकार किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ ही स्थानीय विधायक एवं असम प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। ज्ञात हो कि, नितिन नवीन दो दिवसीय असम दौरे पर बीते बुधवार को डिब्रूगढ़ पहुंचे थे, जहां पर उनका भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पन्ना प्रमुखों की एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के बूथ को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## नाम, लोगो ...

रद्द किया जाए। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पंजीकरण अधिकारियों को भविष्य के लिए सतर्क किया जाए।

# राजगीर भ्रमण पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू पर्यटन विकास का किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिहारशरीफ। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को बिहार में राजगीर स्थित ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी तथा जू सफारी परिसर का भ्रमण किया। उनके आगमन से राजगीर की सुरम्य वादियों और हरित प्राकृतिक वातावरण में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने यहां की मनोहारी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजगीर ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह स्थान देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सफारी प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को विकसित करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, जिसे यहां प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। यह पहल स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी पैदा कर रही है। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको-टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों और आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने उन्हें परिसर की संचालन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा संरक्षण रणनीतियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजगीर का यह मॉडल देश के अन्य पर्यटन स्थलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है।

# बिहार विस अध्यक्ष समेत 42 विधायकों को हाई कोर्ट का नोटिस, चुनावी हलफनामे पर मांगा जवाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। पटना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत पक्ष-विपक्ष के 42 विधायकों को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने चुनावी हलफनामे में कथित गलत जानकारी और अनियमितता के आरोपों पर जवाब मांगा है। मामले को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने निर्धारित समय में स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है। विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने वाले उम्मीदवारों ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि विजयी उम्मीदवारों ने नामांकन के दौरान शपथपत्र में तथ्य छिपाए। कुछ मामलों में मतदान प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। इन्हीं आरोपों के आधार पर उच्च न्यायालय में चुनाव याचिकाएं दायर की गईं। प्रारंभिक सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने सभी विधायकों को नोटिस जारी किया। अब कोर्ट में दाखिल जवाब और दस्तावेजों के आधार पर आगे की सुनवाई होगी। नोटिस पाने वालों में ऊर्जा सह-वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव का नाम भी शामिल है। पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा और विधायक चेतन आनंद को भी जवाब देना होगा। इसके अलावा गया जिले के गोह से विधायक अमरेंद्र प्रसाद का नाम भी सूची में है। सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों के विधायक शामिल हैं। अगली सुनवाई में इन सभी के जवाबों पर न्यायालय विचार करेगा। फिलहाल मामला उच्च न्यायालय में लंबित है और सभी विधायकों से जवाब मांगा गया है।

# जिला न्यायालय के बाद उच्च न्यायालय को भी बम धमकी, सुरक्षा कड़ी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल में न्यायालयों को बम से उड़ाने के धमकी भरे संदेशों का सिलसिला जारी है। जिला न्यायालय के बाद गुरुवार 19 फरवरी को नैनीताल स्थित उत्तराखंड उच्च न्यायालय को भी संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर में बम होने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही मुख्य न्यायाधीश ने स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई है व सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क किया गया है।

ईमेल प्राप्त होते ही उच्च न्यायालय परिसर को एहतियातन खाली कराया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंचे। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड ने न्यायालय भवन के कक्षों, न्यायाधीश कक्ष, गलियारों तथा वाहन स्थलों की सघन जांच की। सुरक्षा कारणों से बिना वैध परिचय पत्र किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। अधिवक्ताओं तथा वादकारियों को भी जांच के बाद ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। न्यायालय का कार्य प्रातः 11 बजकर 30 मिनट से आरंभ हुआ, किन्तु सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने बताया कि न्यायालय को खाली करा दिया गया है। न्यायिक कार्रवाई पूरी तरह से बाधित है। सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। जबकि जिला न्यायालय में जिला शासकीय अधिवक्ता-फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले 4 दिनों से न्यायिक कार्य 80 प्रतिशत तक बाधित हुए हैं। दूर-दराज से आ रहे वादकारियों, गवाहों को इससे अत्यधिक परेशानी हो रही है। उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। पुलिस को जल्द से जल्द इसका पटाक्षेप करना चाहिए। इस बीच जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रूवाली ने जिला न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायालय परिसर में ठोस सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि लगातार मिल रही धमकियों से अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों और वादकारियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है, इसलिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों से बचने और संयम बनाए रखने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि 16 और 17 फरवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय नैनीताल को भी आधिकारिक ईमेल पर धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए थे। दो दिन तक चले तलाशी अभियान में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। तल्लीताल थाना पुलिस ने इस संबंध में दो अभियोग पंजीकृत किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टीसी ने बताया कि सूचना लगभग 11 बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद त्वरित सुरक्षात्मक कदम उठाए गए हैं तथा साइबर प्रकोष्ठ ईमेल स्रोत की जांच कर रहा है।

# बजट सत्र: अंगद का पैर कोई नहीं खींच सकता, मेरा मिशन है मैं उसे पूरा करके रहूंगा: विजय सिन्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 13 वें दिन विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक राहुल कुमार ने इस्लामपुर में गैर मजरूआ जमीन पर कब्जा का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अंगद का पैर कोई नहीं खींच सकता, मेरा जो मिशन है मैं उसे पूरा करके रहूंगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जितने दिन राजस्व विभाग में मंत्री रहूंगा उसका परिणाम निकलेगा। मार्च महीने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी। कभी अंचलाधिकारी तो कभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं जिसके कारण देरी हो रही है, दवा कड़वी होती है, लेकिन दवा खाते हैं तो उसका असर होता है और यह दिखता भी है। बीमारी के इलाज के लिए धैर्य रखना होगा। हड़बड़ाने से काम नहीं चलेगा। हम एलोपैथिक और होम्योपैथिक के चक्कर में नहीं पड़ते हैं। आयुर्वेदिक इलाज करते हैं जो स्थाई समाधान करेगा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के इस्लामपुर विधायक रुहैल रंजन ने अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर पूछे गए सवाल पर आपत्ति जताई। नरकटिया के विधायक विशाल कुमार ने खाद की कालाबाजारी का सवाल उठाया। इस पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि वर्ष 2025-26 में खरीफ और रबी फसल के लिए यूरिया उपलब्ध करा दी गई है। जरूरत से अधिक यूरिया उपलब्ध कराई गई है। जवाब में विधायक विशाल कुमार ने पदाधिकारी और डीलरों के मिली भगत का आरोप लगाया। कई पदाधिकारी का नाम लेकर भी उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारी की मोबाइल लोकेशन से भी जांच कराया जाए। इस पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कालाबाजारी को लेकर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पूर्वी चंपारण में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 19 लोगों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। पूरे बिहार में 419 लाइसेंस रद्द किए गए और 104 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पटना में देर से पहुंचने के कारण परीक्षा सेंटर में प्रवेश नहीं मिलने पर एक छात्रा के आत्महत्या मामले पर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि अगर किसी परीक्षार्थी को 5 मिनट लेट हो जाए तो परीक्षा भवन में नहीं घुसने देना गैरकानूनी है। सरकार को कड़ा कानून लाना चाहिए और 10-15 मिनट की छूट देनी चाहिए। जाम सभी जगहों पर रहता है और आप अगर होम सेंटर देते हैं तो कोई बात नहीं है लेकिन दूर-दूर सेंटर पर लोग जाम में फंस जाते हैं लोगों को देरी हो जाती है।

# चंडीगढ़ में पंजाब सचिवालय व सीएम कार्यलय को बम से उड़ाने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद सचिवालय की इमारत को खाली करवा लिया गया। इससे पहले भी हरियाणा व पंजाब सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। गुरुवार को धमकी मिलने के बाद पंजाब के साथ साथ एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया है। आज मिले धमकी भरे मेल में सचिवालय के साथ साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में विस्फोट करने का दावा किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और लोगों को सचिवालय से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। पुलिस बल, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने सचिवालय की जांच की लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# होली तैयारियां शुरू, शुद्धता परखने बाजार पहुंची जांच टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंपावत। होली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को लोहाघाट बाजार में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिठाई प्रतिष्ठानों और किराना दुकानों की जांच की गई। टीम ने खोये से बनी मिठाइयों, नमकीन और सरसों के तेल सहित कुल पांच खाद्य नमूने एकत्र किए। सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। योगिता तिवारी ने बताया कि यदि रिपोर्ट में गुणवत्ता मानक से कम पाई जाती है, तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में अधिकांश दुकानों की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि, व्यापारियों को मिठाइयों में कृत्रिम रंगों का सीमित उपयोग करने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने और खोया केवल अधिकृत विक्रेताओं से खरीदने के निर्देश दिए गए। किराना दुकानदारों को एक्सपायरी उत्पाद अलग रखने और उनकी बिक्री न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। योगिता तिवारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली तक पूरे जनपद में यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। निरीक्षण दल में सहायक दिनेश फर्त्याल भी शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में संजय झील के पास मिला युवक का शव, हत्या का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह संजय झील के पास शौचालय के नजदीक एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आज सुबह थाना पांडव नगर को सूचना मिली कि संजय झील के शौचालय क्षेत्र के पास एक व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। उसके शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। जांच में मृतक की पहचान जवाहर मोहल्ला शशि गार्डन निवासी लुखा चौधरी उर्फ विक्रम (36) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में हत्या की बात सामने आई है। घटना स्थल का निरीक्षण क्राइम टीम ने किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार इस संबंध में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हुसैनगंज में छात्र के अपहरण की अफवाह से बवाल, छात्रों ने किया प्रदर्शन

**सीवान।** हुसैनगंज बाजार स्थित मैट्रिक परीक्षा केंद्र के बाहर बुधवार की रात करीब आठ बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक परीक्षार्थी के कथित अपहरण की अफवाह फैल गई। अफवाह सुनते ही परीक्षार्थी उग्र हो गए और परीक्षा केंद्र के बाहर प्रदर्शन करने लगे। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई तथा कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की भी सूचना है। घटना एम एस हाई स्कूल के बाहर की है, जहां मैट्रिक परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। बताया जाता है कि दूसरी पाली में गणित की परीक्षा देने वाला एक छात्र परीक्षा के बाद अपने साथियों को बिना बताए कहीं चला गया और अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। शाम को जब परिजन ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल बंद मिला। इसके बाद परिजन उसकी तलाश में हुसैनगंज पहुंचे, लेकिन वहां भी उसका कोई पता नहीं चला।इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह अफवाह फैला दी कि कुछ लोग बाइक से आए और छात्र को अगवा कर ले गए। यह बात फैलते ही परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद छात्रों में आक्रोश फैल गया। उग्र छात्रों ने बाजार में प्रदर्शन शुरू कर दिया और कुछ दुकानों में तोड़फोड़ भी की। सूचना ही हुसैनगंज थाने के पुलिस अधिकारियों और छात्रों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। बाद में पुलिस ने कथित लापता छात्र को जीबी नगर थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया।पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा ने बताया कि छात्र सुरक्षित हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गणित का पेपर अच्छा नहीं होने के कारण वह कहीं चला गया था।पुलिस बाजार में हुई तोड़फोड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र के बाजार स्थित जिक्छों पोखर के पास गुरुवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपू में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों में काली प्रसाद, मो. आजीम के पुत्र मो. शाहिद की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाहिद के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। जिससे उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। मुखिया पुत्र गौरव साह, पंचायत समिति प्रतिनिधि विजय साह और समाजसेवी रंजीत पासवान सहित कई लोगों ने राहत कार्य में अहम भूमिका निभाई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने शाहिद की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मायागंज रेफर कर दिया है। वही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने स्टॉलों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

## 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान में मुख्यमंत्री धामी शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विकास खंड परिसर चिन्यालीसौड़ में आयोजित 'जन-जन की सरकार,जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक 600 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जबकि 40 हजार से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक न जाना पड़े, इसी उद्देश्य से गांव-गांव शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेली सेवा का विस्तार किया जा रहा है। चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टी से हेली सेवा शुरू की जाएगी। दोनों हवाई पट्टियों का संचालन सेना के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है, जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा के सफल संचालन में स्थानीय हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। महिला सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की ओर से उत्पादित उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक दो लाख से अधिक 'लखपति दीदियों' को सशक्त किया गया है। स्थानीय मांग पर सीएचसी चिन्यालीसौड़ और महाविद्यालय के उच्चीकरण को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने का आश्वासन दिया गया। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि अभियान के तहत संयुक्त टीमें गठित कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और शेष मामलों का ऑनलाइन पंजीकरण कर नियमित फॉलोअप किया जाएगा।

# बगहा विधायक ने सदन में की छोटकीपट्टी-परसा देऊरवा-कपरधीका सड़क चौड़ीकरण की मांग

पश्चिम चम्पारण(बगहा)। बिहार में विधानमंडल का बजट सत्र चल रहा है। बगहा विधायक राम सिंह ने विधानसभा में क्षेत्र की जर्जर सड़कों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया । उन्होंने छोटकीपट्टी से परसा देऊरवा नड्डा होते हुए कपरधीका तक जाने वाली सड़क कू चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की मांग करते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करायी। विधायक ने सदन में कहा कि उक्त सड़क काफी संकरी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।सड़क की हालत भी जर्जर हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ती है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है,उन्होंने कहा कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क पथ है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, मरीजों तथा किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क संकरी होने के कारण बड़े वाहनों का परिचालन भी जोखिम भरा हो जाता है।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063